Email ID : pmcpd2020@gmail.com, pmcpd2003@gmail.com

सफलतम 273वाँ अंक

# अन्तर्राष्ट्रीय क्रॉनोलोजी

वर्ष : 23 अंक : 9 अप्रैल, 2023




भारत में प्रकाशित समाचार-पत्र 'द इंडियन एक्सप्रेस' ने वर्ष 2023 के लिए देश के 100 सबसे ज्यादा प्रभावशाली लोगों की सूची जारी की है। इस सूची में पहले स्थान पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नाम है। वहीं इस सूची में दूसरा स्थान गृहमंत्री अमित शाह का है।

वर्ष 2023 की इस सूची में विदेश मंत्री एस. जयशंकर को तीसरा, मुख्य न्यायाधीश डी.वाई चंद्रचूड़ को चौथा तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पाँचवाँ स्थान मिला है।

सूची में 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ' (RSS) के सरसंघचालक मोहन भागवत को छठे स्थान पर रखा गया है, जबकि 7वें स्थान पर 'भाजपा' के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, 8वें स्थान पर केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण, 9वें स्थान पर 'रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड' के सीएमडी मुकेश अम्बानी तथा 10वें स्थान पर राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल हैं।

## आपके इस अंक में


| | |
|---|---|
| मासिक घटनाओं का सार संग्रह : स्मरणीय तथ्य | 5 |
| अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य (वन-लाइनर सहित) | 6 |
| राष्ट्रीय परिदृश्य (वन-लाइनर सहित) | 11 |
| अन्तरिक्ष एवं रक्षा प्रौद्योगिकी | 16 |
| आर्थिक परिदृश्य (वन-लाइनर सहित) | 17 |
| प्रादेशिक परिदृश्य (वन-लाइनर सहित) | 19 |
| पुरस्कार एवं सम्मान (वन-लाइनर सहित) | 29 |
| खेल परिदृश्य (वन-लाइनर सहित) | 33 |
| अद्यतन सामान्य ज्ञान (वन-लाइनर सहित) | 38 |
| सम-सामयिक घटनाओं पर आधारित : नवीनतम वस्तुनिष्ठ प्रश्न | 50 |


राजस्थान में कौन, क्या है? के लिए *Scan* करें

भारत में कौन, क्या है? के लिए *Scan* करें


| | | | |
|---|---|---|---|
| सम्पादक<br>**एल.सी. गुप्ता** | **सम्पादकीय कार्यालय**<br>पीएमसी पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स<br>गंगा मन्दिर, भरतपुर (राज.)<br>Mob. 8104919720 | **इस अंक का मूल्य** : 20/-<br>**वार्षिक सदस्यता शुल्क** : 240/-<br>**सदस्यता शुल्क** : पत्रिका के सदस्यता शुल्क हेतु (केवल) इलेक्ट्रॉनिक मनीऑर्डर या इंस्टेंट मनीऑर्डर या पेटीएम द्वारा 'अन्तर्राष्ट्रीय क्रॉनोलोजी' (Antarrashtriya Chronology) के नाम **'पीएमसी पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, गंगा मन्दिर, भरतपुर (राज.) 321001'** के पते पर भेजें। | स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक एल. सी. गुप्ता के लिए विकास ऑफ़सेट, एफ-74, हीरावाला इण्डस्ट्रीज एरिया, कानोता, जयपुर से मुद्रित तथा पीएमसी पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, गंगा मन्दिर से प्रकाशित।<br>**सम्पादक : एल.सी. गुप्ता** |


अन्तर्राष्ट्रीय क्रॉनोलोजी में प्रकाशित किसी भी सामग्री अथवा चित्र के लिए सम्पादक की सहमति होना आवश्यक नहीं है। इस पत्रिका में प्रकाशित सूचनाएँ, समाचार, ज्ञान एवं तथ्य पूरी तरह से सत्यापित किए गए हैं। यदि कोई जानकारी या तथ्य गलत प्रकाशित हो गया है तो प्रकाशक, सम्पादक या मुद्रक, उससे किसी व्यक्ति-विशेष को पहुँची क्षति के लिए जिम्मेदार नहीं है।

# स्व चिंतन ...

**इदमद्य करिष्यामि श्वः कर्तास्मि इति वादिनम् ।**

**कालो हरति संप्राप्तो नदीवेग इव द्रुमम् ॥**

(जैसे नदी का वेग पेड़ को बहा ले जाता है, वैसे ही आ पहुँचा काल, आज यह करूँगा, कल वह करूँगा ऐसा बोलने वाले को साथ ले जाता है।)

इस श्लोक का मर्म यह है कि ऐसे व्यक्ति जो सुखमय जीवन जीने की इच्छा तो रखते हैं, किन्तु अपने कामों को बाद के लिए टालते रहते हैं, उनके जीवन में असफलताओं और कष्ट के अलावा अन्य कुछ शेष नहीं रह जाता है। इस तथ्य को नीचे दी गई कहानी से भी समझा जा सकता है।

प्राचीनकाल के एक गुरुकुल में अनेक शिष्य विद्वान गुरु के सानिध्य में शिक्षा प्राप्त कर रहे थे। उनमें से एक छात्र बहुत आलसी था। उसे समय व्यर्थ गँवाने और आज का काम कल पर टालने की बुरी आदत थी। गुरू ने उस शिष्य को समय का महत्व समझाने की एक युक्ति अपनाई। एक दिन संध्याकाल में उन्होंने उस आलसी छात्र को अपने पास बुलाया और उसे एक पारस पत्थर देते हुए कहा कि मैं दो दिन के लिए अपने एक मित्र के घर जा रहा हूँ। मैं तुमसे बहुत प्रसन्न हूँ, इसलिए दो दिनों के लिए यह पारस पत्थर तुम्हें दे रहा हूँ। जब वापस आऊँगा, तब तुमसे इसे ले लूँगा। उसके पहले जितना चाहो, उतना सोना बना लो। वह शिष्य पारस पत्थर पाकर अत्यंत प्रसन्न हुआ। उसने सोचा कि इससे मैं इतना सोना बना लूंगा कि मुझे जीवन भर काम करने की आवश्यकता नहीं रहेगी । उसके पास दो दिन थे, इसलिए उसने सोचा कि अभी तो पूरे दो दिन शेष हैं, आज तो आराम करता हूँ, अगला पूरा दिन सोना बनाता रहूँगा। जब दूसरा दिन आया, तो उसने सोचा कि आज बाजार जाकर ढेर सारा लोहा ले आऊँगा और पारस पत्थर से छूकर उसे सोना बना दूँगा। इस काम में अधिक समय तो लगेगा नहीं, इसलिए पहले भरपेट भोजन करता हूँ, फिर सोना बनाने में जुट जाऊँगा। भरपेट भोजन करते ही उसे नींद आने लगी तो उसने सोचा कि अभी मेरे पास शाम तक का समय है कुछ देर सो लेता हूँ जागने के बाद सोना बनाने का काम कर लूँगा और वह गहरी नींद में सो गया। जब उसकी नींद खुली तो सूर्यास्त हो चुका था और दो दिन का समय भी पूरा हो चुका था। गुरुदेव आश्रम लौट आऐ थे। गुरु ने उससे कहा, पुत्र! सूर्यास्त के साथ ही दो दिन पूरे हो चुके हैं। तुम मुझे वह पारस पत्थर वापस कर दो। शिष्य अब क्या करता (‘अब पछताए होत क्या जब चिड़िया चुग गईं खेत’)? आलस के कारण उसने अमूल्य समय व्यर्थ गँवा दिया था और साथ ही धन कमाने का एक सुअवसर भी।

यह मात्र एक कहानी नहीं है बल्कि हममें से अधिकांश लोगों के जीवन का कटु सत्य है। काम को आगे के लिए टालने की अपनी बुरी आदत के कारण हमें अनेक बार कष्ट भी उठाने पड़ते हैं, हमें इसकी जानकारी भी है किन्तु अपनी इस आदत को हम छोड़ नहीं पाते। विचार कीजिए कि यदि एक किसान अपने खेत में निश्चित समय पर बीज नहीं बोता है तो क्या वह एक अच्छी फसल की आशा कर सकता है, एक विद्यार्थी जिसकी पढ़ाई में निरन्तरता नहीं है, वह समयानुसार अध्ययन नहीं करता है और जब परीक्षा आती है तब पढ़ाई करने बैठता है, तो क्या उसे अच्छे अंक प्राप्त हो सकते हैं? कहने का आशय यह है कि हर काम का अपना एक समय नियत होता है, उसके निकल जाने के बाद उस काम के लिए किया गया परिश्रम यथेष्ट फलदायी नहीं होता है। इस प्रकार के अनुत्पादक श्रम के लिए तुलसीदास ने रामचरित मानस में कहा है कि-

**‘का बर्षा जब कृषि सुखाने, समय चूकि पुनि का पछताने।’**

एक बात हमें स्वीकार करनी होगी कि यह जो जीवन हमें मिला है उसका समय निश्चित है और अपने उद्देश्यों की पूर्ति इस सीमित समय में ही करनी है, इसलिए हममें से किसी को भी समय को व्यर्थ गँवाने का कोई अधिकार नहीं है। समय व्यक्ति के पास उसकी सबसे अनमोल निधि है। ‘चार्ल्स डार्विन’ के शब्दों में कहें तो ‘एक व्यक्ति जिसने एक घंटे का समय बर्बाद करने की हिम्मत की, उसने जीवन का मूल्य नहीं खोजा’। अंग्रेजी साहित्य में भी समय के महत्व को रेखांकित करने वाली एक कहावत है– 'Time is Money'। विश्व में जितने भी महान् व्यक्ति हुए, उन्होंने समय को महत्व दिया है। हम जानते हैं कि महात्मा गांधी समय के अत्यधिक पाबंद थे, इसी प्रकार थॉमस एल्वा एडीसन कहा करते थे कि ‘समय वास्तव में एकमात्र पूँजी है जो किसी भी इंसान के पास है, और केवल एक चीज जिसे वह खोना बर्दाश्त नहीं कर सकता है।’

निष्कर्ष यह है कि यदि आप अपने जीवन में सफल होना चाहते हैं, तो अपने आलस्य और समय का दुरुपयोग करने की अपनी आदत पर विजय पाएँ। अपने दिन के पूरे 24 घंटे का सदुपयोग करें, आप महसूस करेंगे कि किस प्रकार बहुत से सुखद बदलाव आपके जीवन को मनोरम बनाते हैं।

**न ही कश्चित विजानाति किं कस्य श्वो भविष्यति।**

**अतः श्वः करणीयानि कुर्यादद्यैव बुद्धिमान॥**

(किसी को नहीं पता कि कल क्या होगा इसलिए जो भी कार्य करना है आज ही कर लें, यही बुद्धिमान व्यक्ति की पहचान है।)

# मासिक घटनाओं का सार-संग्रह

- एएसडब्ल्यू शालो वाटर क्राफ्ट (एसडब्ल्यूसी) परियोजना का कौनसा एंटी-सबमरीन क्राफ्ट 21 मार्च, 2023 को कोलकाता में लॉन्च किया गया? **आईएनएस एंड्रोथ**
- जम्मू-कश्मीर की वह महिला वन्यकर्मी, जिन्हें हाल ही में वन्यजीव संरक्षण पुरस्कार से सम्मानित किया गया है? **आलिया मीर**
- इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, जिन्होंने 29 मार्च, 2023 को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की तौर पर शपथ ग्रहण की है? **जस्टिस रमेश सिन्हा**
- हाल ही में भारत की कांगड़ा चाय को यूरोपीय संघ (ईयू) का जीआई टैग दिया गया है। भारत में इसे जीआई टैग कब मिला था? **2005 में**
- शाकिब अल हसन का सम्बन्ध किस देश से है, जिन्होंने हाल ही टी-20 क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट (136) की उपलब्धि हासिल की है? **बांग्लादेश**
- भोपाल में 20-27 मार्च, 2023 को आयोजित आईएसएसएफ निशानेबाजी वर्ल्ड कप-2023 में भारत के लिए एकमात्र स्वर्ण पदक किस खिलाड़ी ने जीता? **सरबजोत सिंह (10 मी. एयर पिस्टल)**
- एशिया का सबसे बड़ा 'इंटरनेशनल लिक्विड मिरर टेलिस्कोप' कहाँ स्थापित किया गया है? **नैनीताल, उत्तराखण्ड**
- पाकिस्तान मूल के किस राजनीतिज्ञ को स्काटलैण्ड के प्रथम मंत्री के रूप में 28 मार्च, 2023 को चुना गया है? **हमजा युसूफ**
- अर्जेंटीना के किस गणितज्ञ को वर्ष 2023 के 'एबेल पुरस्कार' के लिए चुने जाने की घोषणा 23 मार्च, 2023 को की गई? **लुइस ए. कैफरेली**
- करनाल (हरियाणा) में वैज्ञानिकों के प्रयोग से देश में पहली बार जन्मी गिर नस्ल की क्लोन बछड़ी को क्या नाम दिया गया है? **गंगा**
- बहुराष्ट्रीय एंटी-सबमरीन वारफेयर अभ्यास 'सी-ड्रैगन 2023' का आयोजन 14-30 मार्च, 2023 को कहाँ किया गया? **ग्वान (अमेरिका)**
- 'वी डेम' द्वारा मार्च 2023 में जारी 'लोकतंत्र रिपोर्ट 2023' के 'लिबरल डेमोक्रेसी इंडेक्स' में भारत कौनसे स्थान पर रहा? **97वें**
- वर्ष 2022 के लिए 'हॉकी इंडिया मेजर ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' 17 मार्च, 2023 को किसे प्रदान किया गया है? **गुरबख्श सिंह**
- केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा जेईई मेंस सहित देश की अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कौनसा प्लेटफॉर्म मार्च 2023 में लॉन्च किया गया? **साथी (SATHEE)**
- नई दिल्ली में 15-26 मार्च, 2023 को आयोजित 'आईबीए वुमेंस वर्ल्ड बॉक्सिंग चैम्पियनशिप 2023' में शीर्ष स्थान पाने वाले भारत ने प्रतियोगिता में कुल कितने स्वर्ण पदक जीते? **चार**
- '(95वें) ऑस्कर पुरस्कार 2023' में किस फिल्म को सर्वाधिक सात पुरस्कार 12 मार्च, 2023 को प्रदान किए गए हैं? **एवरीथिंग एवरीह्वेअर ऑल एट वन्स**
- ऑस्कर पुरस्कार-2023 में 'नाटु-नाटु' को सर्वश्रेष्ठ ऑरिजनल सॉन्ग के लिए पुरस्कृत किया गया है। भारत की किस लघु फिल्म ने बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट फिल्म श्रेणी में ऑस्कर अवॉर्ड जीता है? **द एलीफेंट व्हिस्पर्स**
- इसरो ने वनवेब कम्पनी के 36 सैटेलाइट्स को अपने किस रॉकेट के माध्यम से 26 मार्च, 2023 को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया? **एलवीएम-3**
- अमेरिका के ग्रैंड कैनियन को पार करने वाले सबसे अधिक उम्र के व्यक्ति गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड बनाने वाले जॉन जेपकेमा ने किस आयु में यह रिकॉर्ड बनाया है? **91 वर्ष 152 दिन**
- के.के. बिड़ला फाउंडेशन ने किस तमिल लेखिका को वर्ष 2022 का (32वाँ) सरस्वती सम्मान प्रदान किए जाने की घोषणा मार्च 2023 में की है? **सिवाशंकरी (सूर्यवंशम् के लिए)**
- टोक्यो ओलम्पिक खेलों की रजत पदक विजेता किस भारतीय भारोत्तोलक को 'बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्स वुमन ऑफ द ईयर-2022' से मार्च 2023 में सम्मानित किया गया है? **मीराबाई चानू**
- 'The Indian Metropolis : Deconstructing India's Urban Space' के लेखक कौन हैं? **फिरोज वरुण गांधी**
- बहुपक्षीय अभ्यास 'ला पेरोस' के किस संस्करण का आयोजन हिन्द महासागर जल क्षेत्र में 13-14 मार्च, 2023 को किया गया? **तीसरे संस्करण**
- भारत और सिंगापुर की सेनाओं के मध्य द्विपक्षीय कवच प्रशिक्षण अभ्यास 'बोल्ड कुरुक्षेत्र' का 13वाँ संस्करण 6-13 मार्च, 2023 को कहाँ आयोजित किया गया? **जोधपुर**
- इंटरनेशनल इकोनॉमिक रिसर्च जर्नल सेंट्रल बैंकिंग द्वारा किसे 'गवर्नर ऑफ द ईयर-2023' अवॉर्ड से 15 मार्च, 2023 को सम्मानित किया गया है? **शक्तिकांत दास**
- रश्मि शुक्ला को देश के किस सशस्त्र बल की दूसरी महिला महानिदेशक मार्च 2023 में नियुक्त किया गया है? **सीमा सशस्त्र बल**
- 'अन्तर्राष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस' प्रतिवर्ष 20 मार्च को मनाया जाता है। वर्ष 2023 के लिए इस दिवस की थीम क्या है? **सावधान रहो, आभारी रहो, दयालु बनो**
- भारतीय वायुसेना की वह ग्रुप कैप्टन, जो पश्चिमी सेक्टर में अग्रिम लड़ाकू इकाई की पहली महिला कमांडर नियुक्त की गई हैं- **शालिजा धामी**
- 5वें आसियान-भारत व्यापार शिखर सम्मेलन का आयोजन 6 मार्च, 2023 को कहाँ किया गया? **कुआलालम्पुर**
- भारत की मेजबानी में आयोजित चार टेस्ट मैचों की 'बॉर्डर-गावस्कर ट्राफी 2023' को भारत ने किस अंतर से जीता है? **2-1**



# अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य

- लोकतंत्र रिपोर्ट-2023
- अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के मध्य परमाणु पनडुब्बियों के लिए समझौता
- भारत-बांग्लादेश मैत्री पाइपलाइन का उद्घाटन
- बांग्लादेश के पहले नौसैनिक पनडुब्बी अड्डे का शुभारम्भ
- विश्व प्रसन्नता रिपोर्ट-2023
- जापान के प्रधानमंत्री की भारत यात्रा
- हुरून ग्लोबल रिच लिस्ट-2023
- संयुक्त राष्ट्र ने उच्च समुद्र संधि पर हस्ताक्षर किए
- ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री अल्बानीज की भारत यात्रा
- माइकल जॉर्डन : सर्वाधिक कमाई करने वाले एथलीट

## लोकतंत्र रिपोर्ट-2023

- **शीर्षक** : लोकतंत्र रिपोर्ट-2023 : निरंकुशता के चेहरे में चुनौती (Democracy Report 2023 : Defiance in the Face of Autocratization)।
- **जारी करने वाला संस्थान** : वी-डेम (V-dem); वेराइटीज ऑफ डेमोक्रेसी
- **जारी करने की तिथि** : मार्च 2023
- **शीर्षस्थ राष्ट्र** : डेनमार्क
- **निम्नतम स्थान** : उत्तर कोरिया

- स्वीडन की गोथेनबर्ग विश्वविद्यालय की संस्था वी-डेम द्वारा वर्ष 2023 के लिए जारी इस लोकतंत्र रिपोर्ट में कहा गया है कि विश्व के मात्र 13% लोग उदार लोकतंत्र में रह रहे हैं, जबकि विश्व की 72% (570 करोड़) जनसंख्या कम उदारवादी देशों में रह रही है।
- चीन जैसे गैर-उदारवादी देशों में लगभग 28% लोग रहते हैं।

**वी-डेम द्वारा तैयार सूचकांक में शीर्षस्थ 5 राष्ट्र और भारत**

| लिबरल डेमोक्रेसी इंडेक्स (LDI) | | | इलेक्टोरल डेमोक्रेसी इंडेक्स (EDI) | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रैंक | राष्ट्र | स्कोर | रैंक | राष्ट्र | स्कोर |
| 1 | डेनमार्क | 0.89 | 1 | डेनमार्क | 0.92 |
| 2 | स्वीडन | 0.87 | 2 | स्विट्जरलैण्ड | 0.9 |
| 3 | नॉर्वे | 0.86 | 3 | स्वीडन | 0.9 |
| 4 | स्विट्जरलैण्ड | 0.85 | 4 | नॉर्वे | 0.9 |
| 5 | एस्टोनिया | 0.85 | 5 | एस्टोनिया | 0.89 |
| **97** | **भारत** | **0.31** | **108** | **भारत** | **0.4** |

### रिपोर्ट में भारत

- वी-डेमोक्रेसी रिपोर्ट 2023 के इलेक्टोरल डेमोक्रेसी इंडेक्स (EDI) रिपोर्ट में भारत की रैंकिंग 2022 में 100वें स्थान से गिरकर इस वर्ष 108वें स्थान पर आ गई, जबकि लिबरल डेमोक्रेसी इंडेक्स (एलडीआई) में यह 93वें स्थान से 97वें स्थान पर आ गया है।
- भारत तंजानिया, बोलीविया, मैक्सिको, सिंगापुर और नाइजीरिया जैसे देशों से नीचे है।
- **एलडीआई (LDI) में भारत के पड़ोसी देश** : नेपाल (रैंक-62; स्कोर-0.5), भूटान (रैंक-74; स्कोर-0.44), श्रीलंका (रैंक-81; स्कोर-0.41), पाकिस्तान (रैंक-106; स्कोर-0.26), बांग्लादेश (रैंक-147; स्कोर-0.11), म्यांमार (रैंक-168; स्कोर-0.05) , चीन (रैंक-172; स्कोर-0.04) तथा अफगानिस्तान (रैंक-177; स्कोर-0.03)

**Know The Facts** : लिबरल डेमोक्रेसी इंडेक्स 71 संकेतकों जैसे स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव, राजनीतिक और नागरिक अधिकारों और अन्य के आधार पर लोकतंत्र के उदार और चुनावी दोनों पहलुओं की जाँच करता है।

## अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के मध्य परमाणु पनडुब्बियों के लिए समझौता

- हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के आक्रामक रवैये का मुकाबला करने के लिए अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन ने परमाणु संचालित पनडुब्बी समझौते की घोषणा की है।
- ऑकस (AUKUS) के तहत् किए गए इस समझौते की घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अमेरिका के सैन डिएगो में एक शिखर सम्मेलन के बाद 13 मार्च, 2023 को की।

### समझौते के बारे में

- समझौते के तहत् ऑस्ट्रेलिया वर्ष 2030 तक तीन अमेरिकी वर्जीनिया क्लास की परमाणु-संचालित पनडुब्बियों को खरीदेगा। वर्ष 2027 तक अमेरिका अपनी दो पनडुब्बियों को ऑस्ट्रेलिया के तटों पर तैनात करेगा।
- अमेरिका और ब्रिटेन ऑस्ट्रेलिया को परमाणु पनडुब्बी निर्माण में भी सहायता देंगे।
- इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन एक नई तरह की पनडुब्बी बनाएँगे, जिसका नाम एसएसएन-ऑकस होगा। ये दोनों देशों की नौसेना में शामिल होगी।


सरकारी नौकरी की तैयारी
अब है आपकी बारी
• नियमित कक्षायें • नियमित टेस्ट सीरिज
Mother's Education Hub ®
Your Success Chance is maximum if you are @ Mother's
0141- 2711689
ऑफ़लाइन सेंटर्स पर बैच प्रारम्भ
स्मार्ट रणनीति | समर्पित टीम | सपोर्टिव स्टाफ | गुणवत्ता पूर्ण अध्ययन सामग्री
SSC
निश्चित सफलता हेतु अभी से कड़ी मेहनत में जुटें।
FOUNDATION BATCH
अब एक फीस में Pre+ MAINS (CGL • CHSL• CPO)
MAINS
CGL• CHSL
BANK
PO/CLERK (IBPS•SBI)
दिल्ली
GD/पुलिस
कांस्टेबल
DEFENCE
FOUNDATION
BATCH STARTS
EVERY MONDAY
More Information
7300051116
NDA CDS
NAVY AIRFORCE
(X & Y GROUP)
+ SSB INTERVIEW
Mock Interview + Psychological + GD
RAJASTHAN Gopalpura (Head Office)
201, Himmat Nagar, Gopalpura Mode,
Tonk Road, Jaipur-18 | (Mob.) 7073909991
Android App on Google Play
Download Mother's Live App
LALKOTHI 9414748428
JHOTWARA 7073909992
AMBABARI 7073909996
ALWAR Jail Choraha 7073909994
ALWAR Naya Bass Circle 7300051114
www.motherseudcationhub.org

- ✓ *यह ब्रिटिश डिजाइन और अमेरिका टेक्नोलॉजी वाली पनडुब्बी होगी। इसमें न्यूक्लियर रिएक्टर, हथियार प्रणाली और वर्टिकल लॉन्च सिस्टम होगा।*

### ऑकस (AUKUS)

- 'ऑकस' ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और ब्रिटेन के बीच एक सुरक्षा समझौता है। इसके तहत् तीनों देश आपस में खुफिया जानकारी भी साझा करेंगे।

## भारत-बांग्लादेश मैत्री पाइपलाइन का उद्घाटन

- भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने संयुक्त रूप से भारत-बांग्लादेश मैत्री पाइपलाइन (India-Bangladesh Friendship Pipeline-IBFP) का वर्चुअल मोड में उद्घाटन 18 मार्च, 2023 को किया।
  - ✓ *इस पाइपलाइन के निर्माण की आधारशिला दोनों प्रधानमंत्रियों ने सितम्बर 2018 में रखी थी।*

### आईबीएफपी के बारे में

- 'आईबीएफपी' भारत और बांग्लादेश के बीच 1 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष (एमएमटीपीए) हाई-स्पीड डीजल (High-Speed Diesel-HSD) को बांग्लादेश तक परिवहन की क्षमता वाली पहली सीमा पार ऊर्जा पाइपलाइन है।
- **पाइपलाइन की लम्बाई**- इस परियोजना में 130 किमी. लम्बी पाइपलाइन का निर्माण शामिल है जो पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी और बांग्लादेश के दिनाजपुर जिले के परबतीपुर को जोड़ेगा। इसका 6 किमी. हिस्सा भारत में और शेष 124 किमी. बांग्लादेश में है।
- **परियोजना व्यय**– इसे ₹ 377 करोड़ के अनुमानित व्यय से तैयार किया गया है। इसके बांग्लादेश वाले हिस्से को लगभग ₹ 285 करोड़ की लागत से तैयार किया गया है, जिसका निर्माण व्यय भारत सरकार ने वहन किया है।
- उल्लेखनीय है कि 'नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड' वर्ष 2015 से बांग्लादेश को पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति कर रही है।

## बांग्लादेश के पहले नौसैनिक पनडुब्बी अड्डे का शुभारम्भ

- भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश ने अपना पहला पनडुब्बी बेस (submarine base) बना लिया है।
- बांग्लादेश के इस पहले पनडुब्बी बेस **'बीएनएस शेख हसीना' (BNS Sheikh Hasina)** का उद्घाटन प्रधानमंत्री शेख हसीना द्वारा 20 मार्च, 2023 को किया गया।
- चीन की मदद से बनाए गए इस सबमरीन बेस को कॉक्स बाजार के पेकुआ में स्थापित किया गया है।
- 1.21 अरब डॉलर की लागत से बने इस बेस में एक बार में कुल 6 पनडुब्बी और 8 युद्धपोतों को तैनात किया जा सकता है।
- बंगाल की खाड़ी में स्थित यह बेस आपातकाल में पनडुब्बियों की सुरक्षित और तेज आवाजाही में भी मदद करेगा।

### पृष्ठभूमि

- बांग्लादेश ने चीन से दो पनडुब्बियों को वर्ष 2017 में खरीदा था। जिनके नाम 'बीएनएस नवजात्रा' और 'बीएनएस जॉयजात्रा' रखा था।
- दोनों पनडुब्बियाँ टाइप 035जी क्लास की हैं। इनकी लम्बाई 76 मीटर और चौड़ाई 7.6 मीटर है।
- इस पनडुब्बी बेस के निर्माण के लिए बांग्लादेश सरकार ने सितम्बर 2019 में चीन के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।
- शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार अपने पिता बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान द्वारा तैयार की गई रक्षा नीति के अनुसार 'फोर्सेज गोल-2030' को लागू करने का काम कर रही है।

## विश्व प्रसन्नता रिपोर्ट-2023

- ✦ **शीर्षक** : विश्व प्रसन्नता रिपोर्ट-2023 (World Happiness Report 2023)
- ✦ **जारी करने वाला संस्थान** : संयुक्त राष्ट्र सतत् विकास समाधान नेटवर्क
- ✦ **जारी करने की तिथि** : 20 मार्च, 2023
- ✦ **शीर्ष स्थान** : फिनलैण्ड

- संयुक्त राष्ट्र सतत् विकास समाधान नेटवर्क द्वारा जारी 'वर्ल्ड हैप्पीनेस इंडेक्स' को तैयार करने के लिए छह प्रमुख कारकों- आय, स्वस्थ जीवन की अनुमानित उम्र, सामाजिक सहयोग, स्वतंत्रता, विश्वास और उदारता को शामिल किया गया।
- अन्तर्राष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस (20 मार्च) के अवसर पर जारी इस रिपोर्ट में **फिनलैण्ड** ने लगातार छठवीं बार **विश्व का सबसे खुशहाल देश का दर्जा** हासिल किया है।

**सूचकांक में शीर्ष 5 स्थान प्राप्त राष्ट्र**

| रैंक | राष्ट्र | स्कोर | रैंक | राष्ट्र | स्कोर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | फिनलैण्ड | 7.804 | 4 | इजराइल | 7.473 |
| 2 | डेनमार्क | 7.586 | 5 | नीदरलैण्ड | 7.403 |
| 3 | आइसलैण्ड | 7.530 | | | |

**सूचकांक में निम्नतम 5 स्थान प्राप्त राष्ट्र**

| रैंक | राष्ट्र | स्कोर | रैंक | राष्ट्र | स्कोर |
|---|---|---|---|---|---|
| 137 | अफगानिस्तान | 1.859 | 134 | जिम्बाब्वे | 3.204 |
| 136 | लेबनॉन | 2.392 | 133 | कांगो | 3.207 |
| 135 | सियरा लियोन | 3.138 | | | |

### सूचकांक में भारत और पड़ोसी राष्ट्रों की स्थिति

- 'वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट-2023' की रैंकिंग में भारत को 4.036 के स्कोर के साथ 126वाँ स्थान मिला है।
  - ✓ *वर्ष 2022 में भारत की रैंक 136 थी।*
- रैंकिंग में सुधार के बावजूद यह अपने पड़ोसी देशों यथा– नेपाल, चीन और बांग्लादेश आदि से पीछे है।

### सूचकांक में भारत के पड़ोसी देशों की रैंक

- चीन (64, स्कोर: 5.818), नेपाल (78, स्कोर: 5.360), पाकिस्तान (108, स्कोर: 4.555), श्रीलंका (112, स्कोर: 4.442), म्यांमार (117, स्कोर: 4.372) और बांग्लादेश (118, स्कोर: 4.282)।

## जापान के प्रधानमंत्री की भारत यात्रा

- जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा एक दिवसीय संक्षिप्त यात्रा पर 20 मार्च, 2023 को भारत आए।
- इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और किशिदा के मध्य भारत की जी-20 की अध्यक्षता और जी-7 की जापान की अध्यक्षता के लिए प्राथमिकताओं पर चर्चा के साथ ही द्विपक्षीय सम्बन्धों को बढ़ावा देने के मुद्दे पर बातचीत हुई।

### इंडो पैसिफिक पहल

- अपनी भारत यात्रा के दौरान जापानी प्रधानमंत्री ने **मुक्त और खुले इंडो पैसिफिक पहल** की घोषणा की।
- जापान की नई इंडो-पैसिफिक योजना में शांति बनाए रखना, इंडो-पैसिफिक देशों के सहयोग से नए वैश्विक मुद्दों से निपटना, विभिन्न प्लेटफार्मों के माध्यम से वैश्विक कनेक्टिविटी प्राप्त करना और खुले समुद्र और आसमान की सुरक्षा सुनिश्चित करना शामिल है।
- इस पहल के तहत् जापान ने उद्योग से लेकर आपदा की रोकथाम तक से सम्बन्धित मुद्दों पर इस क्षेत्र की अर्थव्यवस्थाओं की मदद के लिए 75 अरब डॉलर के निवेश का वायदा किया।
- नए इंडो-पैसिफिक प्लान का मुख्य उद्देश्य पूरे क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव और विस्तारवादी रुख को संतुलित करना है।
  - ✓ *मुक्त और खुले इंडो पैसिफिक की इस नीति में जापान उन देशों को भी शामिल कर रहा है जो क्षेत्र में चीन की आक्रामकता से परेशान हैं।*
- उल्लेखनीय है कि भारत और जापान वर्ष 2023 को **टूरिज्म एक्सचेंज वर्ष** के रूप में मना रहे हैं। इसके लिए दोनों देशों ने 'Connecting Himalayas with Mount Fuji' नाम की थीम को चुना है।
- **समझौते**- जापानी प्रधानमंत्री की इस यात्रा के दौरान दोनों के मध्य निम्न समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।
  - ✓ *इनमें पहला जापानी भाषा में एमओसी (सहयोग ज्ञापन) के नवीनीकरण से सम्बन्धित है, जिसका उद्देश्य अनिवार्य रूप से उच्च-स्तर की भाषा सीखने पर ध्यान केन्द्रित करना है।*
  - ✓ *दूसरा समझौता मुम्बई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेलवे परियोजना से सम्बन्धित है।*

## संयुक्त राष्ट्र ने उच्च समुद्र संधि पर हस्ताक्षर किए

- पर्यावरणीय चिंता पर एक दशक की बातचीत के बाद संयुक्त राष्ट्र (यूएन) ने दुनिया के महासागरों की रक्षा के लिए पहली 'उच्च समुद्र संधि' (High Seas Treaty) पर 4 मार्च, 2023 को हस्ताक्षर किए हैं।
- यह संधि उन महासागरों के लिए है जो राष्ट्रीय सीमाओं के बाहर स्थित हैं और दुनिया के महासागरों का लगभग दो-तिहाई हिस्सा बनाते हैं।

### संधि के बारे में

- संयुक्त राष्ट्र उच्च सागर संधि अब दुनिया के महासागरों के 30% को संरक्षित डोमेन में लाती है।
- संधि के तहत् समुद्री संरक्षण में अधिक धन लगाया जाएगा और समुद्र में खनन के लिए नए नियम निर्धारित किए जाएंगे।
  - ✓ *इससे पहले लगभग 1% महासागरीय क्षेत्र ही संरक्षित उच्च समुद्र के रूप में जाना जाता था।*
- संधि का उद्देश्य गहरे समुद्र के खनन जैसे संभावित प्रभावों से रक्षा करना है।
- समुद्री जीवन के संरक्षण का प्रबंधन करने और उच्च समुद्रों में समुद्री संरक्षित क्षेत्रों की स्थापना के लिए एक नया निकाय बनाया जाएगा।

**न्यूज फैक्ट**

➢ महासागर संरक्षण पर अंतिम अन्तर्राष्ट्रीय समझौते 'UN Convention on the Law of the Sea' पर वर्ष 1982 में हस्ताक्षर किए गए थे।

## ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री अल्बानीज की भारत यात्रा

- ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीज (Anthony Albanese) अपनी चार दिवसीय राजकीय यात्रा पर 8-11 मार्च, 2023 को भारत में रहे।
- यह वर्ष 2017 के बाद किसी ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री की पहली भारत यात्रा थी।

### आस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री की प्रमुख घोषणाएँ

- ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने इस यात्रा के दौरान घोषणा की कि उनके देश और भारत सरकार ने 'ऑस्ट्रेलिया-भारत शिक्षा योग्यता मान्यता मैकेनिज्म' को अंतिम रूप दे दिया है।
  - ✓ *इसके तहत् भारत की डिग्री ऑस्ट्रेलिया में और वहाँ की डिग्री भारत में मान्य होगी।*
- भारतीय छात्रों के लिए चार साल तक ऑस्ट्रेलिया में अध्ययन करने के लिए नई छात्रवृत्ति पेशकश- मैत्री छात्रवृत्ति की घोषणा।
- गांधीनगर (गुजरात) के गिफ्ट सिटी में ऑस्ट्रेलिया के डीकिन विश्वविद्यालय के एक अन्तर्राष्ट्रीय शाखा परिसर स्थापित करने की घोषणा।
  - ✓ *डीकिन विश्वविद्यालय भारत में अपना कैम्पस स्थापित करने वाला पहला विदेशी विश्वविद्यालय होगा।*
- उन्होंने नवम्बर 2022 में भारत और ऑस्ट्रेलिया के मध्य हुए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट्स को ऑस्ट्रेलियाई संसद से मंजूरी प्राप्त होने की जानकारी भी दी ।
- **विशेष**- अल्बानीज ने भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ गुजरात के अहमदाबाद स्थित नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का चौथा क्रिकेट टेस्ट मैच भी देखा।

## संयुक्त राष्ट्र की एलडीसी सूची से बाहर होगा भूटान

- विश्व के सबसे गरीब देशों में गिना जाने वाला हिमालय अंचल में बसा दक्षिण एशिया का लैंडलॉक्ड देश भूटान 13 दिसम्बर, 2023 को संयुक्त राष्ट्र के सबसे कम विकसित देशों (Least Developed Countries –LDC) की सूची से हटा दिया जाएगा। इसके साथ ही वह सूची से ग्रेजुएट होने वाला सातवाँ देश बन जाएगा।

**शेष पृष्ठ 18 पर ..........................................................**

- अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने श्रीलंका के लिए कितनी राशि की विस्तारित निधि सुविधा (Extended Fund Facility–EFF)/ बेलआउट पैकेज को 20 मार्च, 2023 को मंजूरी दी है? **$3 बिलियन**
- नेपाल के मधेस क्षेत्र के किस नेता को देश का तीसरा उपराष्ट्रपति 17 मार्च, 2023 को चुना गया? **रामसहाय यादव**
- अन्तर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) ने किस देश के राष्ट्रपति के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट मार्च 2023 में जारी किया है? **व्लादिमीर पुतिन (राष्ट्रपति, रूस)**
- कौनसा यूरोपीय देश $CO_2$ को आयात करने और इसे समुद्र के नीचे स्टोर करने वाला पहला देश बन गया है? **डेनमार्क**
- किस देश ने औपचारिक रूप से 'मैकमोहन रेखा' को भारत के अरुणाचल प्रदेश और चीन के बीच अन्तर्राष्ट्रीय सीमा के रूप में मान्यता दी है और चीन के इस दावे को खारिज कर दिया कि अरुणाचल प्रदेश चीन के क्षेत्र में आता है? **अमेरिका**
- विश्व के सबसे सक्रिय ज्वालामुखियों में शामिल 'माउंट मेरापी ज्वालामुखी' कहाँ स्थित है, जिसमें 11 मार्च, 2023 को विस्फोट हुआ? **जावा, इंडोनेशिया**
- नेपाल के वर्ष 2008 में गणतंत्र बनने के बाद हुए तीसरे राष्ट्रपति चुनाव में विजयी किस वरिष्ठ नेता ने देश के नए राष्ट्रपति का पद्भार 13 मार्च, 2023 को ग्रहण किया? **राम चन्द्र पौडेल**
- इंडोनेशिया तेजी से समुद्र में समा रही अपनी राजधानी जकार्ता को कहाँ पर स्थानांतरित करने की योजना बना रहा है? **बोर्नियो**
- चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को कौनसे कार्यकाल के लिए आधिकारिक तौर पर चीन का अगला राष्ट्रपति 10 मार्च, 2023 को चुना गया, जिसके साथ ही उन्होंने माओ-त्से तुंग की बराबरी कर ली है? **तीसरे कार्यकाल**
- कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी ने किसे देश का नया प्रधानमंत्री 7 मार्च, 2023 को नियुक्त किया है? **शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल-थानी**
- प्रसिद्ध मानवाधिकार कार्यकर्ता और वर्ष 2022 के नोबेल शांति पुरस्कार विजेता जिन्हें बेलारूस की स्थानीय अदालत ने 10 वर्ष कैद की सजा 3 मार्च, 2023 को सुनाई है? **एलेस बियालियात्स्की**
- वियतनाम समाजवादी गणराज्य की नेशनल असेम्बली ने किसे वर्ष 2026 तक के लिए देश के नए राष्ट्रपति के रूप में चुना है? **वो वान थुओंग**
- नाइजीरिया में सम्पन्न राष्ट्रपति चुनाव में कौन देश के नए राष्ट्रपति 1 मार्च, 2023 को निर्वाचित हुए हैं? **बोला अहमद टीनूबू**
- ब्रिटेन और यूरोपीय यूनियन ने ब्रेक्जिट के बाद से चली आ रही 'नॉर्दर्न आयरलैण्ड प्रोटोकॉल' से जुड़ी शिकायतों को दूर करते हुए एक नया समझौता तैयार किया है। इसे क्या नाम दिया गया है? **विंडसर फ्रेमवर्क**
- किस देश में हाल ही में 30 वर्ष में पहली बार पोलियो के मामले दर्ज किए गए हैं? **बुरुंडी**
- किस देश के सामाजिक विकास मंत्रालय द्वारा 'लव बेटर कैम्पेन' प्रोग्राम लॉन्च किया गया है, जो विश्व में अपनी तरह का पहला कार्यक्रम है? **न्यूजीलैण्ड**
- किस यूरोपीय देश को सरकार द्वारा लाए गए सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने (62 से बढ़ाकर 64 वर्ष करने) वाले कानून के विरोध में जनता के विरोध प्रदर्शन का सामना करना पड़ रहा है? **फ्रांस**
- यूनाइटेड किंगडम में वर्ष 2021 के नवीनतम आँकड़ों के अनुसार 68% ब्रिटिश मूल के लोगों के पास अपना घर है। यहाँ भारतीय मूल के कितने लोगों के पास अपना घर है? **71 प्रतिशत लोगों के पास**
- किस अमेरिकी रिसर्च फर्म ने एडवांस्ड टेक्निकल राइटिंग में सक्षम 'चैटजीपीटी-4' मार्च 2023 में लॉन्च किया है, जो इमेज और टेक्स्ट दोनों को आसानी से समझ सकता है? **ओपनएआई**
- अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने किन दो भारतवंशियों को व्यापार नीति और वार्ता के लिए 14 सदस्यीय सलाहकार समिति में नामित किया है? **रेवती अद्वैती और मनीष बापना**
- अमेरिका में वैज्ञानिक रिसर्च और इनोवेशन के लिए दिए जाने वाले 'स्लोन फेलोशिप' में कितने भारतवंशी अमेरिकी वैज्ञानिकों को चुना गया है? **13**
- चीन ने वर्ष 2023 के लिए 1550 अरब युआन का रक्षा बजट देश की नेशनल पीपुल्स कांग्रेस में 5 मार्च, 2023 को पेश किया। चीन ने अपने रक्षा बजट में कितने प्रतिशत की वृद्धि की है? **7.2 प्रतिशत**
- अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने देश की 25 सदस्यीय निर्यात परिषद् में किन दो भारतीय-अमेरिकियों को सदस्य नियुक्त किया है? **पुनीत रंजन और राजेश सुब्रमण्यम**
- ईरान में पहली बार किस स्थान पर लिथियम का विशाल भंडार (8.5 मिलियन टन) मिलने की पुष्टि की गई है? **हमीदान शहर**



# राष्ट्रीय परिदृश्य

- टाइम मैगजीन की महानतम स्थानों की सूची में भारत के दो स्थान शामिल
- भारत में महिला एवं पुरुष, वर्ष 2022 रिपोर्ट जारी
- भारत दुनिया का 8वाँ सबसे प्रदूषित देश : आईक्यूएयर रिपोर्ट
- संयुक्त राष्ट्र विश्व जल विकास रिपोर्ट-2023
- तीन पूर्वोत्तर राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन विजयी
- चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए बनेगा स्वतंत्र पैनल
- संयुक्त सेना कमाण्डर की शक्तियाँ बढ़ाने के लिए अंतर सेवा संगठन विधेयक-2023 लोकसभा में पेश
- कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता समाप्त

## टाइम मैगजीन की महानतम स्थानों की सूची में भारत के दो स्थान शामिल

- प्रसिद्ध अमेरिकी पत्रिका 'टाइम' द्वारा वर्ष 2023 के लिए विश्व के 50 महानतम स्थानों (World's Greatest Places of 2023) की सूची मार्च 2023 में जारी की गई।
- इस सूची में भारत के दो स्थानों– लद्दाख और मयूरभंज (ओडिशा) को भी शामिल किया गया है।
- लद्दाख और मयूरभंज को उनके लुप्तप्रायः बाघों और ऐतिहासिक मंदिरों के साथ उनके शानदार व्यंजनों के लिए इस सूची में स्थान दिया गया है।

### चयनित स्थलों की विशेषताएँ

- लद्दाख अपने आश्चर्यजनक अल्पाइन परिदृश्य (Alpine landscapes) और तिब्बती बौद्ध संस्कृति के कारण लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती है।
- वर्ष 2023 में भारत ने लद्दाख की राजधानी लेह से लगभग 168 मील दक्षिण-पूर्व में हनले गाँव में देश का पहला **'डार्क स्काई रिजर्व' (Dark Sky Reserve)** नामित किया है।
  - ✓ *414 वर्ग मील में फैला यह रिजर्व **'चांगथांग वन्यजीव अभयारण्य'** (Changthang Wildlife Sanctuary) के अधिकांश हिस्से को घेरता है।*
- मयूरभंज अत्यधिक दुर्लभ **काले बाघ (black tiger)** को देखने के लिए पृथ्वी पर एकमात्र स्थान है। यहाँ प्रसिद्ध **'सिमिलीपाल राष्ट्रीय उद्यान'** भी है।
  - ✓ *यह एशियाई हाथियों और बंगाल बाघों सहित 40 से अधिक स्तनधारियों का घर है।*
- यहाँ **मयूरभंज छाऊ** (Mayurbhanj Chhau) का आनंद लिया जा सकता है, जो यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची (UNESCO's Intangible Cultural Heritage list) में शामिल एक मनोरम नृत्य उत्सव है।
- **सूची में शामिल अन्य प्रमुख स्थान** : टैम्पा (फ्लोरिडा); योसेमाइट नेशनल पार्क (कैलिफोर्निया); वैंकूवर (कनाडा); सिल्ट (जर्मनी); अकाबा (जॉर्डन); कंगारू आइलैण्ड (ऑस्ट्रेलिया); तोरेस डेल पाइने नेशनल पार्क (चिली); वियना (ऑस्ट्रिया); येरूसलम (इजराइल) आदि।

## भारत में महिला एवं पुरुष, वर्ष 2022 रिपोर्ट जारी

- ✦ **रिपोर्ट का शीर्षक** :भारत में महिला एवं पुरुष 2022 (Women and Men in India 2022)
- ✦ **जारी करने वाली संस्थाः** सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
- ✦ **संस्करणः** 24वाँ
- ✦ **जारी करने की तिथिः** 15 मार्च, 2023

- सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा 'भारत में महिला एवं पुरुष 2022' शीर्षक से जारी इस रिपोर्ट के अनुसार भारत में लिंगानुपात (प्रति 1,000 पुरुषों पर महिलाएँ) वर्ष 2011 के 943 की तुलना में वर्ष 2036 तक बढ़कर 952 होने की आशा है।

### रिपोर्ट के महत्वपूर्ण अंश

#### लिंगानुपात

- वर्ष 2017-2019 में जन्म के समय लिंगानुपात (sex ratio at birth) 904 से बढ़कर वर्ष 2018-2020 में 907 हो गया।
- वर्ष 2011 के 943 की तुलना में वर्ष 2036 तक भारत में लिंगानुपात (प्रति 1,000 पुरुषों पर महिलाएँ) बढ़कर 952 होने की उम्मीद है।

#### श्रम बल में भागीदारी

- भारत की श्रम बल भागीदारी दर को श्रम बल में व्यक्तियों के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया जाता है। इसमें पुरुषों की तुलना में महिलाएँ काफी पीछे हैं।
- वर्ष 2021-22 में पुरुषों के लिए यह दर 77.2 और महिलाओं के लिये 32.8 थी।

#### जनसंख्या वृद्धि

- देश में जनसंख्या वृद्धि वर्ष 1971 के बाद से नीचे की ओर रही है। यह वर्ष 1971 में 2.2% से लेकर वर्ष 2021 में 1.1%
- वर्ष 2011 की जनगणना में महिला जनसंख्या हिस्सेदारी 48.5% थी जिसके वर्ष 2036 में 48.8% के साथ मामूली सुधार अपेक्षित है।
- वर्ष 2036 तक 15 वर्ष से कम आयु की जनसंख्या में गिरावट और 60 वर्ष से अधिक की आबादी में वृद्धि की संभावना है।

**अन्य तथ्य**

- विवाह हेतु औसत आयु जो कि वर्ष 2017 में 22.1 थी, वर्ष 2020 में बढ़कर 22.7 वर्ष हो गई।
- वर्ष 2016 और 2020 के बीच 20-24 वर्ष आयु वर्ग हेतु आयु-विशिष्ट प्रजनन दर क्रमशः 135.4 से घटकर 113.6 हो गई।
- वर्ष 2016 और 2020 के बीच 25-29 वर्ष आयु वर्ग हेतु आयु-विशिष्ट प्रजनन दर क्रमशः 166.0 से घटकर 139.6 हो गई।
- भारत की जीवन प्रत्याशा (2015-19) 69.7 है, इसमें पुरुषों की जीवन प्रत्याश 68.4 जबकि महिलाओं की 71.1 है।

## भारत दुनिया का 8वाँ सबसे प्रदूषित देश : आईक्यूएयर रिपोर्ट

- स्विट्जरलैण्ड स्थित वायु गुणवत्ता प्रौद्योगिकी कम्पनी 'आईक्यूएयर' (IQAir) द्वारा वर्ष 2022 के लिए 'विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट' (World Air Quality Report) 14 मार्च, 2023 को प्रकाशित की गई।
- इस रिपोर्ट में भारत को 2022 में दुनिया का 8वाँ सबसे प्रदूषित देश (PM2.5 स्तर 53.3 $\mu g/m^3$) बताया, जो पिछले वर्ष 5वें स्थान पर था।
- दुनिया के सबसे प्रदूषित 50 शहरों की सूची में से 39 शहर भारत के हैं।
- **सर्वाधिक प्रदूषित महानगरीय शहर–** विश्व के सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में दिल्ली चौथे स्थान पर रहा, और यह दुनिया का सबसे प्रदूषित महानगरीय शहर भी था।
  - ✓ *दिल्ली में वार्षिक औसत PM2.5 स्तर 92.6 $\mu g/m^3$ था, जो सुरक्षित सीमा से लगभग 20 गुना अधिक था।*
- **सर्वाधिक प्रदूषित शहर:** 92.7 $\mu g/m^3$ के वार्षिक पीएम 2.5 स्तर के साथ **भिवाड़ी** (अलवर, राजस्थान) वर्ष 2022 में भारत का सबसे प्रदूषित शहर और मध्य और दक्षिण एशिया क्षेत्र में दूसरा सबसे प्रदूषित शहर रहा।
  - ✓ *इसके बाद दिल्ली (92.6) और बिहार में दरभंगा (90.3) व असोपुर (90.2) का स्थान है।*
- **न्यूनतम प्रदूषित भारतीय शहर–** तारकेश्वर, डिगबोई, अलादी, कट्टुपल्ली, पोलमपल्ली, खरसावां और मुथैयापुरम।
- **विश्व के सर्वाधिक प्रदूषित 5 देश–**चाड (89.7 $\mu g/m^3$), इराक (80.1 $\mu g/m^3$), पाकिस्तान (70.9 $\mu g/m^3$), बहरीन (66.6 $\mu g/m^3$) और बांग्लादेश (65.8 $\mu g/m^3$)

## संयुक्त राष्ट्र विश्व जल विकास रिपोर्ट-2023

- संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्व में जल की स्थिति का आंकलन करने वाली नवीनतम रिपोर्ट 'संयुक्त राष्ट्र विश्व जल विकास रिपोर्ट 2023' (UN World Water Development Report-2023) जारी की गई है।
  - ✓ *रिपोर्ट का नया संस्करण जल के लिए साझेदारी और सहयोग (Partnerships and co-operation for water) के संयुक्त विषयों पर केन्द्रित है।*
- इस रिपोर्ट को न्यूयार्क (अमेरिका) में 22-24 मार्च, 2023 को आयोजित 'संयुक्त राष्ट्र 2023 जल सम्मेलन' से पूर्व 21 मार्च, 2023 को जारी किया गया।

**रिपोर्ट के महत्वपूर्ण तथ्य**

- वर्ष 2050 में विश्व की 1.7 से 2.40 अरब शहरी आबादी को जल संकट का सामना करना पड़ सकता है।
- दो अरब लोगों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध नहीं है और 3.6 अरब आबादी के पास सुरक्षित स्वच्छता व्यवस्था नहीं है।
- विश्व की 26% आबादी को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध नहीं है, जबकि 46% लोगों को बुनियादी स्वच्छता तक पहुँच हासिल नहीं है।
- एशिया में करीब 80% आबादी जल संकट से जूझ रही है, विशेष रूप से पूर्वोत्तर चीन, भारत और पाकिस्तान में।
- भारत वर्ष 2050 में जल संकट से सर्वाधिक प्रभावित देश होगा।
- वैश्विक स्तर पर 70% पानी का उपयोग कृषि क्षेत्र में फसलों की सिंचाई को अधिक कुशल बनाने के लिए होता है।
- विश्व स्तर पर 80% अपशिष्ट जल बिना किसी उपचार के पर्यावरण में छोड़ दिया जाता है।
- विगत 40 वर्षों में विश्व स्तर पर पानी का उपयोग लगभग 1% की दर से प्रति वर्ष बढ़ रहा है।


## त्रिपुरा, मेघालय और नगालैण्ड में विधानसभा चुनाव सम्पन्न

- फरवरी 2023 में भारत के तीन पूर्वोत्तर राज्यों– त्रिपुरा, मेघालय और नगालैण्ड में सम्पन्न विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी गठबंधन की सरकारें वहाँ चुनी गई हैं।
- त्रिपुरा में 60 सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान 16 फरवरी, 2023 को तथा नगालैण्ड और मेघालय की 60-60 सदस्यीय विधानसभाओं हेतु मतदान 27 फरवरी, 2023 को एक-एक चरणों में कराए गए थे। तीनों विधानसभाओं के लिए मतगणना 2 मार्च, 2023 को सम्पन्न हुई।

**त्रिपुरा**

- 60 सदस्यीय त्रिपुरा विधानसभा में भाजपा और इंडिजीनस पीपुल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा गठबंधन (IPFT) ने 33 सीटों (भाजपा 32 + आईपीएफटी 1) के साथ सत्ता पर अपना कब्जा बरकरार रखा है।

त्रिपुरा विधानसभा (कुल सीट : 60)




- 35 वर्षों तक सत्ता में रही माकपा 11 सीटें जीतकर मुख्य विपक्षी दल का दर्जा भी प्राप्त नहीं कर सकी। पृथक टिप्रालैण्ड की माँग कर रही टिप्रा मोथा पार्टी 13 सीटों के साथ दूसरी बड़ी पार्टी विधानसभा में बनी।
- भारतीय जनता पार्टी के डॉ. माणिक साहा दूसरे कार्यकाल के लिए त्रिपुरा के मुख्यमंत्री बने हैं। उन्हें राज्यपाल सत्यदेव नारायण आर्य ने 8 मार्च, 2023 को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।

## मेघालय

- एक उम्मीदवार के निधन के कारण मेघालय की 60 सदस्यीय विधानसभा में 59 सीटों के लिए मतदान हुआ।
- मेघालय में चुनाव से पहले भाजपा से गठबंधन तोड़ने वाली मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा की एनएनपी 26 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनी, जिसने एक बार फिर भाजपा के साथ गठबंधन कर पुनः सत्ता हासिल की।
- इस चुनाव में भाजपा ने 2 और यूनाईटेड डेमोक्रेटिक पार्टी (यूडीपी) ने 11 सीटें जीतीं।
- नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के प्रमुख कोनराड संगमा ने लगातार दूसरी बार मेघालय के मुख्यमंत्री पद की शपथ 7 मार्च, 2023 को ग्रहण की।

**मेघालय विधानसभा (कुल सीट : 60, चुनाव हुए : 59 सीट)**

| एनपीईपी | यूडीपी | तृणमूल कांग्रेस | कांग्रेस | भाजपा | अन्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 26 | 11 | 5 | 5 | 2 | 10 |

अन्य (10):

| | |
|---|---|
| वॉयस ऑफ द पीपुल | 4 |
| पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी | 2 |
| पीपुल्स डेमोक्रेटिक फ्रंट | 2 |
| निर्दलीय | 2 |

## नगालैण्ड

- नगालैण्ड की 60 सदस्यीय विधानसभा की 59 सीटों के लिए ही मतदान 27 फरवरी को कराया गया था।
  - ✓ *एक सीट पर भाजपा के एक उम्मीदवार का निर्विरोध निर्वाचित होने से वहाँ 59 सीटों पर चुनाव होना था।*
- इस चुनाव में सत्तारुढ़ भाजपा-एनडीपीपी गठबंधन ने एक बार पुनः 37 सीटें जीतकर सत्ता पर अपना कब्जा बरकरार रखा है।

**नगालैण्ड विधानसभा (कुल सीट : 60)**

| एनडीपीपी | भाजपा | एनसीपी | एनपीईपी | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| 25 | 12 | 7 | 5 | 11 |

अन्य (11):

| | |
|---|---|
| लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) | 2 |
| नगा पीपल्स फ्रंट | 2 |
| आरपीआई (अठावले) | 2 |
| जनता दल (यूनाइटेड) | 1 |
| निर्दलीय | 4 |

- एनडीपीपी (नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी) के नेता नेफ्यू रियो ने नगालैण्ड के मुख्यमंत्री के रूप में 7 मार्च, 2023 को शपथ ली। मुख्यमंत्री के रूप में उनका यह पाँचवाँ कार्यकाल है।

## उपचुनाव

- पाँच राज्यों में 6 विधानसभा सीटों के लिए हुए उपचुनाव में कांग्रेस 3 सीटों पर जबकि भाजपा ने 2 सीटों पर जीत हासिल की है।
  - ✓ *पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु में कांग्रेस, अरुणाचल प्रदेश में भाजपा विजयी रही जबकि झारखण्ड में एजेएसयू ने जीत हासिल की।*
  - ✓ *महाराष्ट्र में कांग्रेस व भाजपा 1-1 सीट पर विजयी रहीं।*

## चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए बनेगा स्वतंत्र पैनल

- देश के सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग (Election Commission) में मुख्य निर्वाचन आयुक्त (CEC) और निर्वाचन आयुक्तों (EC) की नियुक्ति एक स्वतंत्र पैनल के माध्यम से किए जाने के निर्देश 2 मार्च, 2023 को दिए।
- न्यायमूर्ति केएम जोसेफ की अध्यक्षता वाली पाँच सदस्यीय संविधान पीठ द्वारा यह ऐतिहासिक निर्णय सीईसी (Chief Election Commissioner) और ईसी (Election Commissioners) की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम जैसी व्यवस्था बनाने की माँग करने वाली याचिकाओं की सुनवाई के बाद सुनाया है।
  - ✓ *वर्ष 2015 में सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई थी, जिसमें कहा गया था कि चुनाव आयुक्तों और मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति का अधिकार अभी केन्द्र के पास है, जो संविधान के अनुच्छेद-14 व अनुच्छेद-324 (2) का उल्लंघन करता है।*
  - ✓ *याचिका दायर की सुनवाई के बाद कोर्ट ने 24 नवम्बर, 2022 को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।*

### कैसा होगा पैनल

- प्रधानमंत्री, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष या सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी के नेता और चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया की कमेटी मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों का चयन करेगी।
  - ✓ *नियुक्ति का अधिकार राष्ट्रपति के पास ही रहेगा।*

### सम्बन्धित सुझाव/निर्देश

- चुनाव आयुक्तों को हटाने का आधार वही होना चाहिए जो मुख्य चुनाव आयुक्त का है।
- सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव आयुक्तों को मुख्य आयुक्त की तरह सुरक्षा देने का भी निर्देश दिया है।
- चुनाव आयोग के लिए स्वतंत्र बजट हो।

### न्यूज फैक्ट

- ➢ चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है, इसकी स्थापना 25 जनवरी, 1950 को हुई थी।
- ➢ संविधान के अनु.-324 से लेकर अनु.-329 तक चुनाव आयोग से जुड़े हुए हैं। इनमें आयोग के सदस्यों की शक्तियाँ, कामकाज, कार्यकाल आदि के बारे में बताया गया है।
- ➢ मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति राष्ट्रपति करते हैं। ये आईएएस रैंक के अधिकारी होते हैं। इनका कार्यकाल 6 वर्ष या 65 वर्ष की उम्र (दोनों में से जो भी पहले हो) तक होता है।
  - ✓ उनका दर्जा सुप्रीम कोर्ट के जजों के समकक्ष होता है और उन्हें भी वही वेतन और भत्ते मिलते हैं जो सुप्रीम कोर्ट के जजों को मिलते हैं।
  - ✓ चुनाव आयुक्त को संसद में महाभियोग की प्रक्रिया के जरिए ही पद से हटाया जा सकता है। चुनाव आयुक्तों को मुख्य चुनाव आयुक्त की सिफारिश पर राष्ट्रपति जब चाहे तब हटा सकता है।

- **आयोग का स्वरूप**-16 अक्टूबर, 1989 से चुनाव आयोग में मुख्य चुनाव आयुक्त के अलावा 2 चुनाव आयुक्तों की व्यवस्था की गई। उसी दिन वोटर के लिए न्यूनतम उम्र भी 21 साल से घटाकर 18 साल कर दी गई।
  - ✓ जनवरी 1990 में एक सदस्यीय चुनाव आयोग को बहाल कर दिया गया।
  - ✓ अक्टूबर 1993 में राष्ट्रपति ने दो और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति कर फिर से इसे तीन सदस्यीय स्वरूप दिया, तब से यही व्यवस्था चली आ रही है।

## संयुक्त सेना कमाण्डर की शक्तियाँ बढ़ाने के लिए अंतर सेवा संगठन विधेयक-2023 लोकसभा में पेश

- केन्द्र सरकार ने संयुक्त सेना कमांडर की शक्तियाँ बढ़ाने के लिए 'अंतर सेवा संगठन-कमान, नियंत्रण और अनुशासन विधेयक 2023' लोकसभा में 15 मार्च, 2023 को पेश किया।
- इस विधेयक को एकीकृत अथवा संयुक्त कमान/कमांड की स्थापना से पहले पेश किया गया है, जिसके अनुसार सभी संसाधन और सैन्यकर्मी भारतीय थल सेना, नौसेना और भारतीय वायु सेना के एक एकल 3-स्टार रैंक वाले जनरल के परिचालन नियंत्रण में होंगे।
  - ✓ *इस विधेयक के कानून बनते ही इंटीग्रेटेड थिएटर कमांड का मार्ग प्रशस्त होगा।*

### विधेयक के प्रावधान

- इस विधेयक में रक्षाकर्मियों में अनुशासन तथा कर्तव्य निर्वहन का अनुपालन कराने के लिए संयुक्त सेना प्रमुख को अधिकार देने के प्रावधान हैं।
- विधेयक में कमान अधिकारी को उन रक्षाकर्मियों के बारे में निर्णय लेने का अधिकार दिया गया है जो अभी वायुसेना अधिनियम 1950, थल सेना अधिनियम 1950 और नौसेना अधिनियम 1957 के प्रावधानों से संचालित हैं।
- अंतर सेवा संगठन के प्रमुख कमान अधिकारी अपने अन्तर्गत तैनात रक्षाकर्मियों से जुडे अनुशासन और कर्तव्य निर्वहन के मामलों में निर्णय ले सकेंगे।

### क्या है थियेटर कमान?

- यह तीनों सेनाओं का संयुक्त कमान केन्द्र है। इसके अन्तर्गत तीनों सेनाएँ एक सैन्य कमांडर के अधीन काम करती हैं।
- इन कमानों के अधिकारी सीधे सीडीएस (Chief of Defence Staff) को रिपोर्ट करते हैं।

## कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता समाप्त

- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को वर्ष 2019 के एक मानहानि केस में सूरत की एक अदालत द्वारा दो वर्ष की सजा सुनाए जाने के बाद लोकसभा की सदस्यता के लिए अयोग्य ठहराया गया है।
- लोकसभा सचिवालय द्वारा 24 मार्च, 2023 को जारी अधिसूचना में कहा गया है कि केरल की वायनाड लोकसभा सीट के सांसद राहुल गांधी को सजा सुनाए जाने के दिन अर्थात् 23 मार्च, 2023 से अयोग्य करार दिया जाता है।
  - ✓ *ऐसा भारतीय संविधान के अनुच्छेद 102 (1) और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत् किया गया है।*

### कानून का प्रावधान

- जनप्रतिनिधि कानून के मुताबिक किसी भी सांसद या विधायक को अगर किसी मामले में दो या दो वर्ष से अधिक की सजा सुनाई जाती है तो उनकी सदस्यता रद्द हो जाएगी। इसके साथ ही वह 6 वर्ष तक चुनाव लड़ने के लिए भी अयोग्य हो जाते हैं।

### क्या है मामला?

- यह मामला वर्ष 2019 में मोदी सरनेम को लेकर राहुल गांधी की एक टिप्पणी से जुड़ा हुआ है जिसमें उन्होंने नीरव मोदी, ललित मोदी और अन्य का नाम लेते हुए कहा था, 'कैसे सभी चोरों का सरनेम मोदी है?'
- राहुल गांधी ने यह वक्तव्य 2019 लोकसभा चुनाव के दौरान कर्नाटक के कोलार में दिया था, जिसके विरुद्ध सूरत पश्चिम के भाजपा विधयक पूर्णेश मोदी ने मानहानि मुकदमा दायर किया था।
  - ✓ *पूर्णेश मोदी का आरोप था कि राहुल गांधी की इस टिप्पणी से पूरे मोदी समुदाय की मानहानि होती है।*

### अन्य महत्वपूर्ण तथ्य


- राहुल गांधी लोकसभा से अयोग्य घोषित होने वाले नेहरू-गांधी परिवार के तीसरे सदस्य हैं। इससे पहले इंदिरा गांधी और सोनिया गांधी की सदस्यता भी समाप्त हो चुकी है।
- सोनिया गांधी ने लाभ के पद के मामले में सदस्यता समाप्त होने की अधिसूचना जारी होने से पूर्व ही त्यागपत्र दे दिया था।
- इंदिरा गांधी को वर्ष 1978 में मोरारजी देसाई के नेतृत्व वाली जनता पार्टी सरकार ने लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर जेल भेज दिया था।

# National News InShort

## आतिशी और सौरभ

- आम आदमी पार्टी के विधायक आतिशी और सौरभ भारद्वाज को दिल्ली कैबिनेट में मंत्री के तौर पर नियुक्त किया गया है। उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने उन्हें 9 मार्च, 2023 को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।
- **विभाग**-आतिशी को शिक्षा, पीडब्ल्यूडी, बिजली, पर्यटन विभाग मिला है।
  - ✓ *सौरभ भारद्वाज को स्वास्थ्य, यूडी, पानी, उद्योग विभाग का जिम्मा दिया गया है।*
- उल्लेखनीय है कि भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और मंत्री सत्येंद्र जैन के अपने पदों से त्यागपत्र दिए जाने के बाद दिल्ली मंत्रिमंडल में दो स्थान रिक्त हो गए थे।

- केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव द्वारा मानव-वन्यजीव संघर्ष (एचडब्ल्यूसी) पर ध्यान देने के लिए कितने दिशा-निर्देश 21 मार्च, 2023 को जारी किए? **14**
- एनटीपीसी आरईएल ने भारतीय सेना के साथ निर्माण, स्वामित्व और परिचालन (बीओओ) प्रारूप पर सेना प्रतिष्ठानों में किन परियोजनाओं की स्थापना के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर मार्च 2023 में हस्ताक्षर किए? **हरित हाइड्रोजन परियोजनाओं**
- विदेश और संस्कृति राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने सफदरजंग रेलवे स्टेशन, नई दिल्ली से किस भारत गौरव रेलगाड़ी को 21 मार्च, 2023 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया? **नॉर्थ ईस्ट डिस्कवरीः बियॉन्ड गुवाहाटी**
- प्रधानमंत्री ने ₹ 150 करोड़ के व्यय से विकसित की जाने वाली 'तुप्पारीहल्ला बाढ़ क्षति नियंत्रण परियोजना' की आधारशिला 12 मार्च, 2023 को कहाँ रखी? **कर्नाटक**
- नेवी वेलफेयर एण्ड वेलनेस एसोसिएशन (एनडब्ल्यूडब्ल्यूए) के सहयोग से भारतीय नौसेना ने एक समुद्री जागरूकता तटीय मोटर कार रैली '**शं नो वरुणः**' को कोलकाता में आईएनएस नेताजी सुभाष से 26 मार्च, 2023 को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली का समापन कहाँ होगा? **लखपत, गुजरात (19 अप्रैल, 2023**
- डी एण्ड पी सलाहकार की रिपोर्ट के अनुसार हाल ही में डेकाकॉर्न बनी 'इंडियन प्रीमियर लीग' (आईपीएल) किस वर्ष देश की पहली यूनिकॉर्न बनी थी? **वर्ष 2008**
- किस भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान ने 22 मार्च, 2023 को जारी क्यूएस युनिवर्सिटी रैंकिंग 2023 में इंजीनियरिंग के शीर्ष 50 संस्थानों में जगह बनाई है ? **भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-दिल्ली**
- भारतीय उच्च शिक्षण संस्थानों द्वारा विभिन्न विषयों में प्रस्तुत किए जाने वाले कितने पाठ्यक्रमों को क्यूएस युनिवर्सिटी रैंकिंग 2023 में वैश्विक स्तर पर शीर्ष 100 पाठ्यक्रमों की सूची में शामिल किया गया है? **44 पाठ्यक्रम**
- हाल ही में चर्चा में रहा 'वारिस पंजाब दे' का प्रमुख अमृतपाल सिंह किस आंदोलन का प्रकल समर्थक है? **खालिस्तान आंदोलन**
- 'वन वर्ल्ड टीबी समिट' (One World TB Summit) का आयोजन मार्च 2023 में कहाँ किया गया? **वाराणसी (उत्तर प्रदेश)**
- केन्द्र सरकार ने महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले का नाम बदलकर 'छत्रपति संभाजीनगर' करने के साथ ही उस्मानाबाद का नाम क्या रखे जाने की मंजूरी दे दी है? **धाराशिव**
- 'Pathways to Atmanirbhar Bharat : Harnessing India's Renewable Edge for Cost-Effective Energy Independence by 2047' नामक रिपोर्ट किसके द्वारा जारी की गई है जिसके अनुसार भारत स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों में निवेश के माध्यम से 2047 तक ऊर्जा स्वतंत्रता प्राप्त कर सकता है? **लॉरेंस बर्कले नेशनल लेबोरेटरी और द इंडिया एनर्जी एण्ड क्लाइमेट सेंटर**
- एआई आधारित तकनीकों के सुरक्षित विकास, परिनियोजन और अपनाने के मार्गदर्शन के लिए 'एथिकल गाइडलाइंस फॉर एआई इन हेल्थकेयर एण्ड बायोमेडिकल रिसर्च' किसके द्वारा जारी की गई है? **आईसीएमआर**
- महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने संजय राउत के स्थान पर किसे अपने संसदीय दल का नेता नियुक्त किया है? **गजानन कीर्तिकर**
- तमिलनाडु सरकार द्वारा 20 मार्च, 2023 को पेश किए गए बजट में राज्य में परिवार की महिला मुखिया के लिए कितनी राशि की मासिक सहायता योजना सितम्बर 2023 से शुरू करने की घोषणा की गई है? **₹ 1,000 प्रति माह**
- किस राज्य सरकार ने तलाकशुदा या विधुर पुरुष सरकारी कर्मचारियों को पूरी नौकरी के दौरान 730 दिन तक की बाल देखभाल अवकाश ले सकने के लिए अधिसूचना जारी की है? **हरियाणा**
- कौनसा राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश ऑनलाइन सेवाओं के लिए 'लोक सेवा गारंटी अधिनियम (पीएसजीए)' ऑटो-अपील शुरू करने वाला देश का पहला प्रदेश बन गया है? **जम्मू-कश्मीर**
- आतंकवादियों, खतरनाक अपराधियों और गैंगस्टर्स के लिए ₹ 120 करोड़ के व्यय से दिल्ली के किस क्षेत्र में अलग से जेल बनाई जाएगी? **नरेला क्षेत्र**
- राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) ने कर्तव्यों में लापरवाही बरतने पर कोच्चि नगर निगम पर कितनी राशि का जुर्माना लगाया है? **₹100 करोड़**
- केन्द्रीय रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किस महापुरुष/भगवान की स्मृति में 19 मार्च, 2023 को डाक टिकट जारी की? **भगवान परशुराम जी**
- जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में ब्रेंग घाटी और किश्तवाड़ के मध्य स्थित वह दर्रा जिसे ऑफ-बीट पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पहली बार खोल दिया गया है ? **सिंथन टॉप**



# अन्तरिक्ष एवं रक्षा प्रौद्योगिकी

## अन्तरिक्ष प्रौद्योगिकी

### इसरो ने किया 36 उपग्रहों का सफल परीक्षण

- 'भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो)' ने ब्रिटेन स्थित 'वनवेब' के 36 सैटेलाइट्स को सफलतापूर्वक लॉन्च कर इतिहास रचा है।
- इसरो द्वारा इन उपग्रहों को अपने एलवीएम-3 रॉकेट द्वारा आन्ध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से 26 मार्च, 2023 को लो अर्थ ओर्बिट में प्रक्षेपित किया गया।
- **रॉकेट व उपग्रह का भार-** इन 36 उपग्रहों का भार 5,805 किलोग्राम था, जिन्हें 643 टन वजनी 43.5 मीटर लम्बे एलवीएम-3 (LVM-III) रॉकेट द्वारा लॉन्च किया गया।
- **मिशन का नाम**- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने मिशन को 'एलवीएम-3–एम-3/वनवेब इंडिया-2' नाम दिया है।

**न्यूज फैक्ट**

- ब्रिटेन की नेटवर्क एक्सेस एसोसिएट्स लिमिटेड (वनवेब ग्रुप) ने पृथ्वी की निचली कक्षा में 72 उपग्रहों को प्रक्षेपित करने के लिए इसरो की वाणिज्यिक शाखा न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड से एक करार किया था। इसके तहत् इसरो द्वारा वनवेब ग्रुप कम्पनी के लिए पहले 36 उपग्रह 23 अक्टूबर, 2022 को प्रक्षेपित किए गए थे।
- वनवेब इंडिया-2 उपग्रहों का एक नेटवर्क है जिसका उद्देश्य दुनिया भर में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करना है। भारत का भारती एंटरप्राइजेज वनवेब में एक प्रमुख निवेशक और शेयरधारक है।

### चंद्रयान-3 मिशन : इसरो ने किया सीई-20 इंजन का सफल परीक्षण

- 'भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो)' ने चंद्रयान-3 मिशन में प्रयुक्त होने वाले सीई-20 क्रायोजेनिक इंजन के 'उड़ान स्वीकृति ताप परीक्षण'(Flight Acceptance Hot Test) में सफलता प्राप्त की है।
- इसरो (ISRO) द्वारा उक्त परीक्षण तमिलनाडु के महेन्द्रगिरि में स्थित इसरो प्रणोदन परिसर के हाई एल्टीट्यूड प्रक्षेपण केन्द्र में 24 फरवरी, 2023 को किया गया।
  - ✓ *यह भारत के सबसे भारी रॉकेट एलवीएम-3 के सबसे ऊपरी और तीसरे चरण को शक्ति प्रदान करेगा।*
- **विकास** : 'सीई-20' एक स्वदेशी क्रायोजेनिक इंजन है जिसे इसरो के 'लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम सेंटर' द्वारा विकसित किया गया है।

## रक्षा प्रौद्योगिकी

### शैलो वाटर क्राफ्ट 'एण्ड्रोथ' लॉन्च

- भारत तटीय सीमाओं की निगरानी के लिए नई तकनीकों को अपनाने के क्रम में भारतीय नौसेना के लिए दूसरी एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट **'एण्ड्रोथ'** (Androth) 21 मार्च, 2023 को हुगली नदी में लॉन्च की गई है।
  - ✓ *यह मैसर्स जीआरएसई द्वारा निर्मित 8 एएसडब्ल्यू शैलो वाटर क्राफ्ट (Anti-Submarine Warfare Shallow Water Craft—ASW SWC) परियोजना का दूसरा जहाज है।*
- **नामकरण**-केन्द्रशासित प्रदेश लक्षद्वीप के उत्तर-पश्चिम में स्थित 'एण्ड्रोथ' द्वीप का रणनीतिक समुद्री महत्व दर्शाने के लिए इस जहाज का नाम 'एण्ड्रोथ' रखा गया है।
- **निर्माण**- गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एण्ड इंजीनियर्स द्वारा
- **अन्य नाम**- साइलेंट हंटर्स
- **क्षमता/लाभ**- 'एण्ड्रोथ' को तटीय जल में पनडुब्बी रोधी संचालन, कम तीव्रता वाले समुद्री संचालन और माइन बिछाने के काम के लिए डिजाइन किया गया है, अतः यह निगरानी, खोज और हमला करने में सक्षम हैं।
  - ✓ *इससे तटीय सीमाओं पर दुश्मनों की पनडुब्बियों का पता लगाने में आसानी होगी।*

### स्वदेशी सीकर और बूस्टर से लैस ब्रह्मोस मिसाइल का सफल परीक्षण

- भारतीय नौसेना ने पहली बार देश में बने सीकर (Seeker) और बूस्टर (Booster) से लैस ब्रह्मोस प्रिसिजन स्ट्राइक मिसाइल का परीक्षण 5 मार्च, 2023 को सफलतापूर्वक किया है।
- अरब सागर में किए गए इस मिसाइल का परीक्षण कोलकाता क्लास गाइडेड मिसाइल डेस्ट्रॉयर वारशिप से किया गया था।
- इसमें प्रयुक्त किए गए स्वदेशी सीकर और बूस्टर का डिजाइन 'रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन' (DRDO) के द्वारा किया गया है।
- सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल के उक्त एंटी शिप संस्करण के परीक्षण दौरान मिसाइल ने 2.8 मैक या ध्वनि की गति से लगभग तीन गुना तेज गति से उड़कर लक्ष्य पर सटीक हमला किया।
- **मारक क्षमता**- एंटी-शिप वर्जन की यह मिसाइल 400 किलोमीटर तक के टारगेट को निशाना बना सकती है।



# आर्थिक परिदृश्य

- अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ के क्षेत्रीय कार्यालय और नवाचार केंद्र का उद्घाटन
- सिंगापुर के एयरपोर्ट को सर्वश्रेष्ठ एयरपोर्ट का खिताब
- केन्द्र सरकार द्वारा 7 राज्यों में पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क की मंजूरी
- ग्रीन टग ट्रांजिशन प्रोग्राम

## अन्तर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ के क्षेत्रीय कार्यालय और नवाचार केन्द्र का उद्घाटन

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत में नए अन्तर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (ITU) क्षेत्रीय कार्यालय और नवाचार केन्द्र का उद्घाटन 22 मार्च, 2023 को किया।
- नई दिल्ली में उक्त उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री ने 'भारत 6जी दृष्टिपत्र' (Bharat 6G Vision Document) का अनावरण और 6जी अनुसंधान और विकास जाँच बेड (6G R&D Test Bed) का शुभारम्भ किया।
- इस अवसर पर 'कॉल बिफोर यू डिग' (Call before u dig-CBUD) एप का भी शुभारम्भ किया गया।

### अन्तर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ क्षेत्रीय कार्यालय और नवाचार केन्द्र

- नई दिल्ली के महरौली में 'सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स' (सी-डॉट) भवन में स्थित क्षेत्रीय कार्यालय पूरी तरह से भारत द्वारा वित्त पोषित है।
- यह भारत, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, श्रीलंका, मालदीव, अफगानिस्तान और ईरान को सेवा प्रदान करेगा, राष्ट्रों के बीच समन्वय बढ़ाएगा और क्षेत्र में पारस्परिक रूप से लाभदायक आर्थिक सहयोग को प्रोत्साहन देगा।

### भारत 6जी विजन डॉक्यूमेंट और 6जी टेस्ट बैड

- भारत 6जी विजन डॉक्यूमेंट और 6जी टेस्ट बैड देश में नवाचार, क्षमता निर्माण और तेजी से प्रौद्योगिकी अपनाने के लिए एक सक्षमता वातावरण प्रदान करेगा।
- 'भारत 6जी विजन डॉक्यूमेंट' को 6जी (टीआईजी-6जी) पर टेक्नोलॉजी इनोवेशन ग्रुप द्वारा तैयार किया गया है, जिसका गठन नवम्बर 2021 में किया गया था।
- 6जी टेस्ट बैड अकादमिक संस्थानों, उद्योगों, स्टार्ट-अप्स, एमएसएमई आदि को उभरती आईसीटी प्रौद्योगिकियों का परीक्षण और सत्यापन करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा।

### सीबीयूडी

- कॉल बिफोर यू डिग (सीबीयूडी) एप एक ऐसा उपकरण है, जिसकी परिकल्पना ऑप्टिकल फाइबर केबल जैसी अंतर्निहित संपत्तियों को होने वाले नुकसान को रोकने के लिए की गई है, जो कि अनियंत्रित खुदाई और उत्खनन के कारण होता है।

## सिंगापुर के एयरपोर्ट को सर्वश्रेष्ठ एयरपोर्ट का खिताब

- सिंगापुर के चांगी एयरपोर्ट (Changi Airport) ने एक बार फिर विश्व के सबसे अच्छे हवाई अड्डे का खिताब हासिल कर लिया है।
- ब्रिटेन स्थित एयरपोर्ट की समीक्षा और रैंकिंग साइट स्काईट्रैक्स द्वारा चांगी एयरपोर्ट को यह खिताब 'स्काईट्रैक्स वर्ल्ड एयरपोर्ट अवॉर्ड्स 2023' मार्च 2023 में प्रदान किया गया।
  - ✓ *चांगी हवाई अड्डे को 12वीं बार विश्व के सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डे के रूप में नामित किया गया है।*
- स्काईट्रैक्स की इस वर्ष सूची में दोहा के 'हमद इंटरनेशनल एयरपोर्ट' को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है, जो विगत वर्ष शीर्ष स्थान पर था।
- **विश्व के सर्वश्रेष्ठ 5 एयरपोर्ट-**
  - ✓ *(1) चांगी- सिंगापुर, (2) हमद- दोहा, कतर (3) हनेडा- टोक्यो, जापान (4) इंचियान- सियोल, दक्षिण कोरिया और (5) चार्ल्स डी गाल- पेरिस, फ्रांस।*
- **भारत के प्रमुख हवाई अड्डों की स्थिति-**
  - ✓ *दिल्ली (36वाँ), हैदराबाद (65वाँ), बेंगलुरू (69वाँ) और मुम्बई (84वाँ) स्थान।*

## केन्द्र सरकार द्वारा 7 राज्यों में पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क की मंजूरी

- केन्द्र सरकार ने टेक्सटाइल उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से देश के सात राज्यों में पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क (पीएम मित्र) की मंजूरी मार्च 2023 में दे दी है।
- प्रत्येक 'पीएम मित्र' पार्क में एक इन्क्यूबेशन सेंटर, कॉमन प्रोसेसिंग हाउस और एक कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट तथा अन्य टेक्सटाइल सम्बन्धी सुविधाएँ जैसे- डिजाइन सेंटर और टेस्टिंग सेंटर होंगे।
- **पीएम मित्र का पूर्ण रूप**-प्रधानमंत्री मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र और परिधान (PM Mega Integrated Textile Regions and Apparel-PM MITRA)
- **राज्य जहाँ पीएम मित्र पार्क स्थापित होंगे-** तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश।

- **स्थापना अवधि तथा परिव्यय**- पार्कों की स्थापना वर्ष 2026-27 तक की जाएगी। परियोजना के लिए कुल परिव्यय ₹ 4,445 करोड़ है, यद्यपि वर्ष 2023-24 के बजट में प्रारंभिक आवंटन केवल ₹ 200 करोड़ है।
- **5एफ**-पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क 5F (Farm to Fibre to Factory to Fashion to Foreign) विजन के अनुरूप वस्त्र क्षेत्र को बढ़ावा देंगे। यह 'मेक इन इंडिया' और 'मेक फॉर द वर्ल्ड' का एक बेहतरीन उदाहरण होगा।
- **देश का पहला पीएम मित्र पार्क**-देश के पहले 'पीएम मित्र पार्क' की स्थापना तमिलनाडु के आकांक्षी जिले विरुदुनगर में की जाएगी, जिसके लिए केन्द्र और राज्य सरकार के मध्य 22 मार्च, 2023 को एमओयू किया गया।

## ग्रीन टग ट्रांजिशन प्रोग्राम

- केन्द्रीय बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग और आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने ग्रीन पोर्ट और शिपिंग में भारत के पहले राष्ट्रीय उत्कृष्टता केन्द्र का उद्घाटन हरियाणा के गुरुग्राम में 22 मार्च, 2023 को किया।
- इस उत्कृष्टता केन्द्र का उद्देश्य पोत परिवहन के क्षेत्र में कार्बन इमिशन को कम करना और इसे कार्बन न्यूट्रल बनाना है।
- देश का पहला 'नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन ग्रीन पोर्ट एण्ड शिपिंग' भारत सरकार के बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय और ऊर्जा और संसाधन संस्थान के बीच सहयोग का परिणाम है।
- बंदरगाहों ने वर्ष 2030 तक प्रति टन कार्गो के कार्बन उत्सर्जन को 30% तक कम करने का भी लक्ष्य रखा है।

### न्यूज फैक्ट

- केन्द्र सरकार का भारत को 'ग्रीन शिप का वैश्विक केन्द्र' बनाने का लक्ष्य है। इसके लिए वर्ष 2025 तक सभी प्रमुख बंदरगाहों में काम शुरू करने के लिए प्रारम्भिक ग्रीन टग (कर्षण नौका) का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।
- देश के पारादीप पोर्ट, दीनदयाल पोर्ट और वी.ओ. चिदंबरम् पोर्ट को हाइड्रोजन हब के रूप में विकसित किया जाएगा।

## आर्थिक करेंट अफेयर्स का मंथली रिव्यू : वन लाइनर

Current affairs Quest In Oneliner


- आयकर विभाग ने करदाताओं की सुविधा के लिए वार्षिक सूचना विवरण (एआईएस)/करदाता सूचना सारांश (टीआईएस) में उपलब्ध जानकारी को देखने के लिए किस नाम से एक मोबाइल एप का शुभारम्भ मार्च 2023 में किया है? **एआईएस फॉर टैक्सपेयर**
- भारतीय रेलवे ने किस वर्ष तक 'शुद्ध-शून्य कार्बन उत्सर्जक' बनने का लक्ष्य रखा है? **वर्ष 2030**
- भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के सहयोग से 'एग्रीयूनीफेस्ट' का आयोजन मार्च 2023 में कहाँ आयोजित किया गया? **बैंगलोर कृषि विश्वविद्यालय, कर्नाटक**
- भारतीय रेलवे अहमदाबाद (गुजरात) से मुम्बई (महाराष्ट्र) तक 508 किलोमीटर के मार्ग पर देश की पहली बुलेट ट्रेन का निर्माण कर रहा है। यह बुलेट ट्रेन कब से अपनी सेवा शुरू करेगी? **अगस्त 2026**
- मैकफी एनर्जी किस देश की कम्पनी है, जिसके साथ लार्सन एण्ड टूब्रो (एलएण्डटी) ने इलेक्ट्रॉलाइजर विनिर्माण के लिए मार्च 2023 में समझौता किया है? **फ्रांस**
- वर्ष 2008 में वाशिंगटन म्युचुअल के पतन के बाद हाल ही में अमेरिका के कौनसे बैंक का पतन/ दिवालिया हुआ है? **सिलिकॉन वैली बैंक (एसवीबी)**
- ब्रांड फाइनेंस-2023 रैंकिंग में स्विसकॉम के बाद कौनसा टेलीकॉम ब्रांड दूसरा सबसे मजबूत टेलीकॉम ब्रांड बनकर उभरा है? **रिलायंस जियो**
- केन्द्र सरकार ने तुअर दाल के भंडार की ताजा स्थिति की निगरानी के लिए समिति का गठन किसकी अध्यक्षता में किया है? **निधि खरे**
- केन्द्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री पुरषोत्तम रूपाला ने कितनी मोबाइल वेटरनरी यूनिट का फ्लैग ऑफ एवं टोल फ्री हेल्पलाइन-1962 का शुभारम्भ 26 मार्च, 2023 को किया? **520**

............................................................... **पृष्ठ 9 का शेष**

- उक्त आशय की घोषणा भूटान के प्रधानमंत्री लोटे शेरिंग ने दोहा में समाप्त हुए 'सबसे कम विकसित देशों (LDC)' के शिखर सम्मेलन के बाद 9 मार्च, 2023 को की।

### न्यूज फैक्ट

- संयुक्त राष्ट्र ने आधिकारिक तौर पर वर्ष 1971 में एलडीसी की श्रेणी स्थापित की, ताकि उनके लिए विशेष समर्थन आकर्षित किया जा सके।
- वर्तमान में इस सूची में 46 देश शामिल हैं, जिनमें अफ्रीका के सर्वाधिक 33 देश, एशिया के 9 देश, प्रशांत महासागर के 3 और एक कैरेबियन देश हैती शामिल हैं।
- **सूची में शामिल एशियाई देश**- अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, कंबोडिया, लाओ जनतांत्रिक गणतंत्र, म्यांमार, नेपाल, तिमोर-लेस्ते और यमन।




# प्रादेशिक परिदृश्य

## राजस्थान / Rajasthan

### कृति भारती को चिल्ड्रन चैम्पियन अवॉर्ड

- दिल्ली सरकार के 'दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग' द्वारा जोधपुर के सारथी ट्रस्ट की मैनेजिंग ट्रस्टी एवं पुनर्वास मनोवैज्ञानिक डॉ. कृति भारती को पहले 'चिल्ड्रन्स चैम्पियन अवॉर्ड 2023' से 26 मार्च, 2023 को सम्मानित किया गया है।
- **योगदान**- डॉ. कृति भारती को यह पुरस्कार बाल विवाह निरस्त करने की उनकी अनूठी साहसिक मुहिम के लिए प्रदान किया गया है।
  - ✓ *डॉ. कृति को इससे पहले जिनेवा के 'ग्लोबल यूथ ह्यूमन राइट्स चैम्पियन अवॉर्ड' (Global Youth Human Rights Champion Award) से दिसम्बर 2022 में सम्मानित किया गया था।*

### सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की योजनाओं को मिला स्कॉच अवॉर्ड

- सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं को राष्ट्रीय स्तर पर स्कॉच अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।
- वस्तुतः राष्ट्रीय स्तर की स्कॉच अवॉर्ड डिजीटल सेरेमनी का आयोजन 10 मार्च, 2023 को किया गया, जिसमें सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की तीन महत्वपूर्ण योजनाओं को पुरस्कृत किया गया।
- **पुरस्कृत योजनाएँ**-
  - ✓ *पालनहार योजना - गोल्ड अवॉर्ड*
  - ✓ *उत्तर मेट्रिक छात्रवृत्ति योजना- सिल्वर अवॉर्ड*
  - ✓ *मुख्यमंत्री कन्यादान योजना-सिल्वर अवॉर्ड*
- **ऑडर ऑफ मेरिट सर्टिफिकेशन**- उपर्युक्त के अतिरिक्त विभाग की तीन अन्य योजनाओं– कोरोना सहायता योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना तथा मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना को 'ऑडर ऑफ मेरिट सर्टिफिकेशन' देकर सम्मानित किया गया है।

### राजस्थान साहित्य उत्सव 2023

- ✦ **शीर्षक** : राजस्थान साहित्य उत्सव (साहित्य कुंभ-2023)
- ✦ **आयोजन स्थल**- जनाना बाग, उम्मेद उद्यान (जोधपुर)
- ✦ **आयोजन तिथि**- 25-27 मार्च, 2023

- विभिन्न प्रकार की साहित्यिक, विरासत और सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रदर्शित करने के लिए तीन दिवसीय 'राजस्थान साहित्य महोत्सव' का आयोजन जोधपुर में किया गया।
- समारोह में कला और संस्कृति मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला द्वारा विभिन्न अकादमियों की ओर से उल्लेखनीय कृतित्व तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए निम्न 7 मनीषी विद्वानों/साहित्यकारों को विभिन्न पुरस्कारों से विभूषित किया गया।
- **राजस्थान संस्कृत अकादमी, जयपुर की ओर से**
  - ✓ ***अखिल भारतीय माघ पुरस्कार*** *: एसोसिएट प्रोफेसर प्रमोद कुमार शर्मा।*
  - ✓ ***अम्बिकादत्त व्यास पुरस्कार*** *: प्रो. वैद्य बनवारी लाल गौड़।*
- **राजस्थान उर्दू अकादमी, जयपुर की ओर से**
  - ✓ ***प्रो. महमूद शिरानी अवॉर्ड*** *: डॉ. अशरद अब्दुल हमीद (टोंक)।*
  - ✓ ***अख्तर शिरानी अवॉर्ड*** *: आदिल रजा मन्सूरी (जयपुर)*
- **पंडित जवाहरलाल नेहरू बाल साहित्य अकादमी, जयपुर द्वारा**
  - ✓ ***बाल साहित्य मनीषी अवॉर्ड*** *: डॉ. दिविक रमेश (दिल्ली) व डॉ. प्रबोध कुमार गोविल (जयपुर) तथा कलाधर्मी चांद मोहम्मद घोसी (मेड़ता)।*

### राजस्थान संगीत नाटक अकादमी का सम्मान एवं पुरस्कार

- राजस्थान संगीत नाटक अकादमी का सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन जोधपुर के डॉ. एस.एन. मेडिकल कॉलेज में 25 मार्च, 2023 को किया गया।
- इस पुरस्कार वितरण समारोह में प्रदेश के प्रतिष्ठित और उत्कृष्ट 75 कलाकारों को अवॉर्ड एवं पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।
  - ✓ *इनमें 1 फेलोशिप, 12 अवॉर्ड, 6 युवा, 5 बाल पुरस्कार के साथ 51 कलाकारों को 'कला पुरोधा सम्मान' से सम्मानित किया गया।*

### वर्ष 2022-23 के राजस्थान साहित्य अकादमी पुरस्कार

- 'राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर' ने अकादमी अध्यक्ष डॉ. दुलाराम सहारण की अध्यक्षता में संचालिका सभा की बैठक के बाद वर्ष 2022-23 के वार्षिक पुरस्कारों की घोषणा 24 मार्च, 2023 को की।

#### विभिन्न श्रेणियों में घोषित पुरस्कार (वर्ष २०२२-२३)

- **मीरां पुरस्कार (अकादमी का सर्वोच्च पुरस्कार)**-
  - ✓ **पुरस्कृत व्यक्ति**- *रति सक्सैना, जयपुर मूल निवासी एवं तिरुवनन्तपुरम-केरल वासी को।*

✓ **कृति**- *'हंसी एक प्रार्थना' (कविता पुस्तक) के लिए।*

✓ **पुरस्कार राशि**- *₹ 75 हजार*

- **जनार्दन राय नागर सम्मान (राजस्थान सरकार के सौजन्य से)**

✓ **पुरस्कृत व्यक्ति**-*डॉ. चन्द्र प्रकाश देवल (अजमेर निवासी)*

✓ **पुरस्कार राशि**- *₹ 1 लाख*

- **अन्य पुरस्कार : एक नजर में**

✓ ***रांगेय राघव पुरस्कार (कथा एवं उपन्यास विधा)*** *: भरत चन्द्र शर्मा (बाँसवाड़ा); कृति : पीर परबत-सी।*

✓ ***सुधींद्र पुरस्कार (काव्य विधा)*** *: कवि मायामृग (जयपुर); कृति : मुझमें मीठा तू हैं (कविता संग्रह)।*

✓ ***देवीलाल सामर पुरस्कार (एकांकी-नाटक)*** *: अजय अनुरागी (जयपुर); कृति : रांग नंबर (नाट्य कृति)।*

✓ ***देवराज उपाध्याय पुरस्कार (आलोचना क्षेत्र का)*** *: राजाराम भादू (भरतपुर मूल के); कृति : कविता के आयाम।*

✓ ***कन्हैयालाल सहल पुरस्कार (विविध विधाओं का)*** *: यश गोयल, जयपुर (व्यंग्यकार); कृति : नामुमकिन नेता।*

✓ ***शंभूदयाल सक्सैना पुरस्कार (बाल साहित्य के क्षेत्र का)*** *: कुसुम अग्रवाल (कांकरोली); कृति : हम सब एक हैं (बाल एकांकी)*

✓ **पुरस्कार राशि**-उक्त सभी पुरस्कारों के लिए पुरस्कार राशि ₹ 31 हजार है ।

- **सुमनेश जोशी पुरस्कार (प्रथम प्रकाशित कृति के लिए)**

✓ ***पुरस्कृत व्यक्ति*** *: तराना परवीन, उदयपुर (कथाकार)*

✓ ***पुरस्कृत कृति*** *: एक सौ आठ (कहानी संग्रह)*

✓ ***पुरस्कार राशि*** *: ₹ 21,000*

## राजस्थान के 8 जिले टीबी उन्मूलन के लिए पुरस्कृत

- राजस्थान के 8 जिलों को टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में बेहतर कार्य के लिए 'सब नेशनल सर्टिफिकेशन ऑफ टीबी एलिमिनेशन अवॉर्ड-2022' कैटेगरी में राज्य के 4 जिलों को रजत और 4 जिलों को कांस्य पदक से सम्मानित किया गया है।
- यह पुरस्कार वाराणसी (उत्तर प्रदेश) में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में 'विश्व क्षय रोग दिवस' के अवसर पर आयोजित 'वन वर्ल्ड टीबी समिट' में 24 मार्च, 2023 को प्रदान किए गए।

✓ **रजत पदक से पुरस्कृत जिले**-*बाराँ, भीलवाड़ा, जालौर, जैसलमेर।*

✓ **कांस्य पदक से पुरस्कृत जिले**-*बाँसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमन्द, उदयपुर।*

**न्यूज फैक्ट**

- पिछले वर्ष राज्य के बाड़मेर जिले को सिल्वर कैटेगरी एवं प्रतापगढ़, बाराँ, सीकर को ब्रॉन्ज कैटेगरी में यह पुरस्कार मिल चुका है।
- इस पूरी प्रक्रिया में यह विश्लेषण किया जाता है कि वर्ष 2015 की स्थिति से वर्तमान में नामांकित जिलों में मरीजों के संक्रमण दर में कितनी कमी आई।
- टीबी उन्मूलन के लिए किए गए प्रयासों से राजस्थान देश में विगत् वर्ष 19वें स्थान से चौथे स्थान पर आ गया है।
- भारत सरकार द्वारा 'टीबी मुक्त राजस्थान' के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु वर्ष 2025 का लक्ष्य रखा गया है।

## राज्य-स्तरीय पशुपालक सम्मान समारोह-2023

- राजस्थान में वर्ष 2023 का 'राज्य-स्तरीय पशुपालक सम्मान समारोह' का आयोजन 22 मार्च, 2023 को जयपुर के दुर्गापुरा स्थित राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान किया गया।
- इस सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के 415 प्रगतिशील पशुपालकों को सम्मानित किया। प्रगतिशील पशुपालकों को कुल ₹ 52.50 लाख की राशि पुरस्कार स्वरूप दी गई।
- **सम्मानित पशुपालक—**

✓ ***राज्य-स्तरीय*** *: राज्य-स्तर पर सम्मानित सुरेन्द्र अवाना एवं प्रेम सिंह राव को ₹ 50-50 हजार प्रदान किए गए।*

✓ ***जिला-स्तरीय*** *: जिला स्तर पर सम्मानित होने वाली 7 महिला पशुपालकों सहित 68 पशुपालकों को ₹ 25-25 हजार दिए गए।*

✓ ***पंचायत समिति स्तरीय*** *: पंचायत समिति स्तर पर सम्मानित होने वाली 18 महिला पशुपालकों सहित 345 पशुपालकों को ₹ 10-10 हजार प्रोत्साहन स्वरूप दिए गए।*

- **लोकार्पण–**

✓ *इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ₹ 12 करोड़ के व्यय से बने टोंक दुग्ध उत्पादक संघ के नए डेयरी संयन्त्र मालपुरा का वर्चुअली लोकार्पण किया।*

**न्यूज फैक्ट**

- राजस्थान पूरे देश में सर्वाधिक दूध उत्पादन करने वाला राज्य बन गया है। पूरे देश के 15.05% दूध का उत्पादन राजस्थान में हो रहा है।
- फसल बीमा योजना के तहत् ₹ 18.5 हजार करोड़ का फसल बीमा वितरित कर राजस्थान पूरे देश में पहले स्थान पर है।

## राजस्थान स्वास्थ्य का अधिकार विधेयक, 2022 विधानसभा में पारित

- सभी प्रदेशवासियों को स्वास्थ्य का अधिकार देने के उद्देश्य से राजस्थान राज्य विधानसभा द्वारा 'राजस्थान स्वास्थ्य का अधिकार विधेयक, 2022' को 21 मार्च, 2023 को पारित किया गया।
- इस विधेयक के पारित हो जाने से कोई भी स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता केवल पुलिस की हरी झंडी या पुलिस की रिपोर्ट प्राप्त करने के आधार पर उपचार में देरी नहीं कर सकेगा।

**विधेयक के प्रावधान**

- इस विधेयक के प्रावधान के तहत् अस्पतालों में उपचार के लिए मरीजों को मना नहीं किया जाएगा।
- इमरजेंसी में उपचार का व्यय सम्बन्धित मरीज द्वारा वहन नहीं करने की स्थिति में पुनर्भरण राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा।

- 'राइट टू हैल्थ विधेयक' के तहत् '**राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण लॉजिस्टिकल शिकायत**' का भी गठन किया गया है। इसके साथ ही जिला-स्तरीय प्राधिकरण का प्रावधान भी किया गया है।
- बड़े अस्पतालों को राज्य सरकार द्वारा रियायती दर पर जमीनें उपलब्ध करवाई गई हैं, इन अस्पतालों को 'राइट टू हैल्थ विधेयक' के अन्तर्गत जोड़ने का प्रावधान है ।
- पहली बार किसी प्रावधान या नियम का उल्लंघन करने पर ₹10,000 तक के जुर्माने और बाद में उल्लंघन करने पर ₹25,000 तक के जुर्माने का भी प्रावधान है
- उल्लेखनीय है कि राज्य में स्वास्थ्य क्षेत्र पर 7 प्रतिशत बजट व्यय किया जा रहा है।

## राजस्थान इन्टरनेशनल एक्सपो

- **शीर्षक** : राजस्थान इन्टरनेशनल एक्सपो
- **आयोजन स्थल** : बोरानाड़ा, जोधपुर
- **आयोजन तिथि** : 20-22 मार्च, 2023

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस एक्सपो के उद्‌घाटन के अवसर पर निर्यातकों के प्रोत्साहन के लिए निम्नांकित चार महत्वपूर्ण घोषणाएँ कीं–
  *(1) राजस्थान अन्तर्राष्ट्रीय एक्सपो अब प्रतिवर्ष जोधपुर में आयोजित होगा।*
  *(2) हस्तशिल्प निदेशालय (सेंटर) जोधपुर में खोला जाएगा।*
  *(3) प्रति वर्ष एक्सपो के लिए बोरानाड़ा, जोधपुर में स्थायी संरचना का निर्माण होगा।*
  *(4) क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोला जाएगा।*
- **पुरस्कार वितरण**- मुख्यमंत्री ने निर्यात क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों अधिकतम निर्यात, टर्न ओवर आदि के लिए 20 निर्यातकों को 'राजस्थान निर्यात पुरस्कार-2021' प्रदान कर सम्मानित किया।

## राजस्थान नगरपालिका (संशोधन) विधेयक, 2023 पारित

- राजस्थान विधानसभा द्वारा 20 मार्च, 2023 को नगरपालिकाओं में निर्वाचन अयोग्यता से सम्बन्धित 'विधानसभा में राजस्थान नगरपालिका (संशोधन) विधेयक, 2023' पारित किया गया।
- इस विधेयक के पारित हो जाने से राज्य सरकार अब निर्वाचन की अयोग्यता रखने वाले नगरपालिका सदस्यों को जाँच कर हटा सकेगी।

### विधेयक के प्रावधान

- राजस्थान नगरपालिका (संशोधन) विधेयक, 2023 राज्य सरकार को अयोग्यता रखने वाले सदस्यों को जाँच कर हटाने की शक्तियाँ प्रदान करता है।
  - ✓ *इसके लिए विधेयक के माध्यम से राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा-39 में संशोधन कर उपखण्ड (1) में एक नया खण्ड (ड) जोड़ा गया है।*

### वर्तमान स्थिति

- वर्तमान में निर्वाचन की अयोग्यता रखने वाले सदस्य को चुनाव याचिका के माध्यम से हटाने का प्रावधान है। यह याचिका भी निर्वाचन की तिथि से एक महीने की अवधि में दायर होनी चाहिए।
- याचिका का समय निकल जाने पर अयोग्यता रखने वाले सदस्य को हटाया नहीं जा सकता है और वे सदस्य पाँच वर्ष तक पद पर बने रहते हैं।

## विधानसभा में राजस्थान अधिवक्ता संरक्षण विधेयक, 2023 पारित

- राजस्थान विधानसभा द्वारा 'राजस्थान अधिवक्ता संरक्षण विधेयक, 2023' को संशोधित रूप में 21 मार्च, 2023 को पारित कर दिया गया।
- **उद्देश्य—** इस विधेयक को कर्तव्यों के निर्वहन करने के दौरान किसी अधिवक्ता के विरुद्ध हमला, घोर उपहति, आपराधिक बल और आपराधिक अभित्रास को रोकने के लिए लाया गया है।

### विधेयक के प्रावधान

- यदि कोई अपराधी किसी अधिवक्ता की संपत्ति को नुकसान पहुँचाता है तो न्यायालय द्वारा निर्धारित क्षतिपूर्ति की राशि उससे वसूल कर पीड़ित अधिवक्ता को देने का प्रावधान किया गया है।
  - ✓ *क्षतिपूर्ति की इस राशि की त्वरित वसूली भू-राजस्व के बकाया की तर्ज पर की जाएगी।*
- वकील पर हमले की जाँच डिप्टी एसपी रैंक के अधिकारी करेंगे।
- हमले के आरोपी को 2 वर्ष की कैद और ₹ 25,000 का जुर्माना होगा।
- वकील को गम्भीर चोट पहुँचाने पर 7 वर्ष की कैद और ₹50 हजार का जुर्माना।
- आत्मघाती हमले की स्थिति में 7 वर्ष की कैद।
- अधिवक्ताओं द्वारा इस कानून का दुरुपयोग करने पर 2 साल तक की सजा का प्रावधान भी किया गया है।
- राजस्थान अधिवक्ता संरक्षण विधेयक, 2023 प्रारूप के खण्ड 9 को विलोपित कर दिया गया है।
- उल्लेखनीय है कि राजस्थान पहला राज्य है जहाँ अधिवक्ताओं के संरक्षण की दिशा में ऐसा कानून लाया गया है।

## अनीता भदेल और अमीन खाँ को सर्वश्रेष्ठ विधायक का सम्मान

- शिव विधानसभा क्षेत्र के विधायक **अमीन खाँ** को वर्ष 2022 के लिए एवं अजमेर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से विधायक **अनीता भदेल** को वर्ष 2023 के लिए सर्वश्रेष्ठ विधायक के तौर पर पुरस्कृत किया गया है।
- **सम्मान समारोह**- उक्त विधायकों को राज्य विधानसभा में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की राजस्थान शाखा के तत्वावधान में आयोजित 'प्रभावी एवं सार्थक लोकतंत्र को बढ़ावा देने में विधानमंडल की भूमिका' विषयक सेमिनार में 20 मार्च, 2023 को सम्मानित किया गया।

## आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के लिए आईआईटी जोधपुर और बफेलो यूनिवर्सिटी के मध्य एमओयू

- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जोधपुर (IIT Jodhpur) और अमेरिका की बफेलो यूनिवर्सिटी (University of Buffalo) ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में साथ मिलकर काम करने के लिए मार्च 2023 में एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं।
- इस एमओयू का मूल उद्देश्य आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और डाटा साइंस का संयुक्त केन्द्र बनाना है, जो आईआईटी यूबी ज्वाइंट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और डाटा साइंस का संयुक्त केन्द्र होगा।

### समझौते के अन्य उद्देश्य

- शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में मिलकर कार्य करना और नई तकनीकों को विकसित करना।
- दोनों देशों के शैक्षिक, वैज्ञानिक, औद्योगिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विषयों को एक-दूसरे से साझा सहयोग प्रदान करना।
- अनुसंधान व तकनीकों और उनके डाटा को एक-दूसरे के साथ साझा कर शिक्षा गुणवत्ता को बेहतर बनाना।

## सुंदर कांति जोशी पुरस्कार 2023

- राजस्थान में महिला क्रिकेटरों को प्रोत्साहित किए जाने वाले पुरस्कार सुंदर कांति जोशी अवॉर्ड 2023 (चतुर्थ संस्करण) की घोषणा 25 मार्च, 2023 को की गई।




सुमन मीणा सिद्धि शर्मा पर्ल बाणावत

### पुरस्कृत खिलाड़ी

- **सीनियर वर्ग–** सुमन मीणा
  - ✓ *सुमन मीणा ने इस वर्ष बीसीसीआई के टूर्नामेंटों में कुल 250 रन और 26 विकेट के साथ राजस्थान के लिए शानदार ऑलराउंडर प्रदर्शन किया।*
- **जूनियर वर्ग–** सिद्धि शर्मा
  - ✓ *जूनियर वर्ग में सिद्धि शर्मा ने बोर्ड के अंडर-19 वनडे और टी-20 में कुल 102 रन बनाए और 19 विकेट लिए।*
- **सब-जूनियर वर्ग**- पर्ल बाणावत
  - ✓ *सब-जूनियर वर्ग में पर्ल ने 13 विकेट के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ यह पुरस्कार हासिल किया।*
  - ✓ *इस वर्ष सब-जूनियर वर्ग में नया पुरस्कार शुरू किया गया है।*
- **पुरस्कार राशि**

| सीनियर वर्ग | जूनियर वर्ग | सब-जूनियर वर्ग |
|---|---|---|
| ₹21 हजार | ₹11 हजार | ₹5 हजार |

- **पुरस्कार वितरण**- 3 अप्रैल, 2023 (श्रीमती सुन्दर कांति जोशी के जन्म दिवस पर)।
- **विगत् वर्ष (2022) की पुरस्कार विजेता**- सोनल कलाल (सीनियर वर्ग में) और अनाया गर्ग (जूनियर वर्ग में)।

**Know The Facts** : राजस्थान में महिला क्रिकेट को प्रोत्साहित करने के लिए यह पुरस्कार जयपुर के जोशी परिवार द्वारा शुरू किया गया है।

## राजीव गांधी नॉलेज सर्विस एण्ड इनोवेशन हब का शिलान्यास

- मुख्यमंत्री ने ₹ 200 करोड़ के व्यय से तैयार होने वाले 'राजीव गांधी नॉलेज सर्विस एण्ड इनोवेशन हब, जोधपुर' का शिलान्यास आईटी डे के अवसर पर 20 मार्च, 2023 को वर्चुअल कॉफ्रेंस के माध्यम से किया।
- **उद्देश्य/कार्य**- यह संस्थान स्टार्ट-अप्स और सर्विस प्रोफेशनल्स को विश्व-स्तरीय सुविधाएँ उपलब्ध कराने के साथ-साथ नवोन्मेषी विचारों को धरातल पर उतारने के लिए आधारभूत ढाँचा प्रदान करेगा।
  - ✓ *इससे राज्य में स्टार्ट-अप्स को प्रोत्साहन मिलेगा तथा प्रदेश में आर्थिक विकास के नए आयाम स्थापित होंगे।*

### मुख्यमंत्री आश्रित सेवा योजना

- मुख्यमंत्री गहलोत ने उक्त इनोवेशन हब के शिलान्यास के अवसर पर 20 मार्च को ही '**मुख्यमंत्री आश्रित सेवा योजना**' का शुभारम्भ किया।
- **उद्देश्य**- इस योजना के तहत् आवागमन में असमर्थ लाभार्थियों को चिन्हित कर, उनके पास सेवा प्रदायक को भेजकर सरकारी सेवाओं का लाभ दिया जाएगा। इस प्रकार इन लोगों को जन-कल्याणकारी योजनाओं से घर बैठे जोड़ा जा सकेगा।
- योजना के प्रथम चरण में दिव्यांगजन, वृद्धजन, एकल नारी, विधवा महिलाएँ, पालनहार को मुख्यमंत्री आश्रित सेवा योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा।

### जन आधार ई-वॉलेट लॉन्च

- मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर जन आधार ई-वॉलेट लॉन्च किया, जिसके माध्यम से राज्य सरकार द्वारा लाभार्थियों को दिए जा रहे नकद राशि तथा गैर-नकद राशि के वाउचर्स मिल सकेंगे।
- उपर्युक्त के अतिरिक्त मुख्यमंत्री ने राजस्थान डिजिटल यात्रा रिपोर्ट का विमोचन भी किया।

## पन्नाधाय, अमरा जी भगत और केसरी सिंह बारहठ के पेनोरमा निर्माण को मंजूरी

- राज्य में स्वतंत्रता सेनानी केसरी सिंह बारहठ, महाबलिदानी पन्नाधाय और लोकदेवता अमरा जी भगत के पेनोरमा के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री गहलोत ने ₹ 12 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति 28 मार्च, 2023 को प्रदान की है।
- **पेनोरमा व उनके निर्माण स्थल**
  - ✓ ***पन्नाधाय पेनोरमा**-चित्तौड़गढ़ जिले में पन्नाधाय के पैतृक स्थल पाण्डोली में।*

- ✓ ***लोकदेवता अमरा जी भगत (अनगढ़ बावजी) का पेनोरमा***- *चित्तौड़गढ़ जिले में।*
- ✓ ***स्वतंत्रता सेनानी श्री केसरी सिंह बारहठ का पेनोरमा***- *शाहपुरा, भीलवाड़ा में।*

- इन तीनों पेनोरमा के निर्माण कार्य पर्यटन विकास कोष से कराए जाएँगे।

## दुग्ध उत्पादन एवं ऊन उत्पादन में राजस्थान शीर्ष स्थान पर

- केन्द्रीय पशुपालन मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला द्वारा 15 मार्च, 2023 को विभागीय वार्षिक प्रकाशन 'बुनियादी पशुपालन सांख्यिकी 2022' (Basic Animal Husbandry Statistics-2022) जारी किया गया।
- राजस्थान दुग्ध उत्पादन एवं ऊन उत्पादन में देश में **प्रथम स्थान** पर है। देश के कुल दुग्ध उत्पादन का 15.5% एवं देश के कुल ऊन उत्पादन का 45.91% उत्पादन राजस्थान में होता है।
  - ✓ *देश में दुग्ध उत्पादन वर्ष 2021-22 में 221.06 मिलियन टन हुआ, गत वर्ष की तुलना में 5.29 प्रतिशत वृद्धि दर दर्ज की गई। वहीं सम्पूर्ण देश में वर्ष 2021-22 में कुल ऊन उत्पादन 33.13 हजार टन रहा।*
- **पाँच शीर्ष दुग्ध उत्पादक राज्य** : राजस्थान (15.05%), उत्तर प्रदेश (14.93%), मध्य प्रदेश (8.06% ), गुजरात (7.56%) एवं आंध्र प्रदेश (6.97%)।
- **पाँच शीर्ष ऊन उत्पादक राज्य** : राजस्थान (45.91%), जम्मू एवं कश्मीर (23.19%), गुजरात (6.12%), महाराष्ट्र (4.78%) एवं हिमाचल प्रदेश (4.33%)।

## राजस्थानी भाषा को राजभाषा का दर्जा देने हेतु समिति गठन

- राजस्थानी भाषा को राजस्थान की द्वितीय राजभाषा घोषित करने के सम्बन्ध में भाषा राज्यमंत्री ने एक समिति के गठन का अनुमोदन किया है।
- शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला द्वारा 16 मार्च, 2023 को विधानसभा में साझा की जानकारी के अनुसार यह समिति छत्तीसगढ़ एवं झारखण्ड के मॉडल का अध्ययन कर वहाँ की तर्ज पर राजस्थानी भाषा को मान्यता देने के सम्बन्ध में रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।
- उल्लेखनीय है कि राजस्थानी भाषा को मान्यता देने एवं संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करवाने के सम्बन्ध में राज्य विधानसभा द्वारा 25 अगस्त, 2003 को सर्वसम्मति से संकल्प पारित किया गया था।

**न्यूज फैक्ट**

- विभिन्न राज्यों में अलग-अलग भाषाओं को राजभाषा बनाया गया है।
- वर्तमान में राज्य में राजस्थान राजभाषा अधिनियम-1956 लागू है।
- महापात्रा समिति ने भी राजस्थानी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए पात्र माना है।


## मुख्यमंत्री ने की राजस्थान में 19 नए जिले और 3 नए संभाग बनाने की घोषणा

- प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान में 19 नए जिले और 3 संभाग मुख्यालय के गठन की राजस्थान की अब तक की सबसे बड़ी और ऐतिहासिक घोषणा 17 मार्च, 2023 को जारी की।
- मुख्यमंत्री की इस घोषणा से राजस्थान में जिलों की संख्या 50 तथा संभागों की संख्या 10 हो जाएगी।
- **घोषित किए गए नवीन जिले**- अनूपगढ़, बालोतरा, ब्यावर, डीग, डीडवाना-कुचामन, दूदू, गंगापुर सिटी, जयपुर उत्तर, जयपुर दक्षिण, जोधपुर पूर्व, जोधपुर पश्चिम, केकड़ी, कोटपुतली-बहरोड़, खैरथल, नीम का थाना, फलौदी, सलूम्बर, सांचौर एवं शाहपुरा।
- **घोषित किए गए नवीन संभाग**- बाँसवाड़ा, पाली एवं सीकर।
- मुख्यमंत्री ने नए जिलों के इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए लगभग ₹2 हजार करोड़ का प्रावधान भी किया है।

**न्यूज फैक्ट**

- नए जिलों के गठन के सम्बन्ध में सुझाव देने के लिए 21 मार्च, 2022 को रामलुभाया (सेवानिवृत्त आईएएस) की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया था। इस समिति का कार्यकाल 13 मार्च, 2023 को समाप्त हो गया था। इस समिति के कार्यकाल को राज्य सरकार ने 11 मार्च, 2023 को छह माह के लिए बढ़ा दिया है।
- इससे पहले 26 जनवरी, 2008 को प्रतापगढ़ को 33वाँ जिला बनाया गया था।
- अब से पहले भरतपुर को 4 जून, 2005 को राज्य का 7वाँ संभाग बनाया गया था।

**Facts... राजस्थान में नवीनतम 19 जिले**



# Rajasthan News InShort

## बिहेवियरल लैब

- जयपुर स्थित हरिश्चन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान में **बिहेवियरल लैब** की स्थापना होगी।
- इस लैब की स्थापना के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ₹ 1.22 करोड़ के वित्तीय प्रस्ताव को मार्च 2023 में मंजूरी दी है।
- यह लैब देश में अत्याधुनिक तकनीक से बनाई जा रही पहली बिहेवियरल लैब होगी।
- लगभग 2665.04 वर्गफीट क्षेत्र में स्थापित होने वाली इस लैब का प्रबंधन एवं संचालन आईआईएम उदयपुर द्वारा किया जाएगा।
- यहाँ पी.एच.डी. स्तर के सर्टिफिकेट कोर्स संचालित होंगे।
- **उद्देश्य** : अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर/हार्डवेयर सहित नवीन तकनीक की मदद से मानव के व्यवहार का अध्ययन करना।

## पशुपालक प्रशिक्षण केन्द्र

- बजट वर्ष 2023-24 में पाँच जिलों में पशुपालक प्रशिक्षण केन्द्र खोलने की घोषणा के अनुक्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने केन्द्र खोलने और आवश्यक संसाधनों हेतु ₹ 5.18 करोड़ की मंजूरी 12 मार्च, 2023 को प्रदान की है।
- **जिले जहाँ पशुपालक प्रशिक्षण केन्द्र खोले जाएँगे**- अलवर, नागौर, भरतपुर, सीकर एवं अजमेर।

## इंदिरा महिला शक्ति प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह

- अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के तहत् जयपुर जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय इंदिरा महिला शक्ति प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह का आयोजन 11 मार्च, 2023 को किया गया।
- इस समारोह में 'इनाया फाउंडेशन' को प्रथम पुरस्कार, 'सरिता योगी' को द्वितीय एवं 'एकादशी फाउंडेशन' को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## प्रो. रमेश चन्द्रा

- राज्यपाल कलराज मिश्र ने प्रदेश के दो विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति सम्बन्धी आदेश 8 मार्च, 2023 को दिए।
- **प्रो. रमेश चन्द्रा** : महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर
- **प्रो. शील सिंधु पांडेय**- राज ऋषि भर्तहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर

## गायत्री देवी यादव

- देश की राजधानी दिल्ली के विज्ञान भवन में 'स्वच्छ सुजल शक्ति' सम्मान समारोह का आयोजन 4 मार्च, 2023 को किया गया।
- इस सम्मान समारोह में राजस्थान में जल महिला की भूमिका निभा रही स्वयंसेवी गायत्री देवी यादव को '**जल योद्धा**' श्रेणी में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा सम्मानित किया गया है।
- **योगदान**- गायत्री देवी को यह पुरस्कार जयपुर के सांभर ब्लॉक में फार्म पॉन्ड बनाने के लिए ग्रामीण महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया है।

## चैस इन स्कूल एक्टीविटी

- प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती (19 नवम्बर, 2022) पर 'नो बैग डे' के तहत् 'चैस इन स्कूल एक्टिविटी' के नवाचार में 38,21,009 विद्यार्थियों ने भागीदारी की थी।
- शिक्षा विभाग की इस विशिष्ट उपलब्धि को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्ड्स, लंदन में शामिल किया गया है।
- वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रमाण-पत्र शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्ड्स, लंदन के इंडिया चैप्टर में राजस्थान के वाइस प्रेसीडेंट प्रथम भल्ला ने 2 मार्च, 2023 को सौंपा।

## मुख्यमंत्री सार्वजनिक सेवा उत्कृष्टता पुरस्कार अवॉर्ड

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की बजट घोषणा वर्ष 2023- 24 की अनुपालना में 'मुख्यमंत्री सार्वजनिक सेवा उत्कृष्टता पुरस्कार' (C M EXCELS) अवॉर्ड 3 मार्च, 2023 को लॉन्च किया गया।
- **योग्यता-** यह पुरस्कार प्रदेश के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा प्रदेश की नीतियों एवं कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने में किए गए नवाचारों एवं अर्जित उपलब्धियों के प्रोत्साहन के लिए दिया जाएगा।
- **वितरण**- यह अवॉर्ड प्रतिवर्ष 'सिविल सेवा दिवस' के अवसर पर 21 अप्रैल को दिया जाएगा।

## नन्दन कानन योजना

- प्रदेश में मंदिरों की भूमि की चारदीवारी कर उन्हें संरक्षित एवं विकसित करने के लिए देवस्थान विभाग 'नन्दन कानन योजना' बना रहा है।
- इस योजना के तहत् पीपल, आंवले तथा कल्पवृक्ष आदि के पौधे लगाकर मंदिरों की भूमि को नन्दन कानन के रूप में विकसित एवं संरक्षित किया जाएगा।

## मल्लीनाथ पशु मेला

- पश्चिमी राजस्थान के बाड़मेर जिले के तिलवाड़ा में प्रसिद्ध 'मल्लीनाथ पशु मेला' का आयोजन 18 मार्च से 1 अप्रैल 2023 को किया जा रहा है।
- इस मेले में लगातार दूसरी बार केन्द्र सरकार के कृषि मंत्रालय की ओर से 150 स्टॉलों की अत्याधुनिक कृषि प्रदर्शनी भी लगाई गई। इसमें से 20 स्टॉल बाजरा उत्पाद की लगाई गईं।
- मेले में भामाशाह पृथ्वीराज सिंह कोलू की ओर से गायों के संरक्षण को लेकर दुधारू गाय प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जाता है।
  - ✓ *इसमें पूरे दिन में सबसे ज्यादा दूध देने वाली गाय को इनाम के रूप में 1 किलो चाँदी द्वितीय स्थान पर आने वाली गाय को 500 ग्राम चाँदी व तृतीय स्थान पर आने वाली गाय को 250 ग्राम चाँदी उपहार के रूप में भेंट की जाती है।*

### राजस्थान मिलेट्स प्रोत्साहन मिशन

- राज्य सरकार द्वारा मिलेट्स प्रोत्साहन हेतु कृषि बजट 2022-23 में 'राजस्थान मिलेट्स प्रोत्साहन मिशन' प्रारम्भ किया गया है।
- इस क्रम में बाजरा, ज्वार व अन्य मिलेट्स का घरेलू उपयोग बढ़ाने के लिए इसे मिड-डे-मील, इन्दिरा रसोई व आईसीडीएस की योजनाओं में सम्मिलित किया जाएगा।
- मिलेट्स की उत्पादकता में वृद्धि, फसलोत्तर प्रबंधन एवं मूल्य संवर्द्धन के लिए ₹5 करोड़ की लागत से जोधपुर में '**मिलेट्स उत्कृष्टता केन्द्र**' स्थापित किया जा रहा है।
- उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वर्ष 2023 को 'अन्तर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष' घोषित किया गया है।
  - ✓ *उदयपुर में आयोजित जी-20 सम्मेलन में विशेष मिलेट्स लंच का आयोजन किया गया था, इसी तर्ज पर राजस्थान विधानसभा में भी सभी सदस्यों के लिए मिलेट्स डिनर का आयोजन मार्च 2023 में किया गया।*

## अन्तर्राष्ट्रीय होली महोत्सव

- 'अन्तर्राष्ट्रीय होली महोत्सव' का आयोजन 4-7 मार्च, 2023 को राजस्थान की प्रसिद्ध धार्मिक पर्यटन नगरी पुष्कर में किया गया।
- पर्यटन विभाग एवं राजस्थान पर्यटन विकास निगम द्वारा इस उत्सव का आयोजन पुष्कर को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए किया गया।

## एमएसएमई उद्योग मेला

- प्रदेश के सबसे बड़े एमएसएमई औद्योगिक प्रदर्शनी और मेले का आयोजन कोटा के दशहरा मैदान में 4-6 मार्च, 2023 को किया गया।
- इस मेले का शुभारम्भ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केन्द्रीय एमएसएमई मंत्री नारायण राणे द्वारा किया गया।

## वीर तेजाजी कल्याण बोर्ड

- राजस्थान सरकार द्वारा राजस्थान राज्य वीर तेजाजी कल्याण बोर्ड का गठन किया गया है।
- सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग ने 'वीर तेजाजी कल्याण बोर्ड' के गठन के आदेश 2 मार्च, 2023 को जारी किए हैं।
- **बोर्ड की संरचना**- बोर्ड में नौ गैर-सरकारी सदस्य होंगे। इनमें एक अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष और सात सदस्य शामिल हैं।

## डॉ. सविता बेन अम्बेडकर योजना

- वित्त वर्ष 2023-24 की बजट घोषणा के अनुक्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 'डॉ. सविता बेन अम्बेडकर योजना' के अन्तर्गत अन्तर्जातीय विवाह पर दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि में वृद्धि के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है।
- इस योजना के अन्तर्गत अब अन्तर्जातीय विवाह पर प्रोत्साहन राशि ₹ 10 लाख मिलेगी। अभी तक यह राशि ₹5 लाख मिलती रही है।
  - ✓ *इस राशि में से ₹5 लाख 8 वर्ष के लिए फिक्स्ड डिपोजिट कराए जाएँगे, जबकि शेष ₹5 लाख संयुक्त बैंक खाते में जमा कराए जाएँगे।*

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन में वृद्धि

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सामाजिक सुरक्षा के तहत् दी जाने वाली मासिक पेंशन राशि में बढ़ोतरी के प्रस्ताव को मार्च 2023 में मंजूरी दे दी है।
- इस स्वीकृति के बाद प्रदेश के सभी कमजोर वर्गों को वर्तमान में देय ₹ 500-750 प्रतिमाह पेंशन राशि अब न्यूनतम ₹1 हजार प्रतिमाह मिलेगी।
- वृद्धावस्था, एकल नारी, विशेष योग्यजन, लघु एवं सीमांत कृषक पेंशन में पात्र आवेदकों को बढ़ी हुई पेंशन राशि माह मई 2023 से मिलेगी, जो कि एक जून 2023 को देय होगी।

## राजीव गांधी जल संचय योजना

- प्रदेश में 'राजीव गांधी जल संचय योजना' (आरजीजेएसवाई) के द्वितीय चरण का शुभारम्भ ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री रमेश चन्द मीना द्वारा 22 मार्च, 2023 को वर्चुअली किया गया।
- योजना के इस चरण में राज्य के 33 जिलों की 349 पंचायत समितियों में ₹ 2,600 करोड़ की राशि से 4,600 गाँवों में जल संग्रहण एवं संरक्षण के 2 लाख कार्य किए जाएँगे।


## जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय, रानपुर (कोटा)

- 'जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय, रानपुर (कोटा)' को निजी विश्वविद्यालय सामाजिक जनसहयोग से स्थापित किया जा रहा है।


READ **Dr. L.R. Bhalla Books**
For Sure Success in Exams
For RAS & All Forthcoming Competitive Exams

**RPSC** Latest Editions — **RELEASED** BOOK NOW

सामयिक राजस्थान ₹920/-
भूगोल, अर्थव्यवस्था, इतिहास, कला, संस्कृति, विरासत, राजनीतिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था
मेधांश राजस्थान ₹765/-
राजस्थान का भूगोल ₹385/-
Contemporary Rajasthan ₹680/-
Geography of Rajasthan ₹395/-
G.K. of Rajasthan ₹450/-
Objective Type Study
8001 राजस्थान का सामान्य ज्ञान वस्तुनिष्ठ अध्ययन ₹550/-




Mob. : 9829436442
**कुलदीप पब्लिकेशन्स्**
1731, ठठेरों का रास्ता, चौड़ा रास्ता, जयपुर-302001
Ph.: 0141-2328467
Email : kuldeeppublicationjaipur@gmail.com

- प्रस्तावित विश्वविद्यालय की स्थापना का उद्देश्य आदिवासी समाज के विद्यार्थियों के साथ ही अन्य वर्गों के विद्यार्थियों को बिना भेदभाव उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान के समुचित अवसर उपलब्ध करवाना है।
- इस विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने भी सांसद एवं विधायक निधि से वित्तीय सहयोग प्रदान किया है।
  - ✓ *प्रदेश के 79 विधायकों ने विधायक निधि से ₹ 10-10 लाख स्वीकृत किए हैं।*
  - ✓ *इसके अतिरिक्त लगभग 40 विधायकों ने आगामी वित्तीय वर्ष में राशि उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया है।*
- विधानसभा ने इससे सम्बन्धित 'जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय, रानपुर (कोटा) विधेयक, 2023' संशोधित रूप में 21 मार्च, 2023 को पारित कर दिया।

**न्यूज फैक्ट**

- विश्वविद्यालयों की संख्या की दृष्टि से राजस्थान देश में गुजरात के बाद दूसरे स्थान पर है।
- देश में सर्वाधिक 3 महिला विश्वविद्यालय भी राजस्थान में हैं।

## बाबा आम्टे दिव्यांग विश्वविद्यालय

- दिव्यांगजन के लिए उच्च शिक्षण एवं अनुसंधान के लिए जामडोली (जयपुर) में ₹ 72 करोड़ के व्यय से बाबा आम्टे दिव्यांग विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी।
- यह विश्वविद्यालय पूर्णतया आधुनिक होगा जिसमें वाई-फाई, स्मार्ट क्लास रूम, मॉडर्न कम्प्यूटर लैब, प्रोजेक्टर इत्यादि की सुविधा उपलब्ध होगी।
- विश्वविद्यालय में बी.एड.बौद्धिक दिव्यांगता, डिप्लोमा इन साइन लैंग्वेज इत्यादि पाठ्यक्रम आदि संचालित किए जाएँगे।
- इससे सम्बन्धित 'बाबा आम्टे दिव्यांग विश्वविद्यालय, जयपुर विधेयक-2023' राज्य विधानसभा में 20 मार्च, 2023 को पारित किया गया।

## स्मार्ट शाला प्रोग्राम

- शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला द्वारा प्रदेश के आठ जिलों के चिह्नित विद्यालयों में 'स्मार्ट शाला प्रोग्राम' शुभारम्भ 21 मार्च, 2023 को किया गया।
- **जिले जहाँ के विद्यालयों में कार्यक्रम शुरू हुआ**- धौलपुर, करौली, बाराँ, सिरोही, जैसलमेर, जोधपुर, जयपुर एवं बीकानेर।
- **कार्यक्रम का संचालन**- स्मार्ट शाला प्रोग्राम का शुभारम्भ 'राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्' और 'सम्पर्क फाउण्डेशन' के बीच हुए एमओयू के तहत् किया गया है।
  - ✓ *यह कार्यक्रम शिक्षा विभाग, स्कूल शिक्षा परिषद्, सम्पर्क फाउंडेशन एवं आईआईएफएल फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।*

## तनिष्क पटवा (उदयपुर)

- **सम्बन्धित खेल**- वाटर स्पोर्ट्स
- **चयन**- एशियन कैनो स्प्रिंट चैम्पियनशिप के लिए भारतीय टीम में चयनित।
- तनिष्क इस क्षेत्र में भारतीय टीम में शामिल होने वाली राजस्थान की पहली खिलाड़ी हैं।
- वाटर स्पोर्ट्स एशियन कैनो स्प्रिंट चैम्पियनशिप का आयोजन अप्रैल 2023 में उज्बेकिस्तान में किया जाएगा।
- तनिष्क इससे पहले 'खेलो इंडिया' में भी स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं।

## राजस्थान सीनियर वुशू टीम

- भारतीय वुशू संघ की ओर से जालंधर में आयोजित 6वीं फेडरेशन कप (पुरुष/महिला) वुशू प्रतियोगिता में राजस्थान वुशू टीम ने ओवरऑल टीम का खिताब जीतकर इतिहास रचा है।
- राजस्थान की टीम उक्त प्रतियोगिता में 6 स्वर्ण, 9 रजत और 11 कांस्य पदक जीतने में सफल रही।
- उल्लेखनीय है कि राजस्थान सीनियर वुशू टीम ने ओवरऑल टीम चैम्पियनशिप का खिताब पहली बार जीता है।

## मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक भाषा दक्षता एवं सम्प्रेषण कौशल विकास योजना

- **योजना का शुभारम्भ**- 20 मार्च, 2023
- **उद्देश्य**- अल्पसंख्यक समुदाय के युवाओं में भाषा दक्षता एवं सम्प्रेषण कौशल विकास।
  - ✓ *योजना का उद्देश्य अल्पसंख्यक समुदाय के युवाओं को अंग्रेजी के साथ फ्रेंच, जर्मन, अरबी, स्पेनिश, फारसी और अन्य विदेशी भाषाओं का अध्ययन, बोलना व सम्प्रेषण कौशल विकसित कर रोजगार प्राप्ति में सहयोग प्रदान करना है।*

## जोधपुर इंटरनेशनल थिएटर फेस्टिवल

- **आयोजन**- 18-22 मार्च, 2023
- **आयोजक**- राजस्थान संगीत नाटक अकादमी
- अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का यह थियेटर फेस्टिवल जोधपुर में पहली बार आयोजित किया गया है।
- जोधपुर इंटरनेशनल थिएटर फेस्टिवल में देश-विदेश के 6 नाटकों का प्रदर्शन किया गया।

## इंदिरा महिला शक्ति प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह

- दौसा जिले के सिकराय में 28 मार्च, 2023 को 'इंदिरा महिला शक्ति प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया, जिसमें महिला एवं बालिका सशक्तीकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए तीन संस्थाओं को सम्मानित किया गया।
- **सम्मानित संस्थाएँ**- रौनक राजीविका महिला सर्वांगीण विकास सहकारी समिति लिमिटेड सिकराय; दिशा राजीविका महिला सर्वांगीण विकास सहकारी समिति लिमिटेड, भाण्डारेज एवं फाउण्डेशन टू एजुकेट गर्ल्स ग्लोबली।

## महाराव शेखाजी सशस्त्र बल अकादमी

- प्रदेश के युवाओं को सेना में भर्ती की तैयारी के लिए आवासीय सुविधा सुलभ कराने के लिए 'महाराव शेखाजी सशस्त्र बल अकादमी' की स्थापना सीकर में की जा रही है।


................................................................ **शेष पृष्ठ 48 पर**

Current affairs Quest

In Oneliner

- मार्च 2023 में महेन्द्रगढ़ (हरियाणा) में सम्पन्न 'सीनियर राष्ट्रीय महिला कबड्डी चैम्पियनशिप-2023' में राजस्थान ने कौनसा पदक जीता? **कांस्य पदक**
- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अन्तर्जातीय विवाह पर कितनी प्रोत्साहन राशि देने को मंजूरी 23 मार्च 2023 को दी है? **₹ 10 लाख**
- भारतीय जनता पार्टी ने चन्द्र प्रकाश जोशी (सी.पी.जोशी) को राजस्थान का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। वह किस लोकसभा सीट से सांसद हैं? **चित्तौड़गढ़**
- श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय की ओर से मिलेट, उत्पादन प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन आधारित एग्री बिजनेस कॉन्क्लेव का आयोजन 21-22 मार्च, 2023 को कहाँ किया गया? **कृषि अनुसंधान केन्द्र, दुर्गापुरा**
- राज्य सरकार द्वारा कर्मचारियों व पेंशनर्स के मँहगाई भत्ते में 4% की वृद्धि किए जाने से अब इन्हें मिलने वाला मँहगाई भत्ता (1 जनवरी, 2023 से) कितना प्रतिशत हो गया है? **42 प्रतिशत**
- डॉ. देवेन्द्र कुमार का सम्बन्ध किस जिले से हैं, जिन्हें सम्बलपुर (ओडिशा) में आयोजित 'ऑल इंडिया पब्लिक सेक्टर गोल्फ चैम्पियशिप' में सर्वश्रेष्ठ गोल्फर चुना गया है? **जयपुर**
- केन्द्र सरकार के 'डिजिटल इंडिया लैण्ड रिकॉर्ड मॉर्डनाइजेशन प्रोग्राम (डीआईएलआरएमपी)' के तहत् राज्य की कितनी तहसीलें ऑनलाइन हो गई हैं? **385**
- राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के 16 जिलों के कितने गाँवों को अभावग्रस्त घोषित किए जाने सम्बन्धी अधिसूचना 16 मार्च, 2023 को जारी की गई? **8,108 ग्राम**
- बाल विवाहों के आयोजन की प्रभावी रोकथाम हेतु आमजन में जागरूकता फैलाने के लिए जयपुर जिले में विशेष अभियान किस अवधि में चलाया जाएगा? **1 अप्रैल से 30 जून, 2023**
- राजस्थान 4 वर्ष बाद आईपीएल की मेजबानी करेगा। आईपीएल के 16वें सीजन में राजस्थान रॉयल्स के मुकाबले राजस्थान में कहाँ खेले जाएँगे? **सवाई मानसिंह स्टेडियम (जयपुर)**
- राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम (आरएसएलडीसी) की ओर से 21 मार्च, 2023 को 'इण्डस्ट्रीज कनेक्ट 2023' का आयोजन कहाँ किया गया? **भिवाड़ी, अलवर**
- जल जीवन मिशन के तहत् 8 हजार जल कनेक्शन प्रतिदिन देकर राजस्थान प्रतिदिन जल कनेक्शन देने में देश में कौनसे स्थान पर है? **तीसरे**
- 'राजस्थान हस्तशिल्प कलाएँ' एवं उसका अंग्रेजी अनुवाद 'दी हैंडीक्राफ्ट्स ऑफ राजस्थान' के लेखक कौन हैं? **पन्नालाल मेघवाल (पूर्व संयुक्त निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग)**
- करणी सेना के संस्थापक कौन थे, जिनका 13 मार्च, 2023 को निधन हो गया? **लोकेन्द्र सिंह कालवी**
- **'भादरा शहरी पेयजल योजना'** का सम्बन्ध किस जिले से है, जिसके लिए बजट घोषणा 2023-24 के अनुसरण में ₹ 95.64 करोड़ की मंजूरी मार्च 2023 दी गई है? **हनुमानगढ़**
- प्रदेश में 'केटल फीड प्लांट' की स्थापना कहाँ की जाएगी, जिसके लिए राशि डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) के माध्यम से व्यय की जाएगी? **उदयपुर एवं नाथद्वारा (राजसमन्द)**
- कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग की ओर से दो दिवसीय मेगा जॉब फेयर भरतपुर में कब आयोजित किया गया? **23-24 मार्च, 2023**
- अखिल भारतीय राज्य नागरिक, प्रशासनिक सेवा महासंघ का कौनसा अधिवेशन जयपुर में 24-26 मार्च, 2023 को आयोजित किया गया? **16वाँ**
- जोधपुर के के.एन. चेस्ट चिकित्सालय के अतिरिक्त प्रदेश के अन्य किस चिकित्सालय में 'सिलिकोसिस विंग' की स्थापना की जाएगी? **जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय, अजमेर**
- आरटीडीसी द्वारा 'पैलेस ऑन व्हील' के प्रमोशन एवं ब्रांडिंग के लिए 22-24 अप्रैल, 2023 तक किस पहल का आयोजन किया जाएगा, जिसमें नामी पत्रकार, प्रमुख टूर एण्ड ट्रैवल एजेंसी के प्रतिनिधियों के साथ ही कई फिल्मी कलाकार भी शामिल होंगे? **फेम ट्यूर**
- जयपुर में चार दिवसीय संभाग स्तरीय आरोग्य मेले का आयोजन किस अवधि में किया गया? **24-26 मार्च, 2023**
- जलदाय मंत्री डॉ. महेश जोशी ने अटल भू-जल संरक्षण रथों को 23 मार्च, 2023 को हरी झण्डी दिखाई। ये रथ प्रदेश के 17 जिलों की कितनी ग्राम पंचायतों में जाकर पानी की एक-एक बूंद को सहेजने एवं भू-जल प्रबंधन की नवीनतम तकनीक के बारे में सामुदायिक जागरूकता फैलाएँगे? **38 पंचायत समितियों की 1139 ग्राम पंचायतों में**

- बजट 2023-24 की घोषणा की अनुपालना में मुख्यमंत्री ने 80% या इससे अधिक दिव्यांगता वाले विशेष योग्यजन को जीवनसाथी बनाने पर आर्थिक सहायता को ₹ 50 हजार से बढ़ाकर कितने किए जाने की मंजूरी मार्च 2023 में दी है? **₹ 5 लाख**
- प्रदेश के किस चिकित्सा महाविद्यालय में टर्मिनल डिजीज से सम्बन्धित पेलिएटिव मेडिसिन विभाग की स्थापना की जाएगी? **चिकित्सा महाविद्यालय अजमेर**
- बजट घोषणा 2023-24 की अनुपालना में प्रदेश के किस चिकित्सालय में रोबोटिक सर्जरी यूनिट स्थापित की जाएगी? **मथुरादास माथुर (एमडीएम) चिकित्सालय, जोधपुर**
- राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर सार्वजनिक जिला पुस्तकालयों में 'सावित्री बाई फूले वाचनालय' स्थापित किए जा चुके हैं। वर्ष 2023-24 के राज्य बजट में ये वाचनालय किस स्तर पर भी खोलने की घोषणा की गई है? **ब्लॉक मुख्यालय**
- निदेशालय समेकित बाल विकास सेवाएँ द्वारा प्रदेश में 'अन्तर्राष्ट्रीय खुशी दिवस' कब मनाया गया? **20 मार्च, 2023**
- राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम (आरएसएलडीसी) द्वारा जयपुर में 13 मार्च, 2023 को आयोजित किस कॉन्क्लेव में आरटीडी (रिक्रूट ट्रेन एंड डिप्लॉय) पैटर्न पर रोजगार देने के लिए 18 संस्थाओं के साथ एमओयू साइन किए? **सीएक्सओ कॉन्क्लेव-2023**
- ग्राम थैरावर (कुम्हेर, भरतपुर) की वह सरपंच जिसे अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय नारी शक्ति शिरोमणि अवार्ड 2023 से 12 मार्च, 2023 को दिल्ली में सम्मानित किया गया? **सावित्री यादव**
- आशा कुमारी लोधा किस गाँव की सरपंच हैं, जिन्हें अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच की ओर से नेपाल के उपराष्ट्रपति परमानंद झा द्वारा 'अन्तर्राष्ट्रीय नारी शक्ति शिरोमणि पुरस्कार 2023' प्रदान किया गया? **सोन गाँव, डीग (भरतपुर)**
- सुशीला कुमारी राजस्थान की किस रियासत की पूर्व राजमाता थीं, जिनका 11 मार्च, 2023 को निधन हो गया? **बीकानेर**
- जोधपुर स्थित थल सेना की कोणार्क कोर की 'डेंजर्स अरेनर्स'(कोर ऑफ सिग्नल्स) की पहली महिला कमांडिंग अफसर किसे नियुक्त किया गया है? **कर्नल मधु राणा (हिमाचल प्रदेश)**
- वनस्थली विद्यापीठ ने अपने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को उन्नत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में ट्रेनिंग उपलब्ध कराने के लिए किस संस्थान के साथ 9 मार्च, 2023 को एमओयू किया है? **राजीव गांधी सेंटर फॉर एडवांस्ड टेक्नोलॉजी (आरकैट)**
- किस शहर में अतिरिक्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री ने देवास-तृतीय एवं चतुर्थ बाँधों के निर्माण के लिए ₹ 1691 करोड़ के वित्तीय प्रस्ताव को मार्च 2023 में स्वीकृति दी है? **उदयपुर**
- उद्योग विभाग एवं राजस्थान फाउंडेशन के तत्वाधान में 'इंटरनेशनल राजस्थानी कॉन्क्लेव' का आयोजन 23-24 सितम्बर, 2023 को कहाँ किया जाएगा? **जयपुर**
- 'राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना-2022' में सभी प्रकार के अनुदान एवं छूट हेतु आवेदन एवं अग्रिम प्रक्रिया 8 मार्च, 2023 से ऑनलाईन हो गई है। इस योजना की कार्यावधि कब तक है? **31 मार्च, 2027**
- महात्मा गांधी नरेगा योजना में 100 दिवस पूर्ण करने के बाद प्रदेश के परिवारों को किस योजना के तहत् स्थायी रूप से अतिरिक्त 25 दिवस का रोजगार मिलेगा? **मुख्यमंत्री ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना**
- मुख्यमंत्री ने विशेष योग्यजनों के अलावा किन समुदायों को 100 दिवस के स्थान पर 200 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है? **कथौड़ी एवं सहरिया**
- ऑस हैरिटेज, ऑस्ट्रेलिया और पीडीकोर ने किस उद्देश्य के लिए मार्च, 2023 में एक एमओयू किया है? **जयपुर शहर की पुरा संपदा के संरक्षण व संवर्द्धन**
- 'गोरा बादल स्टेडियम' राज्य के किस जिले में है जिसके निर्माण एवं विकास कार्यों का शिलान्यास 3 मार्च, 2023 को किया गया? **चित्तौड़गढ़**
- जयपुर के प्रसिद्ध सिटी पार्क में किस जापानी तकनीक से ऑक्सीजोन पॉकेट्स बनाए जा रहे हैं, जिसमें 35 प्रजातियों के लगभग 3 हजार पेड़ लगाकर इसे घने जंगल का रूप दिया जा रहा है? **मियावाकी तकनीक**
- राज्य सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुँचाने के लिए आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा राजीव गाँधी युवा मित्र कार्यक्रम के तहत् ट्विटर स्पेस पर कौनसा कार्यक्रम चलाया जा रहा है? **काम री बातां चौपाल पर**
- प्रदेश में '**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ऑफ थिंग्स इनोवेशन हब**' की स्थापना कहाँ की जाएगी? **जोधपुर**
- मुख्यमंत्री द्वारा मार्च 2023 में मंजूरी के बाद सामाजिक सुरक्षा के तहत् दी जाने वाली मासिक पेंशन राशि ₹ 500-750 से बढ़कर अब न्यूनतम कितनी हो गई है? **₹ 1000 प्रतिमाह**
- स्पाइडर इंडिया संस्था द्वारा 6वीं स्पाइडर मीट का आयोजन मार्च 2023 में जैसलमेर में किया गया। इस वैज्ञानिक बैठक का विषय क्या था? **स्पाइडर्स अराउंड डेजर्ट नेशनल पार्क इन सम**
- रातरतन कोचर की स्मृति में प्रतिवर्ष दिए जाने वाले पत्रकारिता एवं साहित्य पुरस्कार के लिए किसका चयन किया गया है? **प्रदीप शेखावत (वरिष्ठ पत्रकार, राजस्थान पत्रिका)**
- टाटा मोटर्स ने गंगानगर वाहन उद्योग की साझेदारी में राजस्थान की पहली रजिस्टर्ड व्हीकल स्क्रैपिंग फैसिलिटी कहाँ शुरू की है? **जयपुर**
- प्रदेश में साइबर सिक्योरिटी तथा डाटा सिक्योरिटी को बढ़ावा देने के लिए 'राजीव गांधी सेन्टर फॉर आईटी डवलपमेंट एण्ड ई-गवर्नेंस'की स्थापना कहाँ की जाएगी, जिसके लिए मुख्यमंत्री ने ₹147.55 करोड़ की स्वीकृति 28 फरवरी, 2023 को दी है? **जयपुर**



# पुरस्कार एवं सम्मान

## 95वें ऑस्कर पुरस्कार (2023) : 'एवरीथिंग एवरीव्हेअर ऑल एट वन्स' को सर्वाधिक 7 पुरस्कार

- वर्ष 2022 के दौरान प्रदर्शित फिल्मों के लिए (95वें) ऑस्कर पुरस्कारों का वितरण 12 मार्च, 2023 को अमेरिका में लॉस एंजेल्स के डोल्बी थिएटर में किया गया।
- सिनेमा जगत के सर्वाधिक प्रतिष्ठित माने जाने वाले इन पुरस्कारों का वितरण अमेरिका की 'एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एण्ड साइंसेज' द्वारा प्रतिवर्ष किया जाता है।
  - ✓ *इन पुरस्कारों को **एकेडमी पुरस्कार** नाम से भी जाना जाता है।*
- अमेरिकन जोड़ी डेनियल्स (डेनियल क्वान और डेनियल स्कैनर्ट) द्वारा निर्देशित फिल्म 'एवरीथिंग एवरीव्हेअर ऑल एट वन्स' (Everything Everywhere All at Once) को सात पुरस्कार इन पुरस्कारों के तहत् प्राप्त हुए, इनमें सर्वश्रेष्ठ फिल्म, सर्वश्रेष्ठ निर्देशक, सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री, सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता, सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री, सर्वश्रेष्ठ ऑरिजिनल स्क्रीनप्ले और सर्वश्रेष्ठ फिल्म एडिटिंग के पुरस्कार शामिल हैं।
  - ✓ *एकेडमी पुरस्कारों में सर्वाधिक 11 नॉमिनेशन भी इसी फिल्म को प्राप्त हुए।*
  - ✓ *ऑस्कर अवॉर्ड्स के लिए सर्वाधिक 11 नॉमिनेशंस फिल्म 'एवरीथिंग एवरीव्हेअर ऑल एट वन्स' को ही मिले।*

### ऑस्कर अवॉर्ड-2022 के विजेता : एक नजर में

| श्रेणी | विजेता |
|---|---|
| बेस्ट फिल्म | एवरीथिंग एवरीव्हेअर ऑल एट वन्स |
| बेस्ट डायरेक्शन | डेनियल क्वान और डेनियल स्कैनर्ट (फिल्म : एवरीथिंग एवरीव्हेअर ऑल एट वन्स) |
| बेस्ट एक्टर (लीडिंग रोल) | ब्रेंडन फ्रेजर (फिल्म : द व्हेल) |
| बेस्ट एक्ट्रेस (लीडिंग रोल) | मिशेल मिओह (फिल्म : एवरीथिंग एवरीव्हेअर ऑल एट वन्स) |
| बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर | के ह्यु क्वान (फिल्म : एवरीथिंग एवरीव्हेअर ऑल एट वन्स) |
| बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस | जेमी ली कर्टिस (फिल्म : एवरीथिंग एवरीव्हेअर ऑल एट वन्स) |
| बेस्ट ऑरिजिनल स्क्रीनप्ले | एवरीथिंग एवरीव्हेअर ऑल एट वन्स (डेनियल क्वान और डेनियल स्कैनर्ट) |
| बेस्ट एडेप्टेड स्क्रीनप्ले | वूमन टॉकिंग |
| बेस्ट ऑरिजिनल स्कोर | वोल्कर बर्टेलमैन (फिल्म : ऑल क्वाइट ऑन द वेस्टर्न फ्रंट) |
| बेस्ट ऑरिजिनल सॉन्ग | 'नाटु नाटु' (फिल्म : आरआरआर) |
| बेस्ट साउंड | टॉप गन : मावरिक |
| बेस्ट प्रोडक्शन डिजाइन | ऑल क्यूट ऑन द वेस्टर्न फ्रंट |
| बेस्ट सिनेमेटोग्राफी | जेम्स फ्रेंड (फिल्म : ऑल क्वाइट ऑन द वेस्टर्न फ्रंट) |
| बेस्ट फिल्म एडिटिंग | एवरीथिंग एवरीव्हेअर ऑल एट वन्स |
| बेस्ट विजुअल इफेक्ट्स | अवतार : द वे ऑफ वॉटर |
| बेस्ट डॉक्यूमेंट्री (फीचर) | नेवलनी |
| बेस्ट एनिमेटेड शॉर्ट फिल्म | द बॉय, द मोल, द फोक्स एण्ड द हॉर्स |
| बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म | ऑल क्यूट ऑन द वेस्टर्न फ्रंट (जर्मनी) |
| बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट सब्जेक्ट | द एलीफेंट व्हिस्पर्स (निर्देशक : कार्तिकी गोंजाल्विस; निर्माता : गुनीत मोंगा व अन्य) |

### भारत को पहली बार दो एकेडमी अवॉर्ड

- एकेडमी अवॉर्ड (ऑस्कर पुरस्कार) के तहत् एसएस राजमौली की फिल्म **'आरआरआर' के 'नाटु-नाटु' गाने को सर्वश्रेष्ठ ऑरिजिनल सॉन्ग** के लिए पुरस्कृत किया गया। गीत के संगीतकार एस.एस. कोशनवी, गीतकार चंद्रबोस ने मिलकर यह पुरस्कार प्राप्त किया।
- भारत की लघु फिल्म **'द एलीफेंट व्हिस्पर्स'** को **बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट फिल्म श्रेणी** में ऑस्कर अवॉर्ड मिला तथा यह पुरस्कार जीतने वाली पहली फिल्म बनीं।
  - ✓ *गुनीत मोंगा के डायरेक्शन में बनी 'द एलीफेंट व्हिस्पर्स' कार्तिकी गोंजाल्विस की पहली मूवी है।*

**Know The Facts** : वर्ष 2008 में ब्रिटिश फिल्म स्लमडॉल मिलिनेयर में ए आर रहमान द्वारा संगीतबद्ध और गीतकार गुलजार द्वारा लिखित 'जय हो' गीत सर्वश्रेष्ठ मूल स्कोर और मूल गीत श्रेणियों में यह पुरस्कार पाने वाला पहला हिन्दी गीत बना था।


## 28वाँ देवीशंकर अवस्थी स्मृति सम्मान, 2022

- प्रति वर्ष आलोचना साहित्य में दिया जाने वाला वर्ष 2022 का '28वाँ देवीशंकर अवस्थी स्मृति सम्मान' कवि-कथाकार सुजाता को उनकी पुस्तक 'आलोचना का स्त्री पक्ष' को दिए जाने की घोषणा मार्च 2023 में की गई।
  - ✓ *उन्हें यह पुरस्कार 5 अप्रैल, 2023 को दिल्ली में साहित्य अकादमी सभागार में आयोजित एक समारोह में प्रदान किया जाएगा।*

- वर्ष 1995 में स्थापित यह सम्मान 45 वर्ष तक के युवा आलोचक लेखकों को दिया जाता है।

**Know The Facts** : गत वर्ष (2021 का) यह सम्मान प्रसिद्ध आलोचक एवं कवि अच्युतानंद मिश्र को उनकी आलोचना पुस्तक 'कोलाहल में कविता की आवाज' के लिए दिया गया था।

## एबेल प्राइज-2023


लुइस ए. कैफरेली

- गणित के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए वर्ष 2023 का एबेल पुरस्कार अर्जेंटीना में जन्मे गणितज्ञ लुइस ए. कैफरेली (Luis A. Caffarelli) को प्रदान करने की घोषणा 'नॉर्वेजियन एकेडमी ऑफ साइंस एण्ड लेटर्स' ने 23 मार्च, 2022 को की।
- लुइस कैफरेली ने गैर-रैखिक आंशिक अंतर समीकरणों के लिए नियमितता सिद्धांत में उनके योगदान हेतु यह पुरस्कार जीता है, जिसमें मुक्त-सीमा समस्याएँ और मोंगे-एम्पीयर समीकरण शामिल हैं।

**महत्वपूर्ण बिन्दु**

- एबेल पुरस्कार 'नॉर्वेजियन एकेडमी आफ साइंस एण्ड लेटर्स' द्वारा दिया जाता है।
- यह पुरस्कार नॉर्वे के प्रसिद्ध गणितज्ञ नील्स हेनरिक एबेल, जिनका निधन केवल 27 वर्ष की आयु में 1829 में हुआ था, की स्मृति में वर्ष 2003 में शुरू किया गया था।
- इस पुरस्कार के तहत् 7.5 मिलियन नॉर्वेजियन क्रोनर (8,64,000 अमेरिकी डॉलर) की राशि विजेता को प्रदान की जाती है।
- पिछले वर्ष (2022) का यह पुरस्कार अमेरिकी गणितज्ञ **डेनिस पार्नेल सुलिवन** को दिया गया।

## भारतीय मूल के प्रो. हरि बालकृष्णन को मार्कोनी प्राइज


प्रो. हरि बालकृष्णन

- भारतीय मूल के कम्प्यूटर वैज्ञानिक हरि बालकृष्णन को वर्ष 2023 के मार्कोनी प्राइज से सम्मानित किए जाने की घोषणा 'द मार्कोनी सोसायटी' ने 27 फरवरी, 2023 को की है।
- 'मेसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (MIT)' के भारतवंशी प्रोफेसर हरि बालकृष्णन को यह पुरस्कार तार और बेतार वाले नेटवर्क मोबाइल सेंसिंग और वितरण प्रणालियों से सम्बन्धित अपनी मौलिक खोज के लिए दिया जाएगा।
- उन्हें 27 अक्टूबर, 2023 को वाशिंगटन में एक समारोह में सम्मानित किया जाएगा।
- इससे पूर्व भारतीय मूल के अमेरिकी कम्प्यूटर इंजीनियर अरुण एन. नेत्रावली (वर्ष 2017 ) तथा प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिक एवं शिक्षाविद् प्रो. यशपाल (वर्ष 1980) इस पुरस्कार से सम्मानित हो चुके हैं।

**महत्वपूर्ण बिन्दु**

- मार्कोनी सोसायटी प्रतिवर्ष ऐसे नवोन्मेषकों को मार्कोनी पुरस्कार प्रदान करती है, जिन्होंने आधुनिक सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के माध्यम से डिजिटल समावेश को बढ़ाने में अहम योगदान दिया है।
- इस पुरस्कार को **कम्युनिकेशन फील्ड का नोबेल** भी कहा जाता है।
- पहला मार्कोनी पुरस्कार वर्ष 1974 में दिया गया था।

## प्रित्ज़कर आर्किटेक्चर पुरस्कार-2023

- वास्तुकला के क्षेत्र का वर्ष 2023 का प्रतिष्ठित प्रित्ज़कर पुरस्कार नागरिक वास्तुकार, शहरी योजनाकार और कार्यकर्ता, सर डेविड एलन चिपरफील्ड (Sir David Alan Chipperfield) को प्रदान किए जाने की घोषणा 9 मार्च, 2023 को की गई है।
- यह आर्किटेक्चर के क्षेत्र में दिया जाने वाला सबसे बड़ा पुरस्कार है। इसे **'आर्किटेक्चर का नोबेल'** भी कहा जाता है।
- इस पुरस्कार के विजेता को 1 लाख यूएस डॉलर की इनामी राशि प्रदान की जाती है।
- यह पुरस्कार प्रतिवर्ष एक जीवित वास्तुकार की महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए दिया जाता है।
- उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 का यह पुरस्कार फ्रांसिस केरे (Francis Kéré) को प्रदान किया गया था।

## 32वाँ सरस्वती सम्मान (2022)

- तमिल भाषा की लेखिका सिवाशंकरी को के.के. बिड़ला फाउण्डेशन के साहित्य के क्षेत्र का वर्ष 2022 का (32वाँ) सर्वोच्च 'सरस्वती सम्मान' प्रदान करने की घोषणा मार्च 2023 में की गई है।
- सुश्री सिवाशंकरी को यह पुरस्कार उनकी पुस्तक 'सूर्यवंशम्' के लिए दिया जाएगा।
- इस पुरस्कार के तहत् विजेता को ₹ 15 लाख, प्रशस्ति-पत्र एवं सरस्वती की प्रतिमा प्रदान की जाती है।
- के.के. बिड़ला फाउण्डेशन द्वारा वर्ष 1991 में स्थापित यह पुरस्कार भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किसी भारतीय भाषा में विगत 10 वर्षों में पहली बार प्रकाशित किसी उत्कृष्ट रचना के लिए दिया जाता है।
- वर्ष 2021 के सरस्वती सम्मान से हिन्दी के प्रख्यात साहित्यकार प्रो. रामदरश मिश्र को उनके कविता संग्रह 'मैं तो यहाँ हूँ' के लिए सम्मानित किया गया था।

## 32वाँ व्यास सम्मान (2022)

- हिन्दी साहित्य के प्रसिद्ध लेखक **डॉ. ज्ञान चतुर्वेदी** को वर्ष 2018 में प्रकाशित उनके उपन्यास **'पागलखाना'** के लिए वर्ष 2022 का (32वाँ) व्यास सम्मान प्रदान करने की घोषणा 9 मार्च, 2023 को की गई है।

- इस पुरस्कार के तहत् प्रशस्ति-पत्र के साथ ₹4 लाख की राशि उन्हें प्रदान की जाएगी।
- व्यास सम्मान की शुरुआत 1991 में की गई थी तथा यह किसी भारतीय साहित्यकार को विगत् 10 वर्षों में हिन्दी भाषा में प्रकाशित उनकी किसी उत्कृष्ट कृति के लिए दिया जाता है।
- पिछले वर्ष 2021 का यह पुरस्कार **डॉ. असगर वजाहत** को उनके नाटक **महाबलि** के लिए दिया गया था।

## स्वस्थ शहरों के लिए साझेदारी पुरस्कार-2023

- स्वस्थ शहरों के साझेदारी संगठन ने 15 मार्च, 2023 को **स्वस्थ शहरों के शिखर सम्मेलन** के दौरान पाँच वैश्विक शहरों को गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) और इंजरी को रोकने में उनकी उपलब्धियों को मान्यता प्रदान की है।
- सम्मेलन में बेंगलुरू (भारत), एथेंस (ग्रीस), मोंटेवीडियो (उरुग्वे), मेक्सिको सिटी (मेक्सिको) और वैंकूवर (कनाडा) को 'स्वस्थ शहरों के लिए साझेदारी पुरस्कार'(Partnership for Healthy Cities award-2023) से सम्मानित किया गया है।
- **बेंगलुरू** को तम्बाकू नियंत्रण के खिलाफ चलाए गए जागरूकता अभियान और प्रयासों के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने 1,50,000 अमेरिकी डॉलर (लगभग ₹1.24 करोड़) का पुरस्कार दिया है।
- **पुरस्कार प्राप्त करने वाले अन्य शहर**
  - ✓ ***एथेंस (ग्रीस)*** *: ओवरडोज रोकथाम के लिए।*
  - ✓ ***मोंटेवीडियो (उरुग्वे)*** *: खाद्य नीति के लिए।*
  - ✓ ***मेक्सिको सिटी (मेक्सिको)*** *: सड़क सुरक्षा के लिए।*
  - ✓ ***वैंकूवर (कनाडा)*** *: पोषण मानकों की निगरानी के लिए।*
- सभी विजेता शहरों में से प्रत्येक को साझेदारी के साथ अपने काम को आगे बढ़ाने के लिए 1,50,000 अमेरिकी डॉलर दिए गए हैं।

## आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास को 'गवर्नर ऑफ द ईयर' का अवॉर्ड

- अन्तर्राष्ट्रीय आर्थिक शोध पत्रिका 'इंटरनेशनल इकोनॉमिक रिसर्च जर्नल सेंट्रल बैंकिंग' ने 15 मार्च, 2023 को भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास को वर्ष 2023 के 'गवर्नर ऑफ द ईयर' अवॉर्ड से सम्मानित किया है।
  - ✓ *इससे पहले वर्ष 2015 में सेंट्रल बैंकिंग ने आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन को भी 'गवर्नर ऑफ द ईयर' के सम्मान से नवाजा था।*
- कठिन समय में अपनी स्थिर लीडरशिप के लिए गवर्नर शक्तिकांत दास को यह अवॉर्ड मिला है। शक्तिकांत दास के नेतृत्व में आरबीआई ने कई महत्वपूर्ण सुधारों को लागू किया है, नई भुगतान प्रणालियों की शुरुआत की और महामारी के दौरान ग्रोथ को पुश करने वाले उपाय किए।
- वहीं पत्रिका ने **'सेंट्रल बैंक ऑफ द ईयर'** अवॉर्ड यूक्रेन के नेशनल बैंक को दिया है।

## बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्स वुमन ऑफ द ईयर

- बीबीसी ने वर्ष 2022 की सर्वश्रेष्ठ भारतीय महिला का अपना पुरस्कार टोक्यो ओलम्पिक खेलों की रजत पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू को मार्च 2023 में प्रदान किया है।
  - ✓ *मणिपुर की 28 वर्षीय भारोत्तोलक 2021 में भी यह पुरस्कार जीतने के बाद लगातार दो बार पुरस्कार जीतने वाली पहली एथलीट बनीं हैं।*
- रेसलर साक्षी मलिक, मुक्केबाज निखत ज़रीन, रेसलर विनेश फोगाट और बैडमिंटन खिलाड़ी पी.वी. सिंधु भी इस पुरस्कार के नामांकितों में शामिल थीं, किन्तु मतों के आधार पर यह पुरस्कार मीराबाई चानू को दिया गया।

### विभिन्न श्रेणियों में अन्य पुरस्कार विजेता

- **बीबीसी पैरा स्पोर्ट्स वुमन ऑफ द ईयर** : भाविना पटेल (टेबल टेनिस खिलाड़ी)।
- **लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड** : प्रीतम रानी सिवाच (हॉकी)
- **बीबीसी इमर्जिंग प्लेयर ऑफ ईयर** : नीतू घांघस (मुक्केबाज)
- **बीबीसी चेंजमेकर ऑफ द ईयर अवॉर्ड** : लबली चौबे, रूपा रानी टिर्की, पिंकी और नयनमोनी सैकिया।

### फीफा के वार्षिक पुरस्कार (2022)

- फीफा के वर्ष 2022 के वार्षिक पुरस्कारों का वितरण 27 फरवरी, 2023 को पेरिस (फ्रांस) में आयोजित समारोह में किया गया।
- पुरुष व महिला वर्ग में सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर का पुरस्कार खिलाड़ियों के 8 अगस्त, 2021 से 18 दिसम्बर, 2022 के दौरान प्रदर्शन के आधार पर दिए गए।
- पुरुषों में वर्ष 2022 के **सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर** (The Best FIFA Men's Player) का पुरस्कार पीएसजी (Paris Saint-Germain) के लिए खेलने वाले अर्जेंटीना के **लियोनेल मेसी** (Lionel Messi) को इन पुरस्कारों के तहत् प्रदान किया गया है।
  - ✓ *उन्हें यह पुरस्कार दूसरी बार प्राप्त हुआ है। इससे पहले मेस्सी ने वर्ष 2019 में यह पुरस्कार जीता था।*
- महिला फुटबॉलरों में यह पुरस्कार बार्सिलोना के लिए खेलने वाली स्पेनिश मिडफील्डर **एलेक्सिया पुटेलास** (Alexia Putellas) को इस वर्ष दिया गया।
  - ✓ *पुटेलास को लगातार दूसरी बार यह पुरस्कार प्राप्त हुआ है।*
- **फीफा के वर्ष 2022 के प्रमुख पुरस्कारों की सूची** अग्रलिखित है–
  - ✓ **वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष फुटबॉलर** (The Best FIFA Men's Player) *: लियोनेल मेसी (अर्जेंटीना)*
  - ✓ **वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला फुटबॉलर** (The Best FIFA Women's Player) *: एलेक्सिया पुटेलास (बार्सिलोना)*
  - ✓ **वर्ष के सर्वश्रेष्ठ कोच (पुरुष)** *: लियानेल स्कोलोनी (अर्जेंटीना)*

- ✓ **वर्ष के सर्वश्रेष्ठ कोच (महिला)** : *सरीना विगमैन (इंग्लैण्ड)*
- ✓ **वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष गोलकीपर** : *एमिलियानो मार्टिनेज (अर्जेंटीना/एस्टन विला)*
- ✓ **वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला गोलकीपर** : *मैरीईर्प्स (इंग्लैण्ड/मैनचेस्टर यूनाइटेड)*
- ✓ **वर्ष के सर्वश्रेष्ठ गोल के लिए 'पुस्कस पुरस्कार'** : *मार्किन ओलेक्सी (पोलैण्ड)*
- ✓ **सर्वश्रेष्ठ फीफा विशेष पुरस्कार:** *पेले (ब्राजील)।*
- ✓ **फीफा फेयर प्ले अवॉर्ड** : *लुका लोचोशविली*
- ✓ **फीफा फैन अवॉर्ड** : *अर्जेंटीना के प्रशंसक।*

### हॉकी इंडिया के 5वें वार्षिक पुरस्कार-2022

- वर्ष 2021 और 2022 के पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित करने के लिए हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कार समारोह का पाँचवाँ संस्करण नई दिल्ली में 17 मार्च, 2023 को आयोजित किया गया।
- पुरस्कार समारोह में भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उप-कप्तान **हार्दिक सिंह** और महिला टीम की कप्तान **सविता पूनिया** को क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में **हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर अवॉर्ड फॉर प्लेयर ऑफ द ईयर 2022** से सम्मानित किया गया।

**पुरस्कार विजेता : एक नजर में**

**2022**

- **हॉकी इंडिया मेजर ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड** : गुरबख्श सिंह
  - ✓ *उपरोक्त श्रेणी में ₹30 लाख और ट्रॉफी प्रदान की गई।*
- **हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर अवॉर्ड फॉर प्लेयर ऑफ द ईयर (पुरुष)** : हार्दिक सिंह
- **हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर अवॉर्ड फॉर प्लेयर ऑफ द ईयर (महिला)** : सविता पूनिया
  - ✓ *उपरोक्त श्रेणी में प्रत्येक को ₹25-25 लाख और ट्रॉफी प्रदान की गई।*
- **हॉकी इंडिया असुंता लाकड़ा अवॉर्ड फॉर अपकमिंग प्लेयर ऑफ द ईयर (अंडर-21 महिला)** : मुमताज खान
- **हॉकी इंडिया जुगराज सिंह अवॉर्ड फॉर अपकमिंग प्लेयर ऑफ द ईयर (अंडर-21 पुरुष)** : उत्तम सिंह
  - ✓ *उपरोक्त श्रेणी में प्रत्येक को ₹10-10 लाख और ट्रॉफी प्रदान की गई।*

**2021**

- **हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर अवॉर्ड फॉर प्लेयर ऑफ द ईयर (पुरुष) :** हरमनप्रीत सिंह।
- **हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर अवॉर्ड फॉर प्लेयर ऑफ द ईयर (महिला) :** सविता पूनिया।
- **हॉकी इंडिया मेजर ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड :** अमित सिंह बख्शी।

## पर्यटन मंत्रालय को आईटीबी, बर्लिन में अवॉर्ड

- भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय ने आईटीबी, बर्लिन-2023 में आयोजित 'टीवी/सिनेमा कमर्शियल्स इंटरनेशनल' और 'कंट्री इंटरनेशनल' की श्रेणी के लिए इंटरनेशनल 'गोल्डन सिटी गेट टूरिज्म अवॉर्ड्स-2023' में गोल्डन और सिल्वर स्टार पुरस्कार हासिल किया है।
- यह पुरस्कार भारत सरकार के सचिव (पर्यटन) अरविंद सिंह द्वारा 8 मार्च, 2023 को आईटीबी बर्लिन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ग्रहण किए गए।

**करेंट अफेयर्स का मंथली रिव्यू : वन लाइनर**

Current affairs Quest

**In Oneliner**

- वर्ष 2022 के 'क्रिस्टोफर मार्टिन-जेंकिंस स्पिरिट ऑफ क्रिकेट पुरस्कार' से मार्च 2023 में किसे सम्मानित किया गया है? **आसिफ शेख (नेपाल के विकेटकीपर)**
- मद्रास संगीत अकादमी द्वारा प्रदत्त वर्ष 2023 का 'संगीत कलानिधि पुरस्कार' से किसे सम्मानित किया जाएगा? **बॉम्बे जयश्री (प्रसिद्ध कर्नाटक गायक और पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित)**
- मार्च 2023 में भारत सरकार के किस उपक्रम को 'सौर ऊर्जा में सर्वश्रेष्ठ योगदान' के लिए 'सेंट्रल बोर्ड ऑफ इरिगेशन एण्ड पावर (CBIP) अवॉर्ड 2022' से सम्मानित किया गया है? **भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (BHEL) को**
- एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल (ACI) ने मार्च 2023 में किस हवाई अड्डे को एशिया-प्रशांत क्षेत्र के सबसे स्वच्छ हवाई अड्डे के रूप में चुना है? **इंदिरा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (नई दिल्ली)**
- पेन अमेरिका द्वारा किस भारतीय साहित्यकार को अन्तर्राष्ट्रीय साहित्य में आजीवन उपलब्धि के लिए वर्ष 2023 के पेन/नाबोकोव पुरस्कार (पेन अमेरिका व्लादिमीर नाबोकोव अवॉर्ड फॉर अचीवमेंट इन इंटरनेशनल लिटरेचर-2023) से सम्मानित किया जाएगा? **विनोद कुमार शुक्ल**
- मार्च 2023 में किसे 'बिजनेस स्टैंडर्ड बैंकर ऑफ द ईयर-2022' सम्मान के लिए चुना गया है? **शशिधर जगदीशन (एचडीएफसी बैंक के एमडी/सीईओ)**
- हाल ही में 'जीएसएम' (Global System For Mobile) ने किस देश को दूरसंचार सुधारों और सक्षम नीतियों पर बेहतरीन कार्य करने के लिए 'गवर्नमेंट लीडरशिप अवॉर्ड 2023' से सम्मानित किया है? **भारत**



# खेल परिदृश्य

## क्रिकेट / Cricket

### वुमेंस प्रीमियर लीग-2023

- **आयोजन तिथि** : 4-26 मार्च, 2023
- **प्रशासक** : भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI)
- **क्रिकेट प्रारूप** : ट्वेंटी-20 क्रिकेट
- **मेजबान देश** : भारत
- **प्रतिभागी टीमें** : 5 (दिल्ली कैपिटल्स, गुजरात जायंट्स, मुम्बई इण्डियंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलौर, यूपी वारियर्स)
- **विजेता** : मुम्बई इण्डियंस

- भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के तत्वावधान में सम्पन्न वुमेंस प्रीमियर लीग (WPL) का पहला संस्करण (2023) मुम्बई इण्डियंस ने जीता।
- 26 मार्च, 2023 को मुम्बई के वीर भगतसिंह स्टेडियम (पुराना नाम-ब्रेबॉर्न स्टेडियम) में खेले गए खिताबी मुकाबले में मुम्बई इण्डियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को 7 विकेट से हराया।
- दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 131 रन बनाए। इसके जवाब में मुम्बई इण्डियंस ने 19.3 ओवर में 7 विकेट शेष रहते 134 रन बनाए और ट्रॉफी अपने नाम कर ली।
- फाइनल में 60 रन बनाने वाली मुम्बई इण्डियंस की **नैट स्कीवर-ब्रंट** (Nat Sciver-Brunt) को **प्लेयर ऑफ द मैच** चुना गया।
- इस टूर्नामेंट में मुम्बई इण्डियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर और दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान मेग लेनिंग थीं।
  - ✓ *हरमनप्रीत कौर भारतीय महिला क्रिकेट टीम की भी कप्तान हैं।*

**महत्वपूर्ण तथ्य**

- दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान **मेग लेनिंग** (Meg Lanning) को सर्वाधिक 345 रन बनाने के लिए **ऑरेंज कैप** दिया गया।
- मुम्बई इण्डियंस की **हैली मैथ्यूज** (Hayley Matthews) को सर्वाधिक 16 विकेट लेने के लिए **पर्पल कैप** प्रदान की गई।
- मुम्बई इण्डियंस की विकेट कीपर **यास्तिका भाटिया** को **इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट** चुना गया।
- **पुरस्कार राशि** –
  - ✓ ***विजेता** : मुम्बई इण्डियंस (₹6 करोड़)*
  - ✓ ***उपविजेता** : दिल्ली कैपिटल्स (₹3 करोड़)*
  - ✓ ***तीसरा स्थान** : यूपी वारियर्स (₹1 करोड़)*

### लीजेंड्स क्रिकेट लीग मास्टर्स-2023

- **आयोजन तिथि** : 10-20 मार्च, 2023
- **आयोजन स्थल** : दोहा (कतर)
- **प्रतिभागी टीमें** : तीन (एशिया लायंस, इंडिया महाराजास और वर्ल्ड जायंट्स)।
- **विजेता** : एशिया लायंस

- 20 मार्च, 2023 को दोहा के वेस्ट एण्ड पार्क इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए फाइनल में एशिया लायंस ने वर्ल्ड जायंट्स को 7 विकेट से पराजित कर 'लीजेंड्स क्रिकेट लीग' की ट्रॉफी अपने नाम की।
- फाइनल में **प्लेयर ऑफ द मैच** एशिया लायंस के **अब्दुल रज्जाक** को चुना गया, वहीं एशिया लायंस के **उपुल थरंगा** को **प्लेयर ऑफ द सीरीज** घोषित किया गया।
- इस टूर्नामेंट में एशिया लायंस के कप्तान पाकिस्तान के शाहिद अफरीदी और वर्ल्ड जायंट्स के कप्तान ऑस्ट्रेलिया के अरॉन फिंच थे। इंडिया महाराजास के कप्तान भारत के गौतम गंभीर थे।

### ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध टेस्ट श्रृंखला भारत ने 2-1 से जीती

- ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम ने भारत के दौरे पर मेजबान के साथ 4 टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी और 3 एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला मार्च 2023 में खेली।
- भारत ने टेस्ट श्रृंखला 2-1 से जीतकर ट्रॉफी पर अपना कब्जा बरकरार रखा।
- टेस्ट श्रृंखला में भारत ने पहला मैच नागपुर में और दूसरा मैच दिल्ली में जीता, जबकि इंदौर में तीसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया टीम विजयी रही। अहमदाबाद में चौथा मैच अनिर्णीत रहा।
- टेस्ट श्रृंखला में **आर. अश्विन और रविन्द्र जडेजा** को संयुक्त रूप में **प्लेयर ऑफ द सीरीज** घोषित किया गया।
- टेस्ट श्रृंखला में भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और ऑस्ट्रेलिया टीम के कप्तान पेट कमिंस थे।

**महत्वपूर्ण तथ्य**

- इस टेस्ट श्रृंखला में भारत की ओर डेब्यू से करने वाले खिलाड़ी के.एस. भरत और सूर्यकुमार यादव थे, जबकि ऑस्ट्रेलिया की ओर से डेब्यू टॉड मर्फी और मैथ्यू कुह्नेमेन ने किया।

#### एकदिवसीय श्रृंखला

- ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पश्चात् तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला भी मेजबान भारतीय क्रिकेट टीम के साथ खेली।
- यह श्रृंखला ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम ने मेजबान भारतीय क्रिकेट टीम को 2-1 से हराकर अपने नाम की।

- ऑस्ट्रेलियाई टीम ने विशाखापट्टनम में दूसरा एकदिवसीय मैच और चेन्नई में तीसरा एकदिवसीय मैच जीता, जबकि मुम्बई में खेला गया पहला एकदिवसीय मैच भारत ने जीता।
- इस शृंखला में 194 रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलिया के **मिशेल मार्श** को **प्लेयर ऑफ द सीरीज** घोषित किया गया।

### ईरानी कप 2022-23 : शेष भारत टीम 30वीं बार ईरानी कप की विजेता

- सत्र 2022-23 की रणजी ट्रॉफी विजेता मध्य प्रदेश व शेष भारत के बीच (59वें) ईरानी कप (ईरानी ट्रॉफी) के लिए ग्वालियर के कैप्टेन रूप सिंह स्टेडियम में 1-5 मार्च, 2023 को खेला गया मैच शेष भारत ने 238 रनों से जीता।
- शेष भारत ने 30वीं बार यह कप जीतने में सफलता प्राप्त की है।
- शेष भारत के यशस्वी जायसवाल को **प्लेयर ऑफ द मैच** घोषित किया गया।
- इस मैच में शेष भारत की टीम के कप्तान मयंक अग्रवाल और मध्य प्रदेश टीम के कप्तान विकेटकीपर हिमांशु मंत्री थे।


**Know The Facts** : ईरानी ट्रॉफी रणजी विजेता और शेष भारत एकादश के बीच खेली जाती है।

## मुक्केबाजी / Boxing

### आईबीए वुमेंस वर्ल्ड बॉक्सिंग चैम्पियनशिप-2023

- **संस्करण** : 13वाँ
- **आयोजन तिथि** : 15-26 मार्च, 2023
- **आयोजन स्थल** : के. डी. जाधव इंडोर हॉल, नई दिल्ली
- **टाइटल प्रायोजक** : महिन्द्रा
- **ब्रांड एम्बेसडर** : एमसी मेरीकॉम और फरहान अख्तर (अभिनेता)

- भारतीय महिला मुक्केबाजों ने नई दिल्ली में आयोजित आईबीए महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 16 वर्ष के अन्तराल के पश्चात् 4 स्वर्ण पदक जीतकर पदक तालिका में शीर्ष स्थान प्राप्त किया।
  - ✓ *इससे पहले 2006 में भारत की महिला मुक्केबाजों ने चार स्वर्ण पदक जीते थे।*
- इस चैम्पियनशिप में 3 स्वर्ण, 1 रजत, 3 कांस्य पदक जीतकर चीन दूसरे स्थान पर रहा, वहीं रूस 1 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य पदक जीतकर तीसरे स्थान पर रहा।



नीतू घंघस — निकहत ज़रीन — लवलीना बोरगोहेन — स्वीटी बूरा

### स्वर्ण विजेता भारतीय महिला मुक्केबाज : एक नजर में

- **नीतू घंघास** : राष्ट्रमण्डल खेलों की पदक विजेता नीतू घंघास ने 48 किग्रा. में स्वर्ण पदक जीता। नीतू ने फाइनल में मंगोलिया की लुतसईखन अल्तेनसेतसेग (Lutsaikhany Altantsetseg) को 5-0 से पराजित किया।
  - ✓ *वह इस कैटेगरी में एमसी मेरीकॉम के बाद भारत की दूसरी वर्ल्ड चैम्पियन हैं।*
- **स्वीटी बूरा** : वर्ष 2014 में विश्व चैम्पियनशिप में रजत पदक विजेता स्वीटी बूरा ने चीन की वांग लीना (Wang Lina) को पराजित कर स्वर्ण पदक जीता।
  - ✓ *वे बाउट की समीक्षा के आधार पर 4-3 से जीतीं।*
- **निकहत जरीन** ने 50 किग्रा. लाईट फ्लाईवेट श्रेणी में वियतनाम की न्गुयेन थी टैम (Nguyễn Thị Tâm) को एकतरफा मुकाबले में 5-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। 26 वर्ष की निकहत जरीन ने लगातार दूसरी बार विश्व चैम्पियन बन कर इतिहास रचा।
  - ✓ *निकहत, मेरी कॉम के बाद एक से अधिक पदक जीतने वाली दूसरी भारतीय महिला मुक्केबाज बन गई हैं।*
- **लवलीना बोरगोहेन** : टोक्यो ओलंम्पिक में पदक विजेता 25 वर्षीय लवलीना बोरगोहेन ने 75 किग्रा. वर्ग के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया की कैटलिन पार्कर (Caitlin Parker) को हराकर स्वर्ण पदक जीता।
  - ✓ *यह विश्व चैम्पियनशिप में लवलीना का पहला स्वर्ण पदक है। लवलीना इससे पहले वर्ष 2018 व 2019 में कांस्य पदक जीत चुकी हैं।*

## बैडमिंटन / Badminton

### योनेक्स ऑल इंग्लैण्ड ओपन बैडमिंटन चैम्पियनशिप-2023

- **संस्करण** : 113वाँ
- **आयोजन तिथि** : 14-19 मार्च, 2023
- **आयोजन स्थल** : बर्मिंघम (इंग्लैण्ड)

- विश्व बैडमिंटन महासंघ (BWF) के लेवल सुपर 1000 के इस टूर्नामेंट (ऑल इंग्लैण्ड ओपन बैडमिंटन चैम्पियनशिप) में पुरुष व महिला एकल खिताब क्रमशः ली शिफेंग (चीन) और आन से-यंग (द. अफ्रीका) ने जीते।
  - ✓ *चीन के 23 वर्षीय ली शिफेंग ने फाइनल में चीन के ही शी यू क्यूई को पराजित कर पुरुष एकल खिताब जीता।*
  - ✓ *दक्षिण कोरिया की 21 वर्षीय आन से-यंग ने फाइनल में टोक्यो 2020 ओलम्पिक स्वर्ण पदक विजेता चीन की चेन यू फी को हराकर महिला एकल खिताब जीता।*

## फुटबॉल / Football

### हीरो संतोष ट्रॉफी (2022-23) : कर्नाटक विजेता

- पुरुषों की (76वीं) सीनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप की संतोष ट्रॉफी के लिए फाइनल मुकाबला मेघालय और कर्नाटक के बीच हुआ।
- 4 मार्च, 2023 को सऊदी अरब के रियाद में किंग फयाद इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में कर्नाटक ने मेघालय को 3-2 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया।
- कर्नाटक ने पाँचवीं बार यह प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीतने में सफलता प्राप्त की।
  - ✓ *इससे पूर्व 4 बार कर्नाटक ने मैसूरू टीम के नाम से खिताब जीता था।*
  - ✓ *मेघालय पहली बार ही इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुँचा था।*
- सर्विसेज ने पंजाब को पराजित कर तीसरा स्थान प्राप्त किया।
- फाइनल में **मैन ऑफ द मैच** : रॉबिन यादव (कर्नाटक)

**Know The Facts** : इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले किंग फहद इंटरनेशनल स्टेडियम (रियाद) में खेले गए।

## निशानेबाजी / Shooting

### आईएसएसएफ निशानेबाजी वर्ल्ड कप-2023

- **आयोजन तिथि** : 20-27 मार्च, 2023
- **आयोजन स्थल** : भोपाल (भारत)

- इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन (ISSF) के तत्वावधान में 20-27 मार्च, 2023 को भोपाल में आईएसएसएफ वर्ल्ड कप आयोजित किया गया।
- मेजबान भारत ने इस विश्व कप में 1 स्वर्ण, 1 रजत, 5 कांस्य सहित कुल 7 पदक जीतकर पदक तालिका में दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं चीन 5 स्वर्ण, 2 रजत, 2 कांस्य सहित कुल 9 पदक जीतकर शीर्ष स्थान पर रहा।
- राइफ़ल और पिस्टल निशानेबाज़ों के लिए ISSF विश्व कप 2023 का अगला चरण पेरू के लीमा में 11-24 अप्रैल को होगा।

**पदक विजेता : एक नजर में**

- **स्वर्ण पदक** : सरबजोत सिंह (पुरुषों की10 मीटर एयर पिस्टल)।
- **रजत पदक** : वरुण तोमर/रिदम सांगवान (10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम)।
- **कांस्य पदक** : वरुण तोमर (पुरुषों का 10 मीटर एयर पिस्टल), रुद्रांक्ष बालासाहेब पाटिल (पुरुषों का 10 मीटर एयर राइफ़ल), रुद्रांक्ष बालासाहेब पाटिल/नर्मदा राजू (10 मीटर एयर राइफ़ल मिक्स्ड टीम), मनु भाकर (महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल), सिफ्ट कौर सामरा (महिलाओं की 50 मीटर राइफ़ल 3 पोज़ीशन)।

## टेनिस / Tennis

### रोहन बोपन्ना ने मैथ्यू एब्डेन के साथ इंडियन वेल्स मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट का पुरुष डबल्स खिताब जीता

- भारत के रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एब्डेन (Matthew Ebden) की जोड़ी ने इंडियन वेल्स टूर्नामेंट में **पुरुष युगल खिताब** जीत लिया।
  - ✓ *43 वर्षीय बोपन्ना एटीपी मास्टर्स 1000 टाइटल जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने।*
- अमेरिका के कैलिफोर्निया में 19 मार्च, 2020 को खेले गए फाइनल में इस जोड़ी ने हॉलैण्ड के वेस्ले कूलहॉफ (Wesley Koolhof) और ब्रिटेन के नील स्कूप्स्की (Neal Skupski) की जोड़ी को 6-3, 2-6, 10-8 से हराया।
- बोपन्ना और एब्डेन ने सेमीफाइनल में अमेरिका के जैक सॉक और जॉन इसनर को 7-6, 7-6 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था।
- इंडियन वेल्स टूर्नामेंट का पुरुष व महिला वर्ग का एकल खिताब क्रमशः स्पेन के कार्लोस अल्कारेज़ (Carlos Alcaraz) और कज़ाखस्तान की एलेना राइवाकीना (Elena Rybakina) ने जीता।

## एथलेटिक्स / Athletics

### जेसविन एल्ड्रिन : पुरुषों की लम्बीकूद में राष्ट्रीय रिकॉर्ड

- तमिलनाडु के जेसविन एल्ड्रिन ने 2 मार्च, 2023 को दूसरी **एएफआई राष्ट्रीय कूद प्रतियोगिता** में पुरुषों की लम्बी कूद स्पर्द्धा में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित किया।
- 21 वर्षीय एल्ड्रिन ने 8.42 मीटर की कूद लगाकर एम श्रीशंकर के अप्रैल 2022 में फेडरेशन कप में बनाए गए 8.36 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ा।
- इस स्पर्द्धा में केरल के मुहम्मद याहिया ने 7.85 मीटर की छलांग लगाकर रजत तथा उत्तर प्रदेश के ऋषभ ऋषिश्वर ने 7.77 मीटर की छलांग लगाकर कांस्य पदक जीता।
  - ✓ *फरवरी 2023 में अस्ताना में एशियाई इंडोर चैम्पियनशिप में रजत पदक जीतने वाले एल्ड्रिन एकमात्र एथलीट थे जो 8 मीटर की कूद लगा पाए। उन्होंने 8.05, 8.26 और 8.42 मीटर की कूद लगाई।*

## टेबल टेनिस / Table tennis

### 84वीं सीनियर राष्ट्रीय एवं अन्तर्राज्यीय टेबल टेनिस चैम्पियनशिप

- **संस्करण** : 84वाँ
- **आयोजन तिथि** : 20-27 मार्च, 2023
- **आयोजन स्थल** : जम्मू-कश्मीर (26 वर्ष के पश्चात् मेजबानी; इससे पूर्व 1997 में मेजबानी की थी)

- टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया (TTFI) की 84वीं सीनियर राष्ट्रीय एवं अन्तर्राज्यीय टेबल टेनिस चैम्पियनशिप का आयोजन जम्मू यूनिवर्सिटी के जिम्नेजियम हॉल में 20-27 मार्च, 2023 को किया गया।
  - ✓ *जम्मू-कश्मीर में 26 वर्ष के अन्तराल के पश्चात् इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इससे पहले 1997 में यह प्रतियोगिता सम्पन्न हुई थी।*
- इस प्रतियोगिता में पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड (पीएसपीबी) के **साथियान गुणशेखरण** ने **पुरुष एकल** तथा आरबीआई की **अकुला श्रीजा** ने **महिला एकल** का खिताब जीता।
  - ✓ *फाइनल में साथियान ने पीएसपीबी के ही हरमीत राजुल देसाई को हराया, जबकि महिला वर्ग में आरबीआई की अकुला श्रीजा ने बीएनजी की सुथिरथा मुखर्जी को पराजित किया।*

### व्यक्तिगत स्पर्द्धाओं के विजेता एवं उपविजेता

| | | |
|---|---|---|
| **पुरुष एकल** | विजेता | जी. साथियान (पीएसपीबी) |
| | उपविजेता | हरमीत राजुल (पीएसपीबी) |
| **महिला एकल** | विजेता | अकुला श्रीजा (आरबीआई) |
| | उपविजेता | सुथिरथा मुखर्जी (बीएनजी) |
| **पुरुष युगल** | विजेता | चन्द्र जीत व अंकुर भट्टाचार्जी (बीएनजी) |
| | उपविजेता | अली मोहम्मद व वंश सिंघल (तेलंगाना) |
| **महिला युगल** | विजेता | श्रीजा अंकुला व दिया पराग चिताले (आरबीआई) |
| | उपविजेता | स्वास्तिका घोष व श्रुति विजय अमरूत (महाराष्ट्र) |
| **मिश्रित युगल** | विजेता | मानव विकास ठक्कर व अर्चना गिरीश कामथ (पीएसपीबी) |
| | उपविजेता | अंकुर भट्टाचार्जी व मॉमिता दत्ता (बीएनजी) |

## बिलियर्ड्स/स्नूकर / Billiards/Snooker

### एशियन स्नूकर एण्ड इंगलिश बिलियर्ड्स चैम्पिनयनशिप-2023

- **आयोजन स्थल** : दोहा (कतर)
- **आयोजन तिथि** : 11-19 मार्च, 2023

**अंतिम परिणाम : एक नजर में**

- **एशियन स्नूकर चैम्पियनशिप-2023 (पुरुष वर्ग)**
  - ✓ ***विजेता** : अमीर सरखोश (ईरान)*
  - ✓ ***उपविजेता** : थोर चुआन लेओंग (मलेशिया)*
- **एशियन स्नूकर चैम्पियनशिप-2023 (महिला वर्ग)**
  - ✓ ***विजेता** : बाई युलु (चीन)*
  - ✓ ***उपविजेता** : पंचाया चनोई (थाईलैण्ड)*
- **एशियन बिलियर्ड्स चैम्पियनशिप-2023 (पुरुष वर्ग) (100-अप प्रारूप)**
  - ✓ ***विजेता** : पंकज आडवाणी (भारत)*
    *(पंकज ने लगातार दूसरी बार तथा कुल 9 बार एशियन बिलियर्ड्स चैम्पियनशिप का खिताब जीता है।)*
  - ✓ ***उपविजेता** : बृजेश दमानी (भारत)*

## तीरंदाजी / Archery

### एशिया कप तीरंदाज़ी 2023 स्टेज-1 विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट

- भारतीय तीरंदाज़ों ने 17 मार्च, 2023 को चीनी ताइपे के ताओयुआन में एशिया कप तीरंदाज़ी 2023 स्टेज-1 विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट में 10 पदक जीतते हुए शानदार प्रदर्शन किया।
- भारतीय तीरंदाजों ने रिकर्व मेन, कंपाउंड मेन, कंपाउंड वुमेन, रिकर्व मेंस टीम और कंपाउंड वुमेंस टीम ने स्वर्ण पदक जीता जबकि रिकर्व मेन, कंपाउंड मेन, कंपाउंड वुमेन, कंपाउंड वुमेंस टीम ने रजत पदक पर अपनी मुहर लगाई। इसके अलावा कंपाउंड मिक्स्ड टीम इवेंट में भारत को कांस्य पदक मिला।

## चर्चित खिलाड़ी / Players In News

### रानी रामपाल के नाम पर स्टेडियम

- रायबरेली के हॉकी स्टेडियम को भारतीय टीम की स्टार हॉकी खिलाड़ी रानी रामपाल के नाम पर रखा गया है।
- वह यह उपलब्धि पाने वाली भारत की पहली महिला खिलाड़ी बन गई हैं।
- एमसीएफ रायबरेली ने हॉकी स्टेडियम का नाम बदलकर 'रानीज गर्ल्स हॉकी टर्फ' (Ranils Girls Hockey Turf) कर दिया है।

### ग्रैंडमास्टर डी गुकेश : प्लेयर ऑफ द ईयर


- एशियाई शतरंज महासंघ (ACF) ने भारतीय ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश को पिछले वर्ष महाबलीपुरम में 44वें शतरंज ओलम्पियाड में रिकॉर्ड स्कोर (9/11) से स्वर्ण पदक जीतने के लिए 'प्लेयर ऑफ द ईयर' पुरस्कार से सम्मानित किया।
- मार्च 2022 में गुकेश 2700 ईएलओ रेटिंग का आँकड़ा पार करने वाले छठे भारतीय बने थे और वह 2700 से ऊपर की रेटिंग वाले देश के सबसे युवा ग्रैंडमास्टर भी हैं।

**अन्य पुरस्कार**

- **'मोस्ट एक्टिव फेडरेशन' (सबसे सक्रिय महासंघ) का पुरस्कार** : अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ)।
- **'मैन ऑफ द ईयर' पुरस्कार** : एम के स्टालिन (मुख्यमंत्री, तमिलनाडु); चार महीने के शॉर्ट नोटिस पर पिछले वर्ष अगस्त में फिडे शतरंज ओलम्पियाड की सफल मेजबानी के उनके प्रयास के लिए।
- **बेस्ट वुमैन्स टीम ऑफ द ईयर** : भारतीय महिला टीम में कोनेरू हम्पी, डी हरिका, आर वैशाली, तानिया सचदेव और भक्ति कुलकर्णी को कांस्य पदक जीतने के लिए।
- **कोच ऑफ द ईयर** : ग्रैंडमास्टर आर बी रमेश (पुरुषों के कोच) और ग्रैंडमास्टर अभिजीत कुंते (महिलाओं के कोच)।

## खेलकूद करेंट अफेयर्स का मंथली रिव्यू : वन लाइनर

- 26 मार्च, 2023 को महेन्द्रगढ़ (हरियाणा) में आयोजित नौवीं सीनियर राष्ट्रीय महिला कबड्डी चैम्पियनशिप के फाइनल में मेजबान हरियाणा ने किस टीम को हराकर खिताब जीता? **हिमाचल प्रदेश**
- 26 मार्च, 2023 को बासेल के सेंट जैकबशाल एरिना में खेले गए स्विस ओपन बैडमिंटन-2023 के फाइनल में भारतीय जोड़ी चिराग शेट्टी और सात्विकसाईंराज रंकीरेड्डी ने किसे हराकर खिताब जीता? **टैन कियांग और रेन जियांग यू (दोनों चीन)**
- 19 मार्च, 2023 को जापान के नोमी में 'एशियाई 20 किमी. रेस वॉकिंग चैम्पियनशिप-2023' में स्वर्ण पदक किसने जीता? **अक्षदीप सिंह (भारत)**
- फ्लोरिडा (यूएसए) में 16-19 मार्च, 2023 को सम्पन्न पीजीए टूर सत्र 2023 की गोल्फ प्रतियोगिता 'वाल्सपर चैम्पियनशिप-2023' का खिताब किसने जीता? **टेलर मूर (अमेरिका)**
- 19 मार्च, 2023 को सम्पन्न लॉस एंजिल्स मैराथन 2023 के पुरुष व महिला वर्ग का खिताब क्रमशः किसने जीता? **जेमाल यिमेर (इथियोपिया) और स्टासी एंडिवा (कीनिया)**
- प्यूर्टो रिको में 2-5 मार्च, 2023 को सम्पन्न पीजीए टूर सत्र 2023 की गोल्फ प्रतियोगिता 'प्यूर्टो रिको ओपन-2023' का खिताब किसने जीता? **निकोलस एचावरिया (कोलंबिया)**
- अहमदाबाद (गुजरात) में 1-4 मार्च, 2023 को सम्पन्न पीजीटीआई सत्र 2023 की गोल्फ प्रतियोगिता 'गुजरात ओपन गोल्फ चैम्पियनशिप-2023' का खिताब किसने जीता? **अमन राज**
- 4 मार्च, 2023 को उर्मिया (ईरान) में सम्पन्न जूनियर कबड्डी चैम्पियनशिप 2023 का खिताब भारत ने किस देश को 41-33 से हराकर जीता? **ईरान**
- मुल्हेम (जर्मनी) में 7-12 मार्च, 2023 को सम्पन्न योनेक्स जर्मन ओपन बैडमिंटन का पुरुष व महिला एकल खिताब क्रमशः किसने जीता? **एनजी का लोंग ऐंगस (पुरुष) व अकाने यामागुची (जापान)**
- वर्ष 2023-27 के लिए अन्तर्राष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) के अध्यक्ष पद पर किसे पुनर्नियुक्त किया गया है? **जियानी इन्फेंटिनो (Gianni Infantino)**
- भारतीय पैरालम्पिक संघ ने पैराएथलीटों की सहायता के लिए किन दो संगठनों के साथ समझौता मार्च 2023 में किया है? **मेकर्स हाइव और विलय स्पोर्ट्स**
- वर्ष 2023 की फॉर्मूला-वन रेस के तहत् 19 मार्च, 2023 को जेद्दाह में सम्पन्न सऊदी अरब ग्रांड प्रिक्स की ट्रॉफी किसने जीती? **सेर्जियो पेरेज (मैक्सिको); टीमः रेडबुल रेसिंग-होंडा आरबीपीटी**
- ऑस्ट्रेलियाई टीम के पूर्व कप्तान, जिन्होंने मार्च 2023 में क्रिकेट कॅरियर से संन्यास लेने की घोषणा की है? **टिम पेन**
- आईसीसी ने फरवरी 2023 का 'आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ' किसे चुना है? **एश्ले गार्डनर (ऑस्ट्रेलिया)**
- आईसीसी ने फरवरी 2023 का 'आईसीसी पुरुष प्लेयर ऑफ द मंथ' किसे चुना है? **हैरी ब्रुक (इंग्लैण्ड)**
- 19 मार्च, 2023 को साखिर (बहरीन) में सम्पन्न वर्ष 2023 की फॉर्मूला-वन रेस बहरीन ग्रांड प्रिक्स रेस किसने जीती? **मैक्स वर्सटाप्पेन (नीदरलैण्ड्स); टीमः रेडबुल रेसिंग-होंडा आरबीपीटी**
- मार्च 2023 में हॉकी इंडिया ने किसे भारतीय पुरुष हॉकी टीम का हैड कोच नियुक्त किया है? **क्रेग फुल्टन (Craig Fulton)**
- भारत की त्रिकूद खिलाड़ी, जिस पर राष्ट्रीय डोपिंग एजेंसी (नाडा) ने प्रतिबंधित एनाबॉलिक स्टेरॉयड के सेवन का दोषी पाए जाने पर चार वर्ष का प्रतिबंध लगाया है? **ऐश्वर्या बाबू**
- 28 फरवरी, 2023 को पुणे में सम्पन्न 84वीं सीनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन चैम्पियनशिप (2023) में पुरुष व महिला एकल खिताब क्रमशः किसने जीता? **मिथुन मंजूनाथ (पुरुष) व अनुपमा उपाध्याय (महिला)**
- 26-28 मार्च, 2023 को दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित 20वीं राष्ट्रीय स्तरीय वरिष्ठ पुरुष और महिला पैरा पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में राजस्थान के किस खिलाड़ी ने 107 भार वर्ग में 146 किग्रा. वजन उठाकर रजत पदक जीता? **मिलन श्रीवास्तव (जोधपुर)**
- हाल ही में फीफा वर्ल्ड खिताब एवं 100 अन्तर्राष्ट्रीय गोल करने वाले दुनिया के पहले फुटबॉलर कौन बने हैं? **लियोनेल मेसी (अर्जेंटीना)**




# अद्यतन सामान्य ज्ञान

## निर्वाचन/नियुक्तियाँ/मनोनयन

### राष्ट्रीय नियुक्तियाँ

### दीपक मोहंती : पीएफआरडीए के नए अध्यक्ष

- केन्द्र सरकार ने दीपक मोहंती को 'पेंशन कोष नियामक एवं विकास प्राधिकरण' (PFRDA) का अध्यक्ष मार्च 2023 में नियुक्त किया है।
- इस पद पर उन्होंने सुप्रितम बंद्योपाध्याय का स्थान लिया है।
- मोहंती, भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व कार्यकारी निदेशक और पीएफआरडीए के सदस्य के रूप में सेवा कर चुके हैं।

**पेंशन कोष नियामक एवं विकास प्राधिकरण**

- 23 अगस्त, 2003 को, भारत में पेंशन क्षेत्र को बढ़ावा देने, विकसित करने और नियंत्रित करने के लिए, भारत सरकार द्वारा, एक प्रस्ताव के माध्यम से अंतरिम 'पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (PFRDA)' की स्थापना की गई।
- 22 दिसम्बर, 2003 को भारत सरकार द्वारा इस अंशदायी पेंशन प्रणाली को अधिसूचित किया गया, जिसे अब 1 जनवरी, 2004 से प्रभावी 'राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS)' नामित कर दिया गया। बाद में 1 मई, 2009 से प्रभावी, इस NPS को, स्वैच्छिक आधार पर स्वयं-कार्यरत पेशेवरों तथा असंगठित क्षेत्र में अन्य लोगों सहित, देश के सभी नागरिकों के लिए लागू कर दिया गया।
- 'पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण अधिनियम' 19 सितम्बर, 2013 को पारित किया गया तथा इसे 1 फरवरी, 2014 को अधिसूचित किया गया।
- पीएफआरडीए एनपीएस को विनियमित करता है, जिसके अभिदाता भारत सरकार एवं राज्य सरकारों के कर्मचारी तथा निजी संस्थानों/संगठनों और असंगठित क्षेत्रों के कर्मचारी हैं।

### एस.एस. दुबे भारत के नए महालेखा नियंत्रक (सीजीए)

- 1989 बैच के भारतीय सिविल लेखा सेवा के अधिकारी एस.एस. दुबे ने 6 मार्च, 2023 को महालेखा नियंत्रक (CGA—Controller General of Accounts) का पद्भार ग्रहण किया।
  - ✓ *दुबे वित्त मंत्रालय के तहत् 28वें सीजीए हैं।*
- सीजीए के रूप में कार्यभार सँभालने से पहले वह अतिरिक्त लेखा नियंत्रक, सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) थे।
- उन्होंने आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के साथ-साथ औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग में मुख्य लेखा नियंत्रक के रूप में भी काम किया है।

***Salient Point...***

- वित्त मंत्रालय, व्यय विभाग में महालेखा नियंत्रक, भारत सरकार के प्रधान लेखा सलाहकार हैं और तकनीकी रूप से समर्थ प्रबंधन लेखांकन प्रणाली की स्थापना और उसके अनुरक्षण के लिए उत्तरदायी हैं।
- महालेखा नियंत्रक का कार्यालय, केन्द्र सरकार के लिए व्यय, राजस्व, ऋणों और विभिन्न राजकोषीय संकेतकों का मासिक और वार्षिक विश्लेषण तैयार करता है।
- संविधान के अनुच्छेद-150 के तहत् वार्षिक विनियोजन लेखे (सिविल) और केन्द्रीय वित्त लेखे, भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की सलाह पर संसद में प्रस्तुत किए जाते हैं।

### माधव कौशिक : साहित्य अकादमी के नए अध्यक्ष

- 11 मार्च, 2023 को नई दिल्ली स्थित रवीन्द्र भवन में सम्पन्न हुए साहित्य अकादमी कार्यकारिणी के चुनाव में वरिष्ठ साहित्यकार और साहित्य अकादमी के उपाध्यक्ष माधव कौशिक को अब अकादमी का अध्यक्ष चुना गया है।
- माधव कौशिक ने इस पद पर कन्नड़ साहित्यकार चन्द्रशेखर कंबार का स्थान लिया है।
- दिल्ली यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर कुमुद शर्मा को साहित्य अकादमी का उपाध्यक्ष चुना गया है।
  - ✓ *साहित्य अकादमी के इतिहास में पहली बार किसी महिला को अकादमी का उपाध्यक्ष चुना गया है।*

***Salient Point...***

- साहित्य अकादमी की स्थापना : 1954
- साहित्य अकादमी का मुख्यालय : नई दिल्ली
- साहित्य अकादमी के प्रथम अध्यक्ष : जवाहरलाल नेहरू

### रश्मि शुक्ला : सीमा सशस्त्र बल की महानिदेशक नियुक्त

- केन्द्र सरकार ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी रश्मि शुक्ला को सीमा सशस्त्र बल (SSB) का महानिदेशक मार्च 2023 में नियुक्त किया है।
- वह एसएसबी की दूसरी महिला महानिदेशक हैं। अर्चना रामसुंदरम सशस्त्र सीमा बल की प्रथम महिला महानिदेशक हैं।
- 1988 बैच की महाराष्ट्र कैडर की आईपीएस अधिकारी रश्मि शुक्ला महाराष्ट्र खुफिया विभाग की प्रमुख रह चुकी हैं तथा वह महाराष्ट्र में फोन टैपिंग से जुड़े एक मामले में सुर्खियों में आई थीं।

**Know The Facts** : वर्ष 1963 में स्थापित सीमा सशस्त्र बल नेपाल और भूटान सीमा की रक्षा करने वाला बल है। यह गृह मंत्रालय के तहत् आने वाले 7 केन्द्रीय सुरक्षा बलों में से एक है। इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है।

### अन्य प्रमुख राष्ट्रीय नियुक्तियाँ

- **जी. कृष्णकुमार** : चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (BPCL); नियुक्ति : मार्च 2023
  - ✓ *उन्होंने इस पद पर अरुण कुमार सिंह का स्थान लिया है, जो अक्टूबर 2022 में सेवानिवृत्त हो गए।*

***Salient Point...***

- ⌖ बीपीसीएल एक महारत्न सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है।
- ⌖ यह मुम्बई, बीना, कोच्चि और नुमालीगढ़ रिफाइनरी का संचालन करती है।
- ⌖ नुमालीगढ़ रिफाइनरी में बीपीसीएल, ऑयल इंडिया लि. एवं असम सरकार की हिस्सेदारी क्रमशः 61.65%, 26% एवं 12.35% है।

- **ललित कुमार गुप्ता** : चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, कॉटन कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (CCI); नियुक्ति : मार्च 2023

***Salient Point...***

- ⌖ भारत कपास निगम लिमिटेड (CCI), भारत सरकार की संस्था है जो कपास के क्रय, व्यापार एवं निर्यात से सम्बन्धित कार्यों का निष्पादन करने के लिए है।
- ⌖ CCI की स्थापना : 31 जुलाई, 1970
- ⌖ मुख्यालय : मुम्बई

- **के. क्रिथिवासन** : सीईओ, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS); नियुक्ति : मार्च 2023
  - ✓ *टीसीएस के एमडी और सीईओ राजेश गोपीनाथन के इस्तीफे के पश्चात् के. क्रिथिवासन की नियुक्ति की गई है।*
  - ✓ *टीसीएस का मुख्यालय मुम्बई में स्थित है।*
- **डॉ. राजीव सिंह** : भारत के औषधि महानियंत्रक (Drugs Controller General of India); नियुक्ति : फरवरी 2023
  - ✓ *इस पद पर उन्होंने डॉ. वी. जी. सोमानी का स्थान लिया है, जिनका कार्यकाल 15 फरवरी को समाप्त हो गया।*
  - ✓ *इनकी नियुक्ति उनके पद्‌भार ग्रहण करने की तिथि से 28 फरवरी, 2025 को सेवानिवृत्ति की उम्र तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, प्रभावी होगी।*
- **अमिताभ मुखर्जी** : चेयरमैन एवं प्रबन्ध निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार, राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (National Mineral Development Corporation—NMDC); नियुक्ति : मार्च 2023
  - ✓ *NMDC खनन क्षेत्र में सार्वजनिक क्षेत्र की कम्पनी है।*
- **सिद्धार्थ मोहंती** : अंतरिम अध्यक्ष, भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC); नियुक्ति : मार्च 2023
  - ✓ *एलआईसी के एमडी एण्ड सीईओ सिद्धार्थ मोहंती को मंगलम रामासुब्रमण्यम की सेवानिवृत्ति (13 मार्च, 2023 को) के पश्चात् उनके स्थान पर नियुक्त किया गया है।*
  - ✓ *उल्लेखनीय है कि एलआईसी को एक चेयरमैन और चार प्रबन्ध निदेशक लीड करते हैं।*
- **राजेश मल्होत्रा** : प्रधान महानिदेशक, पत्र सूचना कार्यालय (PIB); पद्‌भार ग्रहण : 1 मार्च, 2023
  - ✓ *इस पद पर उन्होंने सत्येन्द्र प्रकाश का स्थान लिया है।*

## भारतीय/भारतीय मूल के व्यक्तियों की अन्तर्राष्ट्रीय नियुक्तियाँ

### श्रेया घोडावत : शी चेंजेंज क्लाइमेट के लिए भारतीय राजदूत

- जलवायु उद्यमी श्रेया घोडावत को 'शी चेंजेज क्लाइमेट' (SHE Changes Climate) के लिए भारत का राजदूत 13 मार्च, 2023 को नियुक्त किया गया है।
- 'SHE चेंजेज क्लाइमेट' एक वैश्विक अभियान है, जो सिर्फ जलवायु कार्रवाई को तेज करने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता फैलाता है।
- वैश्विक गैर-लाभकारी संगठन 'शी चेंजेज क्लाइमेट' ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 'एम्ब्रेस इक्विटी' नाम से एक विशेष पहल शुरू की है।

### अरुण सुब्रमण्यन न्यूयॉर्क कोर्ट में पहले भारतीय-अमेरिकी जज

- भारतीय मूल के अमेरिकी वकील अरुण सुब्रमण्यन को राष्ट्रपति जो बाइडेन ने न्यूयॉर्क में मैनहट्टन फेडरल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट का जिला जज (District Judge) मनोनीत कर दिया है।
- सुब्रमण्यन न्यूयॉर्क के दक्षिणी जिले के कोर्ट में सेवा करने वाले पहले दक्षिण एशियाई जज होंगे।
- अमेरिकी सीनेट ने 7 मार्च, 2023 को 58-37 मतों से सुब्रमण्यन के नामांकन की पुष्टि की।

### तेजल मेहता मैसाच्युसेट्स प्रांत की जिला अदालत की प्रथम न्यायाधीश

- भारतीय मूल की महिला न्यायाधीश तेजल मेहता ने अमेरिका के मैसाच्युसेट्स प्रांत की एक जिला अदालत की प्रथम न्यायाधीश के रूप में मार्च 2023 में शपथ ग्रहण की है।
- वह आयर जिला अदालत की प्रथम न्यायाधीश के तौर पर सेवाएँ देंगी।
  - ✓ *वह आयर जिला अदालत की सहायक न्यायाधीश के रूप में सेवाएँ दे चुकी हैं।*

### अन्य प्रमुख भारतीय/भारतीय मूल की अन्तर्राष्ट्रीय नियुक्तियाँ

- **विमल कपूर** : अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, हनीवेल इंटरनेशनल इंक (Honeywell International Inc.); नियुक्ति : मार्च 2023
  - ✓ *वह इस पद पर 1 जून, 2023 से दारियस अदमचक का स्थान लेंगे।*

- ✓ *हनीवेल इंटरनेशनल इंक एक विविध विनिर्माण और प्रौद्योगिकी कम्पनी है जो चार व्यावसायिक क्षेत्रों के माध्यम से संचालित होती है–एयरोस्पेस, भवन प्रौद्योगिकी, प्रदर्शन सामग्री और प्रौद्योगिकियाँ एवं सुरक्षा और उत्पादकता समाधान।*
- ✓ ***हनीवेल का मुख्यालय** : चार्लोट, उत्तरी कैरोलिना, संयुक्त राज्य अमेरिका।*

अन्तर्राष्ट्रीय नियुक्तियाँ

## राम चन्द्र पौडेल : नेपाल के नए राष्ट्रपति

- राम चन्द्र पौडेल का नेपाल के तीसरे राष्ट्रपति के रूप में चयन 9 मार्च, 2023 को हुआ है। उन्होंने इस पद पर अपना कार्यभार 13 मार्च, 2023 को ग्रहण किया।
  - ✓ *नेपाल के नए राष्ट्रपति के रूप में, उन्होंने विद्या देवी भंडारी का स्थान लिया है।*
- नेपाली चुनाव आयोग के अनुसार, राम चन्द्र पौडेल को 33,800 इलेक्टोरल वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी सुभाष चन्द्र नेम्बवांग को 15,500 वोट मिले।
  - ✓ *राम चन्द्र पौडेल को प्रांतीय विधानसभाओं के 352 सदस्यों और संसद के 214 सदस्यों से वोट मिले।*

**नेपाल के राष्ट्रपति का चयन**

- ⌖ संघीय संसद और प्रांतीय विधानसभा के प्रतिनिधियों से बना एक निर्वाचक मंडल राष्ट्रपति का चयन करता है।
- ⌖ नेपाल के राष्ट्रपति चुनाव में मतदाताओं की कुल संख्या 882 है, जिसमें देश की सात प्रांतीय विधानसभा में से प्रत्येक के 550 प्रतिनिधि और संसद के 332 सदस्य शामिल हैं।

### रामसहाय यादव : नेपाल के उपराष्ट्रपति

- नेपाल में पीपुल्स सोशलिस्ट पार्टी के राम सहाय यादव का देश के तीसरे उपराष्ट्रपति के रूप में चयन 17 मार्च, 2023 को हुआ है।
  - ✓ *उन्होंने इस पद पर 20 अप्रैल, 2023 को पद्भार ग्रहण किया।*
- उन्होंने उपराष्ट्रपति चुनाव में 'कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (Unified Marxist–Leninist) की अस्तलक्ष्मी शाक्या और जनमत पार्टी की ममता झा को पराजित किया।

**Know The Facts** : नेपाल में राष्ट्रपति की तरह, उपराष्ट्पति का चुनाव भी एक भारित मतदान प्रणाली के आधार पर होता है। जिसमें एक निर्वाचक मंडल होता है। जिसमें संघीय संसद (प्रतिनिधि सभा और नेशनल असेंबली) और प्रांतीय विधानसभाओं के सदस्य शामिल होते हैं।

## बोला अहमद टीनूबू : नाइजीरिया के नए राष्ट्रपति

- अफ्रीका के सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और सर्वाधिक आबादी वाले देश नाइजीरिया के अगले राष्ट्रपति के रूप में सत्तारूढ़ पार्टी 'ऑल प्रोग्रेसिव कांग्रेस (एपीसी)' के बोला अहमद टीनूबू (Bola Ahmed Tinubu) को नया राष्ट्रपति चुना गया है।
- उनके निर्वाचन की घोषणा नाइजीरियाई निर्वाचन अधिकारियों ने 1 मार्च, 2023 को की।
  - ✓ *बोला टीनूबू को चुनाव में 8.79 मिलियन वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी अतीकू अबूबकर को 6.98 मिलियन वोट मिले।*
- वह इस पद पर अपना कार्यभार 29 मई, 2023 को ग्रहण करेंगे।

**Know The Facts** : नाइजीरिया अफ्रीका का सबसे बड़ा तेल उत्पादक देश है।

**मार्च 2023 में पद ग्रहण करने वाले विभिन्न देशों के प्रमुख**

- **क्रिस्टीन कंगालू (Christine Kangaloo)** : राष्ट्रपति, त्रिनिदाद एण्ड टोबेगो (पद ग्रहण की तिथि : 20 मार्च, 2023)।
- **राम सहाय यादव (Ram Sahaya Yadav)** : उपराष्ट्रपति, नेपाल (पद ग्रहण की तिथि : 20 मार्च, 2023)।
- **राम चन्द्र पौडेल (Ram Chandra Poudel)** : राष्ट्रपति, नेपाल (पद ग्रहण की तिथि : 13 मार्च, 2023)।
- **ली क्यांग (Li ýiang)** : प्रीमियर, चीन (पद ग्रहण की तिथि : 11 मार्च, 2023)।
- **पेत्र पावेल (Petr Pavel)** : राष्ट्रपति, चेक गणराज्य (पद ग्रहण की तिथि : 9 मार्च, 2023)।
- **मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जेसिम अल थानी** : प्रधानमंत्री, कतर (पद ग्रहण की तिथि : 7 मार्च, 2023)।
- **वो वान थूओंग (Võ Văn Thưởng)**: राष्ट्रपति, वियतनाम (पद ग्रहण की तिथि : 2 मार्च, 2023)।

# चर्चित व्यक्ति

## नोबल शांति पुरस्कार विजेता एलेस बियालियात्स्की को 10 वर्ष कैद की सजा

- बेलारूस के मानवाधिकार कार्यकर्ता और वर्ष **2022 के नोबेल शांति पुरस्कार विजेता** एलेस बियालियात्स्की (Ales Bialiatski) को बेलारूस की स्थानीय अदालत ने 10 वर्ष कैद की सजा सुनाई है।
- उन्हें यह सजा लोक व्यवस्था बिगाड़ने वाली गतिविधियाँ करने, वित्त-पोषण करने और तस्करी के मामले में दी गई है।
- बेलारूस की राजधानी मिंस्क के लेनिनस्की जिला अदालत ने 60 वर्षीय बियालियात्स्की पर 65 हजार यूएस डॉलर का जुर्माना भी आरोपित किया है।
- वेसना ह्यूमन राइट्स सेंटर के प्रमुख बियालियात्स्की के साथ ही इस सेंटर के प्रतिनिधि वेलेंटाइन स्टेफनोविच और व्लादिमीर लाबकोविच को भी 9-7 वर्ष तक की सजा सुनाई है।
  - ✓ *इनके साथ ही दिमित्री सोलोवियोव को भी 8 वर्ष की सजा सुनाई गई है लेकिन वह फिलहाल बेलारूस से बाहर हैं।*

**Know The Facts :** एलेस बियालियात्स्की को रूस के मानवाधिकार संगठन 'मेमोरियल' और यूक्रेन के मानवाधिकार संगठन 'सिविल लिबर्टीज' को संयुक्त रूप से वर्ष 2022 का नोबेल पुरस्कार मिला था।

## विराट कोहली : लक्ष्योर के ब्रांड एम्बेसडर

- स्टेशनरी निर्माता लक्ष्योर राइटिंग इंस्ट्रूमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड ने प्रख्यात क्रिकेटर विराट कोहली को अपना ब्रांड एम्बेसडर मार्च 2023 में नियुक्त किया है।
  - ✓ *1963 में स्थापित लक्सर इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड एक प्रसिद्ध भारतीय स्टेशनरी निर्माता कम्पनी है।*
  - ✓ *कम्पनी अपने ब्रांड नाम के तहत् विभिन्न लेखन उपकरणों का उत्पादन करती है, जिसमें पायलट, पार्कर और वॉटरमैन जैसे लोकप्रिय उत्पाद शामिल हैं।*

**वर्ष 2023 में नियुक्त ब्रांड एंबेसडर : एक नजर में**

| क्रम | ब्रांड या केम्पेन का नाम | व्यक्ति |
|---|---|---|
| 1. | पीएनजी ज्वेलर्स | माधुरी दीक्षित |
| 2. | हुंडई मोटर्स इंडिया लि. | यस्तिका भाटिया और रेणुका सिंह ठाकुर (भारतीय महिला क्रिकेटर) |
| 3. | पूमा इंडिया | हरमनप्रीत कौर (भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान) |
| 4. | पेप्सिको इंडिया | रणवीर सिंह (अभिनेता) |
| 5. | प्लांट बेस्ड मीट ब्रांड अनक्रेव (UnCrave) | वीर दास (संगीतकार) |
| 6. | राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (NMDC) | निखत ज़रीन |
| 7. | न्यूट्रिशिन कम्पनी हर्बालाइफ न्यूट्रिशन इंडिया | स्मृति मंधाना (महिला क्रिकेटर); पोषण प्रायोजक के रूप में |
| 8. | बंधन बैंक का 'जहाँ बंधन, वाहन ट्रस्ट' अभियान | सौरव गांगुली |

## शालिजा धामी : वायुसेना में लड़ाकू इकाई की पहली महिला कमांडर



शालिजा धामी

- भारतीय वायुसेना ने ग्रुप कैप्टन शालिजा धामी को पश्चिमी सेक्टर में अग्रिम लड़ाकू इकाई का कमांडर नियुक्त किया है।
  - ✓ *वह वायुसेना में लड़ाकू इकाई की पहली महिला कमांडर होंगी।*
- सुश्री धामी इस पद पर पहुँचने वाली प्रथम भारतीय महिला अधिकारी बन गई हैं।
- धामी को वर्ष 2003 में हेलीकॉप्टर पायलट के रूप में नियुक्त किया गया था।
  - ✓ *उन्हें 2800 घंटे से अधिक उड़ान भरने का अनुभव है।*
  - ✓ *वह क्वालीफाइड फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर भी हैं और पश्चिमी सेक्टर में हेलीकॉप्टर यूनिट की फ्लाइट कमांडर रह चुकी हैं।*
  - ✓ *वह वर्तमान में एक अग्रिम कमान मुख्यालय की ऑपरेशंस ब्रांच में पदस्थ हैं।*

# निधन

## सतीश कौशिक : फिल्म अभिनेता, लेखक-निर्देशक


- सुप्रसिद्ध अभिनेता, लेखक और निर्देशक सतीश कौशिक का 9 मार्च, 2023 को गुरुग्राम में निधन हो गया। वह 67 वर्ष के थे।


सतीश कौशिक

- एक फिल्म अभिनेता के रूप में, सतीश कौशिक को 1987 की सुपरहीरो फिल्म 'मिस्टर इंडिया' में **कैलेंडर** के रूप में, दीवाना मस्ताना (1997) में **पप्पू पेजर** के रूप में और सारा गैवरॉन द्वारा निर्देशित ब्रिटिश फिल्म ब्रिक लेन (2007) में **चानू अहमद** के रूप में उनकी भूमिकाओं के लिए जाना जाता था।
- उन्होंने हास्य अभिनेता के तौर पर काफी लोकप्रियता हासिल की।
- सतीश कौशिक ने 1990 में राम लखन के लिए और 1997 में साजन चले ससुराल के लिए **फिल्मफेयर सर्वश्रेष्ठ हास्य अभिनेता पुरस्कार** भी जीता।

### अन्य प्रमुख दिवंगत हस्तियाँ

- **गॉर्डर मून** : अमेरिकन बिजनेसमैन, इंजीनियर एवं इंटेल के सह-संस्थापक (निधन : 24 मार्च, 2023); आयु : 94 वर्ष।
  - ✓ *उनके नाम पर रखे गए **मूर के नियम** में कहा गया है कि एक माइक्रोचिप पर ट्रांजिस्टर की संख्या लगभग हर दो साल में दोगुनी हो जाती है, जबकि चिप्स की कीमत समान रहती है।*
  - ✓ *उन्हें इलेक्ट्रॉनिक्स और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए कई सम्मान दिए गए हैं, जिनमें 1990 में नेशनल मेडल ऑफ़ टेक्नोलॉजी एण्ड इनोवेशन, 2008 में आईईईई मेडल ऑफ ओनर और 2015 में राष्ट्रपति मेडल ऑफ फ्रीडम शामिल हैं।*
- **प्रदीप सरकार** : प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक (निधन : 24 मार्च, 2023); आयु : 67 वर्ष।


प्रदीप सरकार

  - ✓ *उन्होंने कई सफल फिल्मों 'परिणीता', 'मरदानी' आदि का निर्देशन किया।*
  - ✓ *उनके द्वारा निर्देशित अन्य फिल्मों में 'चुनरी में दाग', 'हेलीकॉप्टर एला' और 'लफंगे परिंदे' शामिल हैं।*
  - ✓ *वर्ष 2006 में उन्होंने बेस्ट डेब्यू फिल्म के डाइरेक्टर का इंदिरा गांधी अवॉर्ड भी जीता।*

- **इनोसेंट**: मशहूर मलयालम एक्टर एवं पूर्व सांसद (निधन: 26 मार्च, 2023); आयु: 75 वर्ष।
- **समीर खाखर**: अभिनेता (निधन: 15 मार्च, 2023); आयु: 70 वर्ष।
  - ✓ *लोकप्रिय टीवी सीरीज 'नुक्कड़' में 'खोपड़ी' के किरदार के लिए प्रसिद्ध।*
- **सस्थीपद चट्टोपाध्याय**: प्रसिद्ध बंगाली उपन्यासकार और लघु कथा लेखक (निधन: 3 मार्च, 2023); आयु: 81 वर्ष।
  - ✓ *वह बंगाली साहित्य में प्रसिद्ध पांडब गोएण्डा (पाँच जासूस) की कहानियों की श्रृंखला के लिए जाने जाते हैं।*
- **जस्टिस एएम अहमदी (अज़ीज़ मुशब्बर अहमदी)** : भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश (निधन: 2 मार्च, 2023); आयु: 90 वर्ष।
  - ✓ *वह 25 अक्टूबर,1994 से 24 मार्च, 1997 तक भारत के मुख्य न्यायाधीश (26वें) रहे।*
  - ✓ *सुप्रीम कोर्ट में अपने समय के दौरान, जस्टिस अहमदी ने 232 निर्णय लिखे और 811 बेंचों का हिस्सा रहे।*

# चर्चित स्थल

## सिद्धारूढ़ स्वामी जी हुबली रेलवे स्टेशन

- विश्व के सबसे लम्बे रेलवे स्टेशन के रूप में भारत के रेलवे स्टेशन 'हुबली रेलवे स्टेशन' का नाम 'गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड' में दर्ज हो गया है।
- भारतीय रेलवे में दक्षिण-पश्चिम रेलवे जोन के कर्नाटक में स्थित इस रेलवे स्टेशन का पूरा नाम 'श्री सिद्धारूढ़ स्वामीजी हुबली स्टेशन' है।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 12 मार्च, 2023 को इस स्टेशन को देश को समर्पित किया।
- ₹ 20.1 करोड़ की लागत से बनकर तैयार इस स्टेशन के एक प्लेटफॉर्म की लम्बाई 1,507 मीटर (4,938 फीट) है।
- उत्तरी कर्नाटक क्षेत्र में हुबली, व्यापार का एक बड़ा हब है। यह स्टेशन बेंगलुरू (दावणगेरे की ओर), होसपेटे (गदग की ओर) और वास्को-द-गामा/बेलगावी (लोंडा की ओर) की ओर रेलवे लाइनों को जोड़ने वाले जंक्शन पर स्थित है।

***Salient Point...***

- ⌖ हुबली से पहले **गोरखपुर रेलवे स्टेशन** दुनिया का सबसे लम्बा रेलवे स्टेशन माना जाता था। उत्तर प्रदेश का गोरखपुर जंक्शन अब दूसरा सबसे बड़ा प्लेटफॉर्म हो गया है। इसकी लम्बाई 1,366.33 मीटर (4,483 फीट) है।
- ⌖ इसके बाद केरल में कोल्लम जंक्शन तीसरा सबसे लम्बा प्लेटफॉर्म है। इसकी लम्बाई 1,180.5 मीटर (3,873 फीट) है।

# दिवस/सप्ताह/वर्ष

- **शून्य भेदभाव दिवस** : 1 मार्च
  - ✓ *वर्ष 2023 के शून्य भेदभाव दिवस की थीम : **' सेव लाइव्सः डिक्रिमिनलाइज़'** (Save lives : Decriminalize)।*
- **विश्व नागरिक सुरक्षा दिवस** : 1 मार्च
  - ✓ *वर्ष 2023 के विश्व नागरिक सुरक्षा दिवस की थीम : **'भविष्य की पीढ़ियों की सुरक्षा और सुरक्षा के लिए दुनिया के अग्रणी उद्योग विशेषज्ञों को एकजुट करना'**।*
- **विश्व समुद्री घास दिवस** : 1 मार्च
- **विश्व वन्यजीव दिवस (World Wildlife Day)** : 3 मार्च
  - ✓ *वर्ष 2023 के विश्व वन्यजीव दिवस की थीम : **'वन्यजीव संरक्षण के लिए साझेदारी'** (Partnership for Wildlife Conservation)।*
- **विश्व श्रवण दिवस (World Hearing Day)** : 3 मार्च
  - ✓ *वर्ष 2023 के विश्व श्रवण दिवस की थीम : **'सभी के लिए कान और श्रवण की देखभाल'**।*
- **राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस** : 4 मार्च
  - ✓ *वर्ष 2023 के राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस की थीम : **'हमारा उद्देश्य, शून्य नुकसान'**।*
- **विश्व मोटापा दिवस (World Obesity Day)** : 4 मार्च
- **निरस्त्रीकरण और अप्रसार जागरूकता के लिए अन्तर्राष्ट्रीय दिवस** : 5 मार्च
- **अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस** : 8 मार्च
  - ✓ *वर्ष 2023 के अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम **'DigitALL: Innovation and technology for gender equality'** है।*
- **नो स्मोकिंग डे** : 8 मार्च (मार्च माह के दूसरे बुधवार)
- **विश्व किडनी दिवस** : 9 मार्च
  - ✓ *प्रतिवर्ष मार्च माह के दूसरे गुरुवार को मनाया जाता है।*
  - ✓ *वर्ष 2023 के विश्व किडनी दिवस की थीम : **'सभी के लिए किडनी स्वास्थ्य – अप्रत्याशित के लिए तैयारी, कमजोर लोगों का समर्थन'***
- **अन्तर्राष्ट्रीय महिला न्यायाधीश दिवस** : 10 मार्च
  - ✓ *वर्ष 2023 में अन्तर्राष्ट्रीय महिला न्यायाधीश दिवस को **'न्याय में महिलाएँ, न्याय के लिए महिलाएँ'** अभियान के साथ मनाया गया।*
- **नदियों के लिए अन्तर्राष्ट्रीय कार्रवाई दिवस** : 14 मार्च
  - ✓ *इस वर्ष दिवस की 25वीं वर्षगाँठ मनाई गई।*
  - ✓ *इस दिन को पहले बाँधों के खिलाफ और नदियों, जल एवं जीवन हेतु अन्तर्राष्ट्रीय कार्रवाई दिवस के रूप में जाना जाता था।*
  - ✓ *वर्ष 2023 के नदियों के लिए अन्तर्राष्ट्रीय कार्रवाई दिवस की थीम: **नदियों का अधिकार (Rights of Rivers)***

- **अन्तर्राष्ट्रीय गणित दिवस** : 14 मार्च
  - ✓ *वर्ष 2023 के अन्तर्राष्ट्रीय गणित दिवस की थीम : **'गणित सबके लिए'** (Mathematics for Everyone)।*
- **विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस** : 15 मार्च
  - ✓ *वर्ष 2023 के विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस की थीम : **'स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण के माध्यम से उपभोक्ताओं को सशक्त बनाना'***
- **इस्लामोफोबिया के खिलाफ प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय दिवस** : 15 मार्च
- **राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस** : 16 मार्च
- **विश्व स्लीप डे** : 17 मार्च
  - ✓ *वर्ल्ड स्लीप डे प्रत्येक वर्ष विषुव स्प्रिंग/वर्नल इक्विनॉक्स (Spring Equinox or Vernal Equinox) मार्च के पहले शुक्रवार को मनाया जाता है। इसलिए प्रति वर्ष इसकी तारीख बदल जाती है लेकिन इस दिन शुक्रवार ही रहता है।*
  - ✓ ***'वर्नल इक्विनॉक्स' (स्प्रिंग इक्विनॉक्स)** या मार्च इक्विनॉक्स उस वर्ष का समय होता है जब सूर्य भूमध्य रेखा से ऊपर होता है और दिन और रात समान लम्बाई के होते हैं।*
  - ✓ *वर्ष 2023 के वर्ल्ड स्लीप डे की थीम : **'नींद स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है'** (Sleep Is Essential for Health)।*
- **वैश्विक पुनर्चक्रण दिवस** (Global Recycling Day) : 18 मार्च
  - ✓ *वर्ष 2023 के वैश्विक पुनर्चक्रण दिवस की थीम : **'क्रिएटिव इनोवेशन'** (Creative Innovation)।*
- **अन्तर्राष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस (International Day of Happiness)** : 20 मार्च
  - ✓ *अन्तर्राष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस की वर्ष 2023 की थीम : **'सावधान रहो, आभारी रहो, दयालु बनो'** (Be Mindful. Be Grateful. Be Kind)।*
- **विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस** : 20 मार्च
  - ✓ *वर्ष 2023 के वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे की थीम : **'अपने मुँह से गर्व करो'।***
- **विश्व गौरेया दिवस (World Sparrow Day)** : 20 मार्च
  - ✓ *वर्ष 2023 के विश्व गौरेया दिवस की थीम : 'I love Sparrows'*
- **संयुक्त राष्ट्र फ्रेंच भाषा दिवस (UN French Language Day)**: 20 मार्च
- **अन्तर्राष्ट्रीय वन दिवस** : 21 मार्च
  - ✓ *वर्ष 2023 के अन्तर्राष्ट्रीय वन दिवस की थीम–**'वन और स्वास्थ्य'** (Forests and Health)।*
- **नस्लीय भेदभाव के उन्मूलन के लिए अन्तर्राष्ट्रीय दिवस** : 21 मार्च
- **विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस** : 21 मार्च
  - ✓ *वर्ष 2023 के वर्ल्ड डाउन सिंड्रोम डे की थीम है **'हमारे साथ, हमारे लिए नहीं'**।*
- **विश्व कविता दिवस** : 21 मार्च
  - ✓ *वर्ष 2023 के विश्व कविता दिवस की थीम है–**'ऑलवेज़ बी अ पोएट, इवेन इन प्रोस'**।*
- **अन्तर्राष्ट्रीय नौरोज दिवस** : 21 मार्च
  - ✓ *नौरोज वसंत अक्षांश को चिह्नित करता है, नवजाति और प्रकृति के नए आयाम के आगमन को बताता है।*
  - ✓ *लगभग 300 मिलियन लोग पूरी दुनिया में इस अन्तर्राष्ट्रीय त्योहार को मनाते हैं,*
  - ✓ *संयुक्त राष्ट्र ने 21 मार्च को 'नौरूज', 'नवरुज़' या 'नौरोज़' के रूप में घोषित किया था, जिसका अर्थ 'नया दिन' होता है और इसका लगभग 3,000 वर्ष का इतिहास है।*
  - ✓ *नौरोज की जड़ पुराने पारसी धर्म ज़रथुष्ट्र धर्म से है। ज़रथुष्ट्र धर्म इस्लाम और ईसाई धर्म से पहले है।*
- **बिहार दिवस** : 22 मार्च
  - ✓ *22 मार्च, 2023 को बिहार राज्य द्वारा अपना 111 वाँ स्थापना दिवस अर्थात् 'बिहार दिवस' मनाया गया।*
- **विश्व जल दिवस** : 22 मार्च
  - ✓ *विश्व जल दिवस की वर्ष 2023 की थीम–**'एक्सीलेरेटिंग चेंज** (Accelerating change)।*
- **विश्व मौसम विज्ञान दिवस** : 23 मार्च
  - ✓ *विश्व मौसम विज्ञान दिवस की वर्ष 2023 की थीम–**'जनरेशन के साथ मौसम, जलवायु और जल का भविष्य'** (The Future of Weather, Climate, and Water Across Generations)।*
- **शहीद दिवस** (भगतसिंह, सुखदेव व राजगुरु का बलिदान दिवस) : 23 मार्च
- **विश्व क्षय रोग दिवस या विश्व तपेदिक दिवस** : 24 मार्च
  - ✓ *वर्ष 2023 के विश्व क्षय दिवस की थीम–**'यस! वी कैन एण्ड टीबी'** (Yes! We can end TB!)।*
- **विश्व रंगमंच दिवस** : 27 मार्च
- **गुलामी और ट्रान्साटलांटिक दास व्यापार के पीड़ितों के स्मरण का अन्तर्राष्ट्रीय दिवस** : 25 मार्च
  - ✓ ***वर्ष 2023 के इस दिवस की थीम** : ' फाइटिंग स्लेवरीस लिगेसी ऑफ रेसिस्म थ्रू ट्रांसमोटिव एजुकेशन*
- **नज़रबंद और लापता स्टाफ सदस्यों के साथ एकजुटता का अन्तर्राष्ट्रीय दिवस** : 25 मार्च
- **अर्थ ऑवर 2023** : 25 मार्च
  - ✓ *वर्ष 2023 में अर्थ ऑवर का यह 17 वाँ संस्करण था।*
  - ✓ *अर्थ पॉवर एक अन्तर्राष्ट्रीय पहल है जिसके तहत् लोगों, सरकारी कार्यालियों एवं शहरी केन्द्रों को पर्यावरण संरक्षण हेतु एक प्रतीक के रूप में घण्टे भर (स्थानीय समयानुसार रात 8:30 से रात 9:30 तक) के लिए गैर-आवश्यक रोशनी बन्द करने की आवश्यकता होती है।*
- **राजस्थान दिवस** : 30 मार्च
  - ✓ *वर्ष 2023 में राजस्थान दिवस को **लाभार्थी उत्सव** के रूप में मनाया गया।*

विभिन्न संस्थानों के स्थापना दिवस

- **सिविल लेखा दिवस (Civil Accounts Day)** : 1 मार्च
  - ✓ *नई दिल्ली में 47वाँ नागरिक लेखा दिवस 1 मार्च, 2023 को मनाया गया।*
- **केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल का स्थापना दिवस** : 10 मार्च
  - ✓ *सीआईएसएफ ने अपना 54वाँ स्थापना दिवस 10 मार्च, 2023 को मनाया।*
  - ✓ *सीआईएसएफ ने **पहली बार दिल्ली के बाहर** स्थापना दिवस परेड का आयोजन किया। यह 12 मार्च, 2023 को **हैदराबाद में आयोजित** की गई। इस समारोह में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री **अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में** शामिल हुए।*
- **आयुध निर्माण दिवस (भारत)**: 18 मार्च
  - ✓ *कोसीपुर, कोलकाता में स्थित भारत के सबसे पुराने आयुध निर्माणी फैक्ट्री में उत्पादन 18 मार्च, 1802 को शुरू किया गया था।*

महत्वपूर्ण सप्ताह

- **जन औषधि सप्ताह** : 1-7 मार्च
  - ✓ *जन औषधि के बारे में और अधिक जागरूकता पैदा करने के लिए पूरे देश में 1-7 मार्च (पूरे सप्ताह) तक 'जन औषधि सप्ताह' के रूप में मनाया जाता है।*
  - ✓ *सप्ताह के अन्तिम दिन यानी 7 मार्च, 2023 को **पाँचवाँ 'जन औषधि दिवस'** मनाया गया।*
  - ✓ *5वें जन औषधि दिवस की थीम **'जन औषधि-सस्ती भी अच्छी थी'** है।*

# पोर्टल/एप

## वैदिक हेरिटेज पोर्टल लॉन्च

- भारत में वेदों व उपनिषदों की ज्ञान परम्परा को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (IGNCA) द्वारा निर्मित **'वैदिक हेरिटेज पोर्टल'** और 64 कलाओं पर आधारित वर्चुअल म्यूजियम **'कला वैभव'** का लोकार्पण किया गया।
- वैश्विक परिदृश्य में वैदिक हेरिटेज पोर्टल एक ऐसा प्रोजेक्ट है, जहाँ वेद एवं सम्पूर्ण वैदिक परम्परा का डिजिटल दिग्दर्शन किया जा सकता है। इस पोर्टल में चार वेदों (ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद) की प्रचलित शाखाओं के कुल 18 हजार से अधिक मंत्रों के अब तक 550 घंटों की ऑडियो-विजुअल रिकॉर्डिंग संगृहीत है।

## साथी

- केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय ने जेईई मेन सहित देश में अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए 'साथी' नाम का एक प्लेटफॉर्म 6 मार्च, 2023 को लॉन्च किया है।
  - ✓ *इस पोर्टल को आईआईटी कानपुर की मदद से तैयार किया गया है।*
- **साथी का पूर्णरूप** : Self Assessment Test and Help for Entrance Exams-SATHEE
- **लाभ** : इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से छात्र अब आईआईटी और आईआईएससी के प्रोफेसर्स से मुफ्त कोचिंग ले सकेंगे। इसका लाभ वे सभी छात्र उठा सकेंगे, जो महँगी कोचिंग का खर्चा नहीं उठा सकते।

# चर्चित पुस्तकें

- गवर्नरपेट टू गवर्नर हाउस : ए हिक्स ओडिसी (Governorpet to Governor's House : A Hick's Odyssey)-संस्मरण **–पीएस राममोहन राव**
- स्नेक्स इन गंगा : ब्रेकिंग इंडिया 2.0 (Snakes on the Ganga: Breaking India 2.0) **–राजीव मल्होत्रा एवं विजया विश्वनाथन**
- बिपिन : द मैन बिहाइंड द यूनिफॉर्म (Bipin : The Man Behind the Uniform) **–रचना बिष्ट रावत**
- द इंडियन मेट्रोपोलिस : डिकंस्ट्रक्टिंग इंडियाज अर्बन स्पेसेज (The Indian Metropolis : Deconstructing India's Urban Spaces) **–फिरोज वरुण गांधी**
- एज गुड एज माय वर्ड (As Good as My Word A Memoir) **–के.एम. चन्द्रशेखर**
- मुंडका उपनिषद : द गेटवे टू इटर्निटी ('Mundaka Upanishad: The Gateway to Eternity) **–डॉ. कर्ण सिंह**

# सम्मेलन/बैठक/कॉन्फ्रेंस

## राष्ट्रीय युवा सम्मेलन-2023

- भारत का सबसे बड़ा युवा शिखर सम्मेलन 'राष्ट्रीय युवा सम्मेलन' (National Youth Conclave 2023) स्मार्ट शहर मिशन, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, युवा कार्यक्रम के विभाग और राष्ट्रीय शहरी कार्य संस्थान (NIUA) द्वारा आयोजित किया गया।
- यह कार्यक्रम 13-14 मार्च, 2023 को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में सम्पन्न हुआ।
- यह कार्यक्रम 2023 में भारत के जी-20 अध्यक्षता के तत्वावधान में आयोजित किया गया तथा अर्बन-20 (U-20) और यूथ-20 (Y-20) आयोजन के समूहों के साथ संरेखित किया गया है।
- इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश के युवाओं और सरकारी नेतृत्व को एक साथ लाना है।

## ग्लोबल मिलेट्स (श्री अन्न) सम्मेलन-2023

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 18 मार्च, 2023 को नई दिल्ली में पूसा स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (IARI) परिसर के राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर (NASC) में ग्लोबल मिलेट्स (श्री अन्न) सम्मेलन का उद्घाटन किया।
- प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर को यादगार बनाने के लिए एक स्मारक डाक टिकट और स्मारक सिक्का भी जारी किया।
- इसके बाद उन्होंने '**भारतीय मिलेट (श्री अन्न) स्टार्ट-अप कॉम्पेंडियम**' का शुभारम्भ किया और '**बुक ऑफ मिलेट स्टैंडर्ड्स**' का डिजिटल तरीके से विमोचन किया।
- भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (ICAR) के **भारतीय मिलेट अनुसंधान संस्थान (IIMR)** को **वैश्विक उत्कृष्टता केन्द्र** के रूप में घोषित किया।
  - ✓ *भारतीय कदन्न अनुसंधान संस्थान (IIMR), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के अन्तर्गत ज्वार तथा अन्य कदन्नों पर बुनियादी एवं नीतिपरक अनुसंधान में प्रवृत्त एक प्रमुख अनुसंधान संस्थान है।*

**Know The Facts** : भारत के प्रस्ताव और प्रयासों के बाद ही संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2023 को '**इंटरनेशनल मिलेट ईयर**' घोषित किया है।

### अन्य प्रमुख सम्मेलन

- **7वाँ अन्तर्राष्ट्रीय धर्म-धम्म सम्मेलन**
  - ✓ ***आयोजन तिथि*** *: 3-5 मार्च, 2023*
  - ✓ ***आयोजन स्थल*** *: भोपाल (मध्य प्रदेश)*
  - ✓ ***उद्घाटनकर्ता*** *: राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु*
  - ✓ ***आयोजनकर्ता*** *: सांची बौद्ध-भारतीय अध्ययन विश्वविद्यालय के सहयोग से इंडिया फाउंडेशन द्वारा।*
  - ✓ ***सम्मेलन का विषय*** *: नए युग के लिए पूर्वी मानवतावाद*
  - ✓ ***महत्वपूर्ण बिन्दु—***
    - ✹ *पहला अन्तर्राष्ट्रीय धर्म-धम्म सम्मेलन 22-23 सितम्बर, 2012 को साँची विश्वविद्यालय (मध्य प्रदेश) में आयोजित किया गया था।*
    - ✹ *पिछला (छठवाँ) सम्मेलन बिहार के नालंदा जिले के राजगीर स्थित नालंदा विश्वविद्यालय में 7-9 नवम्बर, 2021 को आयोजित किया गया।*
- **पशु चिकित्सा और आयुर्वेद विषय पर अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन**
  - ✓ ***आयोजन तिथि*** *: 17-19 मार्च, 2023*
  - ✓ ***आयोजन स्थल*** *: हरिद्वार (उत्तराखण्ड)*
  - ✓ ***उद्घाटनकर्ता*** *: संजीव बालियान (केन्द्रीय राज्यमंत्री-मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय)*
- **जी-20 के तहत् बी-20 की बैठक**
  - ✓ ***आयोजन तिथि*** *: 15-17 मार्च, 2023*
  - ✓ ***आयोजन स्थल*** *: गंगटोक (सिक्किम)*
  - ✓ ***महत्वपूर्ण बिन्दु***
    - ✹ *उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (DPIIT) क्षेत्र के भीतर अप्रयुक्त क्षमता एवं अवसरों को प्रदर्शित करने के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र में चार बी-20 सम्मेलनों का आयोजन कर रहा है जिसमें से दो का आयोजन पहले ही इम्फाल (मणिपुर) और आइजोल (मिजोरम) में किया जा चुका है, जबकि गंगटोक (सिक्किम) में यह तीसरा आयोजन है। चौथा आयोजन कोहिमा (नगालैण्ड) में होगा।*

**Know The Facts** : भारत का सिक्किम दुनिया का ऐसा पहला राज्य है जहाँ पूर्ण रूप से ऑर्गेनिक खेती होती है।

✶ लंदन की **वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ने सिक्किम को दुनिया के पहले जैविक प्रदेश का प्रमाण-पत्र** जारी किया है। जैविक प्रदेश होने के साथ ही सिक्किम को अपराध मुक्त प्रदेश और सबसे अच्छे प्रशासन वाला राज्य भी माना गया है।

***Salient Point...***

- बिजनेस 20 (बी-20) का गठन 2010 में हुआ था। यह वैश्विक व्यापार समुदाय के साथ आधिकारिक जी-20 संवाद फोरम है।
- इस समूह में कम्पनियाँ, व्यापारिक संघ और बहुपक्षीय संगठन भी शामिल होते हैं।

- **23वाँ राष्ट्रमंडल विधि सम्मेलन-2023**
  - ✓ ***आयोजन तिथि*** *: 5-9 मार्च, 2023*
  - ✓ ***आयोजन स्थल*** *: गोवा*
  - ✓ ***उद्घाटनकर्ता*** *: पी.एस. श्रीधरन पिल्लई (गोवा के राज्यपाल)*
  - ✓ ***प्रतिभागी*** *: 52 देशों के 500 प्रतिनिधि*
  - ✓ ***महत्वपूर्ण बिन्दु—***
    - ✹ *5 दिवसीय सम्मेलन में केन्द्रीय कानून और न्याय मंत्री किरेन रिजिजू और गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत ने भी भाग लिया।*
- **5वाँ आसियान-भारत व्यापार शिखर सम्मेलन**
  - ✓ ***आयोजन तिथि*** *: 6 मार्च, 2023*
  - ✓ ***आयोजन स्थल*** *: कुआलालम्पुर*
  - ✓ ***महत्वपूर्ण बिन्दु—***
    - ✹ *यह भारत और कुआलालम्पुर में 10 सदस्यीय ब्लॉक के बीच तीन दशक से अधिक लम्बे जुड़ाव के उपलक्ष्य में आसियान-भारत मित्रता वर्ष के हिस्से के रूप में आयोजित किया गया।*
- **साझा बौद्ध विरासत पर अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन**
  - ✓ ***आयोजन तिथि*** *: 14-15 मार्च, 2023*
  - ✓ ***आयोजन स्थल*** *: विज्ञान भवन, नई दिल्ली*
  - ✓ ***आयोजक*** *: संस्कृति मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और विश्व बौद्ध परिसंघ द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम (आईबीसी- संस्कृति मंत्रालय के अनुदानदाता निकाय के रूप में)*

✓ *उद्देश्य : क्रॉस-सांस्कृतिक सम्बन्धों को फिर से स्थापित करना और विभिन्न एससीओ राष्ट्र-राज्य संग्रहालय संग्रहों में मध्य एशियाई बौद्ध कला, कला आंदोलनों, पुरातात्विक स्थानों और पुरातनता के बीच समानता की तलाश करना है।*

**समिति/आयोग**

## अडानी-हिंडनबर्ग केस में जाँच हेतु सुप्रीम कोर्ट द्वारा एक्सपर्ट कमेटी का गठन

- अडानी-हिंडनबर्ग केस में जाँच के लिए सर्वोच्च न्यायालय ने छह सदस्यीय एक्सपर्ट कमेटी के गठन के आदेश मार्च 2023 में दिए हैं।
- सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित कमेटी की अध्यक्षता सेवानिवृत्त न्यायाधीश अभय एम सप्रे को सौंपी गई है।
  - ✓ *कमेटी में जस्टिस सप्रे के अलावा ओपी भट्ट, जस्टिस केपी देवदत्त, केवी कामत, एन नीलकेणी, सोमेशेखर सुंदरेशन शामिल हैं।*
- समिति शेयर बाजार के विभिन्न नियामकीय पहलुओं के साथ अडानी समूह की कम्पनियों के शेयरों में गिरावट की जाँच करेगी।
- यह समिति अपनी रिपोर्ट 2 माह के भीतर सौंपेगी।

# ऑपरेशन/अभियान/अभ्यास

## वार्षिक द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास- कोंकण 2023

- **भारतीय नौसेना और इंग्लैण्ड की रॉयल नेवी** के बीच वार्षिक द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास- कोंकण 2023 अरब सागर के कोंकण तट पर **20-22 मार्च, 2023** तक आयोजित किया गया।
- इस अभ्यास में निर्देशित मिसाइल युद्धपोत आईएनएस त्रिशूल और 'टाइप-23' निर्देशित मिसाइल युद्धपोत एचएमएस लैंकेस्टर ने हिस्सा लिया तथा अंतर-परिचालनीयता बढ़ाने व सर्वश्रेष्ठ अभ्यासों को अपनाने के लिए कई समुद्री अभ्यास किए।
- कोंकण-2023 में समुद्री परिचालन के सभी क्षेत्र वायु, सतह और उप-सतह शामिल थे।

## अभ्यास ला पेरोस

- भारतीय नौसेना के स्वदेश निर्मित मध्यम आकार के गाइडेड मिसाइल युद्धपोत **'आईएनएस सह्याद्री'** और फ्लीट टैंकर **'आईएनएस ज्योति'** ने 13-14 मार्च, 2023 को आयोजित बहुपक्षीय अभ्यास **ला पेरोस (**La Perouse**) के तीसरे संस्करण** में भाग लिया।
- यह नौसैन्य अभ्यास हिंद महासागर के जल क्षेत्र में आयोजित किया गया था।
- इस अभ्यास का उद्देश्य समुद्री अधिकार-क्षेत्र की जागरूकता बढ़ाने और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने वाली नौसेनाओं के बीच समुद्री समन्वय को अनुकूलित करना था।
- अभ्यास ला पेरोस में भारतीय नौसेना के युद्धपोतों के अलावा निम्न युद्धपोतों ने हिस्सा लिया–
  - ✶ **रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना :** एचएमएएस पर्थ (HMAS Perth)।
  - ✶ **फ्रांसीसी नौसेना :** एफएस डिक्सम्यूद (FS Dixmude) और एफएस ला फायेत (FS La Fayette)।
  - ✶ **जापानी मेरीटाइम सेल्फ डिफेन्स फोर्स :** JMSDF जहाज 'सुजुत्सुकी' (Suzutsuki) के साथ टाइप एसएच 60 जे हेलीकॉप्टर (SH 60 J Helicopter)।
  - ✶ **इंग्लैण्ड की रॉयल नेवी :** एचएमएस तेमार (HMS Tamar) तथा
  - ✶ **अमरीका नौसेना : यूएसएस चार्ल्सटन** *(USS Charleston)*

**महत्वपूर्ण तथ्य**

- **आईएनएस सह्याद्री** रडार से बचने में सक्षम, अत्याधुनिक हथियारों एवं सेंसरों से सुसज्जित एक स्वदेशी रूप से डिजाइन व निर्मित गाइडेड मिसाइल स्टील्थ फ्रिगेट मध्यम युद्धपोत है।
- **आईएनएस ज्योति** एक बड़ा जलपोत टैंकर है, जो भारतीय नौसैन्य बेड़े को समुद्र में लम्बे समय तक ईंधन प्रदान करने में सक्षम है।

## जापान की मैरीटाइम सेल्फ डिफेंस फोर्स के साथ समुद्री साझेदारी अभ्यास (एमपीएक्स)

- विभिन्न मैत्रीपूर्ण देशों के साथ समुद्री साझेदारी अभ्यास (MPX) गतिविधियों को जारी रखते हुए **आईएनएस सह्याद्री जहाज** ने 11 मार्च, 2023 को अरब सागर में जापान की मैरीटाइम सेल्फ डिफेंस फोर्स (जेएमएसडीएफ) से **अकीजुकी श्रेणी** के विध्वंसक युद्धपोत **जेएस सुजुत्सुकी** के साथ नौसैन्य अभ्यास किया।
- समन्वित क्षमता को सशक्त करने के उद्देश्य से एकीकृत हेलीकॉप्टरों, सामरिक युद्धाभ्यास और युद्धपोतों द्वारा एक पारम्परिक स्टीमपास्ट के माध्यम से क्रॉस डेक लैंडिंग आयोजित हुई।

## फ्रांस की नौसेना के साथ समुद्री साझेदारी अभ्यास

- भारतीय नौसेना के स्वदेश निर्मित गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट आईएनएस सह्याद्री जहाज ने 10-11 मार्च, 2023 को अरब सागर में फ्रांस की नौसेना (एफएन) के युद्धपोतों मिस्ट्रल क्लास एम्फीबियस असॉल्ट शिप (Amphibious Assault Ship) के एफएस डिक्सम्यूइड (FS Dixmude) और ला फेयेट श्रेणी के पोत फ्रिगेट एफएस ला फेयेट (FS La Fayette) के साथ समुद्री साझेदारी अभ्यास (MCX) में भाग लिया।
- इस अभ्यास में समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में विकासात्मक परिवर्तन के एक व्यापक स्पेक्ट्रम को परखा गया, जिसमें क्रॉस डेक लैंडिंग, बोर्डिंग अभ्यास और सीमैनशिप विकास जैसी गतिविधियों को शामिल किया गया था।

## अभ्यास शिन्यू मैत्री

- भारतीय वायु सेना (IAF) ने जापान की एयर सेल्फ डिफेंस फोर्स (JASDF) के साथ **शिन्यू मैत्री अभ्यास** में भाग लिया।
  - ✓ *यह अभ्यास 1-2 मार्च, 2023 को आयोजित किया गया।*

- यह वायु अभ्यास भारत-जापान संयुक्त सेना **अभ्यास धर्म गार्जियन** के साथ-साथ ही आयोजित किया गया, जोकि 13 फरवरी, 2023 से 2 मार्च, 2023 तक जापान के कोमात्सु में संचालित हुआ।

## भारत सिंगापुर का संयुक्त युद्धाभ्यास 'बोल्ड कुरुक्षेत्र'

- भारतीय सेना और सिंगापुर की सेना के बीच जोधपुर मिलिट्री स्टेशन में द्विपक्षीय कवच प्रशिक्षण अभ्यास 'बोल्ड कुरुक्षेत्र'का 13वाँ संस्करण 6-13 मार्च, 2023 को सम्पन्न हुआ।
- युद्धाभ्यास की श्रृंखला में पहली बार दोनों देशों की सेनाओं ने एक कमांड पोस्ट अभ्यास में भाग लिया, जिसमें बटालियन और ब्रिगेड स्तर की योजना बनाने वाली इकाइयाँ और कम्प्यूटर वॉरगेमिंग शामिल थे।
- भारतीय सेना द्वारा आयोजित इस अभ्यास में 42वीं बटालियन, सिंगापुर आर्म्ड रेजिमेंट और भारतीय सेना की एक आर्म्ड ब्रिगेड के सैनिक शामिल थे।

## अन्तर्राष्ट्रीय समुद्री अभ्यास/कटलैस एक्सप्रेस-2023

- भारतीय नौसेना के आईएनएस त्रिकंद ने 26 फरवरी से 16 मार्च, 2023 तक खाड़ी क्षेत्र में सम्पन्न हुए अन्तर्राष्ट्रीय समुद्री अभ्यास/ कटलैस एक्सप्रेस-2023 (IMX/CE-23) में भाग लिया।
- इसका उद्देश्य समुद्री सुरक्षा को बढ़ाना और क्षेत्र में समुद्री लेन को समुद्री वाणिज्य के लिए सुरक्षित रखना है।
- यह भारतीय नौसेना की पहली आईएमएक्स सहभागिता है, यह दूसरे अवसर को भी चिन्हित करता है जहाँ सीएमएफ द्वारा आयोजित अभ्यास में एक भारतीय नौसेना जहाज ने हिस्सा लिया।
  - ✓ *इससे पहले, 22 नवम्बर, 2022 को आईएनएस त्रिकंद ने सीएमएफ के नेतृत्व वाले ऑपरेशन सी स्वॉर्ड-2 में भाग लिया था।*

**Know The Facts :** IMX/CE-23 विश्व के सबसे बड़े बहुराष्ट्रीय समुद्री अभ्यासों में से एक है।

## भारत और फ्रांस की थल सेना का पहला संयुक्त सैन्य अभ्यास 'फ्रिंजेक्स-2023'

- भारतीय थल सेना और फ्रांसीसी सेना के बीच पहला संयुक्त सैन्य अभ्यास फ्रिंजेक्स-23 (FRINJEX-2023) तिरुवनंतपुरम (केरल) के पैंगोड मिलिट्री स्टेशन (Pangode Military Station) में 7-8 मार्च, 2023 को आयोजित किया गया।
- इसमें भारतीय सेना के सैनिकों और फ्रांस की 6वीं लाइट आर्म्ड ब्रिगेड के एक-एक कम्पनी समूह के प्रत्येक दल के साथ शामिल हुए।
- इस संयुक्त सैन्य अभ्यास का उद्देश्य सामरिक स्तर पर दोनों देशों की सेनाओं के बीच अंतर-संचालन, समन्वय और सहयोग को बढ़ावा देना है।

## भारतीय नौसेना का अभ्यास 'ट्रॉपेक्स-23' सम्पन्न

- भारतीय नौसेना ने अपना सबसे बड़ा युद्धाभ्यास 'ट्रॉपेक्स-23' नवम्बर 2022 से मार्च 2023 की चार माह अवधि में आईओआर में आयोजित किया।
  - ✓ *यह अभ्यास मार्च 2023 के पूर्वार्द्ध में अरब सागर में सम्पन्न हुआ।*
- यह युद्धाभ्यास अरब सागर, बंगाल की खाड़ी और हिंद महासागर तक फैला था।
- अभ्यास के लिए संचालन का क्षेत्र उत्तर से दक्षिण तक 4300 समुद्री मील तक और पश्चिम में फारस की खाड़ी से 35 डिग्री दक्षिण अक्षांश पूर्व में उत्तरी ऑस्ट्रेलिया तट तक लगभग 5000 समुद्री मील में फैला हुआ था।
  - *यह पूरा क्षेत्र 21 मिलियन वर्ग समुद्री मील से अधिक के क्षेत्र में फैला हुआ था।*
- ट्रॉपेक्स-23 में लगभग 70 भारतीय नौसेना के जहाजों, छह पनडुब्बियों और 75 से अधिक विमानों ने भाग लिया।

## भारत-अफ्रीका संयुक्त सैन्य अभ्यास 'AFINDEX-2023'

- भारत और अफ्रीका के 23 देशों का फील्ड प्रशिक्षण अभ्यास 'AFINDEX 2023' का दूसरा संस्करण 16-29 मार्च, 2023 को पुणे स्थित औंध में विदेशी प्रशिक्षण कोड में सम्पन्न हुआ।
- इस सैन्य अभ्यास का उद्देश्य समग्र सैन्य सहयोग का विस्तार करना है।
- इस अभ्यास में बोत्सवाना, कैमरून, मिस्र, इक्वेटोरियल गिनी, इस्वातिनी, इथियोपिया, घाना, केन्या, लेसोथो, मलावी, मोरक्को, नाइजर, नाइजीरिया, कांगो गणराज्य, रवांडा, सेशेल्स, सेनेगल, सूडान, दक्षिण अफ्रीका से 124 प्रतिभागियों तथा तंजानिया, युगांडा, जाम्बिया, जिम्बाब्वे ने इस अनूठे क्षेत्र प्रशिक्षण अभ्यास में भाग लिया।

## सैन्याभ्यास सी-ड्रेगन-23

- भारतीय नौसेना का P8I विमान 14 मार्च, 2023 को अमेरिका के ग्वान में 'सी-ड्रैगन-23' अभ्यास में शामिल हुआ। यह अभ्यास 30 मार्च, 2023 तक चला।
- 'सी-ड्रैगन' संयुक्त राज्य अमेरिका की नौसेना द्वारा आयोजित एक बहुराष्ट्रीय एंटी-सबमरीन वारफेयर अभ्यास (Multinational Anti-submarine Warfare—ASW) है।
- लम्बी दूरी वाले एमआर एएसडब्ल्यू (MR ASW) विमानों के लिए बहुपक्षीय एएससडब्ल्यू का तीसरा अभ्यास है।
- सैन्याभ्यास में भारतीय नौसेना के पी-8आई के साथ **अमेरिकी नौसेना** का P8A, **जापानी समुद्री आत्मरक्षा बल** का P1, **कनाडा की शाही वायुसेना** की CP 140 और **कोरिया गणराज्य की नौसेना** के P3C विमान ने भाग लिया।
- सैन्याभ्यास का उद्देश्य मित्र नौसेनाओं के बीच बेहतर समन्वय और तालमेल बैठाना, जो उनके साझा मूल्यों तथा मुक्त व समावेशी हिंद-प्रशांत के लिए संकल्प पर आधारित है।

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

## एशिया का सबसे बड़ा लिक्विड मिरर टेलीस्कोप देवस्थल में

- उत्तराखण्ड के नैनीताल स्थित आर्यभट्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ ऑब्जरवेशनल साइंसेस (ARIES) में एशिया का सबसे बड़ा इंटरनेशनल लिक्विड मिरर टेलिस्कोप (ILMT) स्थापित किया गया है।
- इसका उद्‌घाटन 21 मार्च, 2023 को उत्तराखण्ड के राज्यपाल रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने किया।
- चार मीटर व्यास का यह टेलीस्कोप नैनीताल ज़िले में देवस्थल स्थित वेधशाला परिसर में 2,450 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है।
- यह टेलीस्कोप भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के अन्तर्गत स्वायत्त संस्थान, एआरईईएस द्वारा स्थापित किया गया है।
- 'आईएलएमटी' पहला ऐसा तरल दर्पण टेलीस्कोप है जिसे विशेष रूप से खगोलीय अवलोकन के लिए डिजाइन किया गया है। इससे सुपरनोवा, गुरुत्वाकर्षण लेंस, अंतरिक्ष मलबे और क्षुद्रग्रहों जैसी क्षणिक या परिवर्तनीय आकाशीय वस्तुओं का पता लगाने में सहायता मिलती है।

# पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

## थानथाई पेरियार वन्यजीव अभयारण्य

- 'थानथाई पेरियार वन्यजीव अभयारण्य' (Thanthai Periyar Wildlife Sanctuary) तमिलनाडु का 18वाँ वन्यजीव अभयारण्य होगा, जिसे **इरोड वन खण्ड** में स्थापित किया जाएगा।
- इस अभयारण्य की घोषणा तमिलनाडु के वर्ष 2023-24 के बजट में 20 मार्च, 2023 को की गई।
- **विस्तार**- इरोड जिले के अंथियुर और गोबिचेट्टीपलयम तालुकों के वन क्षेत्रों में 80,567 हेक्टेयर में फैले इस अभयारण्य में अंथियूर, बारगुर, थट्टाकरई और चेन्नमपट्टी में आरक्षित वन क्षेत्र शामिल होंगे।
- यह अभयारण्य स्तनधारियों की 21 प्रजातियों, पक्षियों की 136 प्रजातियों और तितलियों की 118 प्रजातियों का घर है।

# विविध

## विश्व पुस्तक मेला

- 31वें विश्व पुस्तक मेले का आयोजन 25 फरवरी से 5 मार्च, 2023 को नई दिल्ली के प्रगति मैदान में किया गया।
- इस वर्ष के विश्व पुस्तक मेले की थीम 'आजादी का अमृत महोत्सव' थी।
- अतिथि देश के रूप में फ्रांस इस मेले में शामिल था।
- इस मेले का आयोजन 'भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन (ITBP)' के सहयोग से शिक्षा मंत्रालय के अधीनस्थ भारत सरकार के एक स्वायत्त संगठन 'नेशनल बुक ट्रस्ट (NBT)' द्वारा किया गया।

**Know The Facts :** नेशनल बुक ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रो. गोविन्द प्रसाद शर्मा और निदेशक युवराज मलिक हैं।

**पृष्ठ 26 का शेष ..............................................................**

  ✓ *इस अकादमी के भवन का निर्माण आरएसआरडीसी के माध्यम से कराया जा रहा है*
- इस अकादमी में प्रतिवर्ष कक्षा-11 एवं कक्षा-12 के 50-50 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा।
- उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने बजट 2023-24 में सभी सम्भागों में महाराव शेखाजी आर्म्ड फोर्सेज ट्रेनिंग एकेडमी, सीकर और सर्विस प्रीपरेटरी इंस्टीट्यूट, औरंगाबाद की तर्ज पर ऐसे डिफेंस सर्विसेज प्रीपरेटरी इंस्टीट्यूट की स्थापना की घोषणा की है।

## राजस्थान को पर्यटन क्षेत्र में पुरस्कार

- राजस्थान को पर्यटन क्षेत्र की उपलब्धियों और पर्यटकों को लुभाने के आकर्षणों के लिए द इकोनॉमिक टाइम्स के 'ट्रैवल एण्ड टूरिज्म एनुअल कान्फ्रेंस एण्ड अवॉर्ड्स' में मार्च 2023 में पुरस्कृत किया गया है।
- **पुरस्कार की श्रेणी**- राजस्थान को ये पुरस्कार 'मेलों और त्योहारों' और 'प्रचार फिल्म पर्यटन' की श्रेणियों में अव्वल स्थान पर रहने के लिए दिया गया है।
- उक्त पुरस्कार राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के गुड़गाँव में आयोजित पुरस्कार समारोह में प्रदान किए गए।

## राजस्थान मिलेट्स कॉन्क्लेव

- **आयोजन :** 13-14 मार्च, 2023
- **आयोजक :** कृषि प्रबंधन संस्थान, दुगार्पुरा
- **राज किसान सुविधा एप :** कॉन्क्लेव के दौरान इस एप का विमोचन मुख्यमंत्री द्वारा 13 मार्च, 2023 को किया गया।
  - ✓ *इसे कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं कृषि विपणन से सम्बन्धित समस्त योजनाओं की सम्पूर्ण ऑनलाइन जानकारी के लिए विकसित किया गया है।*
  - ✓ *इस एप के माध्यम से कृषक विभागीय योजनाओं में आवेदन एवं आवेदन की प्रकृति की अद्यतन जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।*
- **इनिशिएटिव एप**- अन्तर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष-2023 के अन्तर्गत आयोजित इस कॉन्क्लेव में कृषि विपणन राज्यमंत्री मुरारी लाल मीणा ने 'इनिशिएटिव एप' का विमोचन किया।

**न्यूज फैक्ट**

- बाड़मेर के गुढामलानी में क्षेत्रीय बाजरा अनुसंधान स्टेशन की स्थापना के लिए राज्य सरकार ने 40 हैक्टेयर भूमि आवंटित किए जाने का निर्णय लिया है।

- प्रसिद्ध उद्योगपति, जिन्हें मार्च 2023 में यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास एट डेलास (यूटीडी) ने लाइफटाइम एचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया है? **नवीन जिन्दल को**
- स्पाइसजेट के प्रबन्ध निदेशक एवं चेयरमैन, जिन्हें मार्च 2023 में भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग संघ (एसोचैम) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है? **अजय सिंह**
- भगवान बसवेश्वर और नाडाप्रभु केंपगौडा का सम्बन्ध किस राज्य से है, जहाँ हाल ही में केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इनकी मूर्तियों का अनावरण किया है? **कर्नाटक**
- मार्च 2023 में ब्रिक्स देशों (ब्राजील, भारत, रूस चीन और दक्षिण अफ्रीका) द्वारा स्थापित संस्थान 'न्यू डवलपमेंट बैंक' की नई अध्यक्ष के रूप किसे नियुक्त किया गया है? **डिल्मा रूसेफ (पूर्व ब्राजीली राष्ट्रपति)**
- वायकॉम-18 ने डिजिटल स्पोर्ट्स देखने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु किसे अपना ब्रांड एंबेसडर मार्च 2023 में नियुक्त किया है? **महेन्द्र सिंह धोनी**
- चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने हाल ही में अपने तीसरे कार्यकाल की शुरुआत की, वह पहली बार चीन के राष्ट्रपति कब बने? **वर्ष 2013**
- मार्च 2023 में किस देश में स्थित केरमाडेक द्वीप समूह पर भयंकर भूकंप (रिएक्टर स्केल की भूकम्प की तीव्रता 7.1) आया? **न्यूजीलैण्ड**
- उत्तर प्रदेश के किस जिले में 'मोटा अनाज महोत्सव' 3-4 मार्च, 2023 को आयोजित किया गया? **आगरा**
- शंघाई सहयोग संगठन (SCO) सदस्य देशों के सर्वोच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों/अध्यक्षों की 18वीं बैठक 10-12 मार्च, 2023 को कहाँ सम्पन्न हुई? **नई दिल्ली**
- वह महिला सैन्याधिकारी जो पूर्वी लद्दाख के दूरस्थ स्थान पर एक स्वतंत्र फील्ड वर्कशॉप की कमान सँभालने वाली पहली महिला अधिकारी बन गई हैं– **कर्नल गीता राणा**
- भारत का पहला राष्ट्रीय ग्रीन पोर्ट एण्ड शिपिंग उत्कृष्टता केन्द्र कहाँ स्थापित किया गया है? **गुरुग्राम (हरियाणा)**
- विश्व तपेदिक दिवस (24 मार्च, 2023) पर स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और स्टॉप टीबी पार्टनरशिप द्वारा वन वर्ल्ड टीबी समिट का आयोजन कहाँ किया गया? **वाराणसी (उत्तर प्रदेश)**
- भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने मार्च 2023 में 'ग्रीनफील्ड डाटा सेंटर' और 'एंटरप्राइज कम्प्यूटिंग एण्ड साइबर सिक्योरिटी ट्रेनिंग इंस्टीट्यूटस की स्थापना के लिए आधारशिला कहाँ रखी? **भुवनेश्वर**
- ऑस्ट्रेलिया-भारत सम्बन्धों विशेष रूप से व्यापार, निवेश और परोपकार के लिए विशिष्ट सेवा हेतु 'ऑर्डर ऑफ ऑस्ट्रेलिया' में मानद अधिकारी मार्च 2023 में किसे नियुक्त किया गया? **रतन टाटा**
- 7-11 मार्च, 2023 को मनाए गए याओशांग (Yaoshang) महोत्सव का सम्बन्ध देश के किस राज्य से है? **मणिपुर**
- इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गेनाइजेशन (ITPO) द्वारा एशिया के सबसे बड़े अन्तर्राष्ट्रीय खाद्य और आतिथ्य मेले का आयोजन 14-18 मार्च, 2023 को कहाँ किया गया? **प्रगति मैदान, नई दिल्ली**
- भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग (DARPG) द्वारा मध्य प्रदेश सरकार के सहयोग से 6-7 मार्च, 2023 को 'सुशासन प्रथाओं' पर दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन कहाँ पर किया गया? **भोपाल**
- 'इंडियाज वैक्सीन ग्रोथ स्टोरी : फ्रॉम काउपॉक्स टू वैक्सीन मैत्री' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं? **सज्जन सिंह यादव**
- मार्च 2023 में किस देश की संसद ने उसे नाटो में शामिल होने की अनुमति देने वाले कानून को अपनी मंजूरी दी है? **फिनलैण्ड**
- मार्च 2023 में घोषित 'मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना' का सम्बन्ध किस राज्य से है? **छत्तीसगढ़**
- मार्च 2023 में सेमी हाईस्पीड 'वंदे भारत एक्सप्रेस' ट्रेन का संचालन करने वाली देश की पहली महिला कौन बनीं है (वह एशिया की पहली महिला लोको पायलट भी हैं)? **सुरेखा यादव**
- राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् (एनसीईआरटी) ने 3 मार्च, 2023 को किस संस्था के साथ स्कूली बच्चों और शिक्षकों के बीच मूल्य आधारित खेल शिक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से एक समझौता किया है? **राष्ट्रीय डोपिंग-रोधी एजेंसी (नाडा)**
- श्रीश्री रविशंकर द्वारा स्थापित गैर-लाभकारी और मानवतावादी संस्थान 'आर्ट ऑफ लिविंग' द्वारा 29 सितम्बर से 1 अक्टूबर, 2023 तक चौथा विश्व संस्कृति महोत्सव कहाँ आयोजित किया जाएगा? **वाशिंगटन डी.सी.**
- नगालैण्ड में नवनिर्वाचित विधायक सलहूतुनू क्रुसे ने राज्य में पहली महिला मंत्री बनने का गौरव हासिल किया है, वह किस विधानसभा सीट से विधायक हैं? **पश्चिमी अंगामी**

# नवीनतम वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. अफ्रीका- भारत का संयुक्त सैन्य अभ्यास प्रक्षेत्र प्रशिक्षण अभ्यास (एफइंडेक्स-23) के दूसरे संस्करण का आयोजन 16-29 मार्च, 2023 को कहाँ किया गया?
(A) पुणे (B) बेंगलुरू
(C) रतलाम (D) तिरुवनंतपुरम

2. जी-20 मुख्य विज्ञान सलाहकार गोलमेज सम्मेलन (जी-20 सीएसएआर) की पहली बैठक का आयोजन 28-30 मार्च, 2023 को कहाँ किया गया ?
(A) उदयपुर, राजस्थान (B) रामनगर, उत्तराखण्ड
(C) लखनऊ, उत्तर प्रदेश (D) मैसूर, कर्नाटक

3. 'ट्रायलोजी- अनफिनिस्ड मेमॉयर्स, द प्रिजन डायरीज और द न्यू चाइना 1952' किसकी रचना है, जिसके लिए 'फाउण्डेशन ऑफ सार्क राइटर्स एंड लिटरेचर' ने उन्हें विशेष साहित्यिक पुरस्कार से 26 मार्च, 2023 को सम्मानित किया?
(A) सुल्तान काबूस बिन सईद
(B) सलमान बिन अब्दुल अजीज
(C) बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान
(D) आंग सान सू की

4. 'अरावली ग्रीन वाल परियोजना' में निम्न में से कौनसे राज्य शामिल हैं, जिसका शुभारम्भ केन्द्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव द्वारा 25 मार्च, 2023 को किया गया?
(A) राजस्थान, उत्तराखण्ड, गुजरात और दिल्ली
(B) हरियाणा, राजस्थान, गुजरात और दिल्ली
(C) राजस्थान, गुजरात, और मध्य प्रदेश
(D) पंजाब, राजस्थान, गुजरात और उत्तर प्रदेश

5. 2023 आईबीए महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में लवलीना बोरगोहेन ने किस भार वर्ग में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता है?
(A) वेल्टरवेट (B) फ्लाईवेट
(C) मिडिलवेट (D) बैंथमवेट

6. किस भारतीय-अमेरिकी महिला न्यायाधीश को मैसाचुसेट (अमेरिका) की एक जिला अदालत की पहली महिला न्यायाधीश नामित किया गया है?
(A) तेजल मेहता (B) अश्विनी देशपांडे
(C) रश्मि पंडित (D) मोनिका अरोड़ा

7. नेपाल के किस मधेसी नेता ने देश के तीसरे उपराष्ट्रपति के रूप में 20 मार्च, 2023 को शपथ ली है?
(A) देवराज घिमिरे (B) रामसहाय प्रसाद यादव
(C) राम चन्द्र पौडेल (D) नंद बहादुर पुन

8. विश्व का सबसे लम्बा रेलवे प्लेटफॉर्म (सिद्धारुढ़ स्वामी जी हुबली रेलवे स्टेशन) किस राज्य में है, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री द्वारा 12 मार्च, 2023 को किया गया?
(A) बांकुड़ा, पश्चिम बंगाल (B) कोल्लम, केरल
(C) धारवाड़, कर्नाटक (D) नलगोंडा, तेलंगाना

9. विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा बेंगलुरू (भारत) को किस क्षेत्र में 'स्वस्थ शहरों के लिए साझेदारी पुरस्कार-2023'(Partnership for Healthy Cities award) 15 मार्च, 2023 को प्रदान किया गया है?
(A) क्षयरोग जनजागरूकता अभियान
(B) जैविक कृषि प्रोत्साहन अभियान
(C) तम्बाकू नियंत्रण अभियान
(D) ओजोन संरक्षण कार्यक्रम

10. एस.एस. दुबे ने महालेखा नियंत्रक (सीजीए) का कार्यभार 6 मार्च, 2023 को ग्रहण किया है। वह वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के कौनसे महालेखा नियंत्रक हैं ?
(A) 28वें (B) 29वें
(C) 30वें (D) 31वें

11. केके बिरला फाउण्डेशन द्वारा डॉ. ज्ञान चतुर्वेदी को उनकी किस कृति के लिए वर्ष 2022 का 'व्यास सम्मान' प्रदान किए जाने की घोषणा मार्च 2023 में की गई?
(A) महाबली (B) पागलखाना
(C) बारामासी (D) नरक यात्रा

12. सर्वोच्च न्यायालय ने अडानी-हिंडनबर्ग केस में जाँच के लिए किस सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में 2 मार्च, 2023 को एक समिति का गठन किया है?
(A) जस्टिस जे.पी. महापात्र (B) जस्टिस नंदन नीलेकणि
(C) जस्टिस सोमशेखर सुंदरेसन (D) जस्टिस अभय मनोहर सप्रे

13. महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल), 2023 का पहला खिताब किस टीम ने जीता है?
(A) दिल्ली कैपिटल्स (B) मुम्बई इंडियंस
(C) गुजरात जाएंट्स (D) यूपी वारियर्स

14. 4 मार्च, 2023 को लॉन्च किए गए 'जल शक्ति अभियानः कैच द रेन 2023' की थीम क्या है ?
(A) स्वच्छ जल सहज जीवन
(B) एसडीजी 2030 : भारत में सभी को सुलभ जल
(C) पानी के स्रोतों का सतत् संरक्षण
(D) पीने के पानी के लिए स्रोत की स्थिरता

15. भारतीय थल सेना और फ्रांसीसी सेना के बीच पहला संयुक्त सैन्य अभ्यास 'फ्रिंजेक्स-23' का आयोजन 7-8 मार्च, 2023 को कहाँ किया गया?
(A) जैसलमेर, राजस्थान (B) गंजाम, ओडिशा
(C) तिरुवनंतपुरम, केरल (D) एलूरू, आन्ध्र प्रदेश

**उत्तरमाला**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. (A) | 2. (B) | 3. (C) | 4. (B) | 5. (C) | 6. (A) |
| 7. (B) | 8. (C) | 9. (C) | 10. (A) | 11. (B) | 12. (D) |
| 13. (B) | 14. (D) | 15. (C) | | | |